माघ मास, कृष्ण पक्ष 6, वर्ष 11, अंक 263, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

प्रयागराज, गुरुवार, 12 जनवरी, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित



अंदर - विवेकानन्द का शिक्षा-चिन्तन

अन्दर : पृथ्वी शॉ ने रणजी में जड़ा पहला तिहरा शतक, तोड़ा संजय मांजरेकर का रिकॉर्ड



नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# मोदी मंत्रिमंडल में फेरबदल इसी महीने संभव

## भूपेंद्र यादव, धर्मेंद्र प्रधान और अनुराग ठाकुर को मिल सकती है नई जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के मंत्रालयों में इन दिनों बेचैनी है। पार्टी मुख्यालय से पीएमओ तक उच्च स्तरीय बैठकों की गहमागहमी मोदी कैबिनेट में बड़े फेरबदल का संकेत दे रही है। सरकार और पार्टी सूत्रों का कहना है कि यह मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम पुनर्गठन होगा।

यही टीम इस साल 10 राज्यों के विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी का मोर्चा संभालेगी। इसको देखते हुए माना जा रहा है कि केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, धर्मेंद्र प्रधान और अनुराग ठाकुर को नई और अहम जिम्मेदारी मिल सकती है। इसी तरह गुजरात चुनाव के रणनीतिकार माने जाने वाले सीआर पाटिल को दिल्ली में अहम भूमिका में लाया जा सकता है।

सूत्रों के मुताबिक अभी तक ये तय नहीं है कि उन्हें संगठन में महत्वपूर्ण पद मिलेगा या कैबिनेट मंत्री बनाए जाएंगे। वहीं, केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह के लिए भी नई जगह तलाशी जा रही है। कौन हटेगा, कौन शामिल होगा, इस मुद्दे पर पार्टी में खामोशी है। हर किसी का यही कहना है कि इस बारे में सिर्फ एक शख्स (पीएम मोदी) को ही पता है। आम चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा 20 जनवरी से उन 436 लोकसभा सीटों पर केंद्रीय मंत्रियों की तैनाती करेगी, जहां वह पिछला चुनाव लड़ी थी। मंत्री वहां रोटेशन आधार पर तीन दिन रुकेंगे और केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा करेंगे। सूत्रों का कहना है कि हर मंत्री के जिम्मे 7-8 सीटें होंगी। उन्हें केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और उसके असर की जानकारी जुटाकर रिपोर्ट बनानी होगी।

जानकारी जुटाने के बाद लोकसभा सीट के लिए एक ट्विटर हैंडल बनाकर उससे कम से कम 50 हजार फॉलोअर्स जोड़े जाएंगे। सोशल मीडिया के जरिए युवाओं, धार्मिक गुरुओं और समुदायों से संवाद स्थापित किया जाएगा।

इस साल कर्नाटक, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मेघालय, नगालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा में चुनाव हैं। जम्मू-कश्मीर में भी उम्मीद है। पार्टी के सामने इनमें से 6 राज्यों में सरकार बचाने की चुनौती है। ऐसे में मंत्रिमंडल में वहां के नेताओं को प्रतिनिधित्व देने पर जोर रहेगा।

सरकार की ओर से साफ संकेत हैं कि नॉन परफॉर्मिंग मंत्रियों को ड्रीम टीम में स्थान नहीं मिलेगा। एक पूर्व मंत्री ने इशारा किया कि गुजरात चुनाव से पहले वहां पूरी टीम को झकझोरा गया था, जिसके अच्छे नतीजे दिखाई दिए। इसलिए समझा जा रहा है कि इस बार भी बड़े बदलाव किए जा सकते हैं। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 16-17 जनवरी को है। 23 जनवरी को नड्?डा कार्यकाल पूरा कर रहे हैं। बजट सत्र 31 जनवरी से है। ऐसे में नई टीम 18 से 25 जनवरी के बीच बन सकती है।

**उम्मीद**

**20 जनवरी से 436 सीटों पर 3 दिन रहेंगे केंद्रीय मंत्री**

**2023 के 10 विधानसभा चुनाव 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी**



# राजस्थान की ब्यूरोक्रेसी में मचा जमकर बवाल

**जयपुर।** राजस्थान के आईएएस अफसर पवन अरोड़ा पर आरएएस पूजा मीणा ने सेक्स स्कैंडल चलाने का आरोप लगाया है। इसके बाद से प्रशासनिक हलके में बवाल मचा हुआ है। झालावाड़ नगर परिषद की आयुक्त पूजा मीणा का आरोप है कि मंत्री शांति धारीवाल पूर्व डीएलबी डायरेक्टर पवन अरोड़ा को संरक्षण दे रहे हैं। राजस्थान सरकार के मंत्री शांति धारीवाल ठीक आदमी नहीं हैं, उन्होंने आईएएस पवन अरोड़ा को संरक्षण दे रखा है। उन्होंने कहा कि इसी पवन अरोड़ा की वजह से मुझे लगातार परेशान किया जा रहा है। पूजा ने आरोप लगाया है कि हर बार मेरी पोस्टिंग होने के बाद मुझे टारगेट करके परेशान किया जाता है। जानकारी के अनुसार आरएएस पूजा मीणा को 16 दिन पहले राज्य सरकार ने झालावाड़ नगर परिषद का आयुक्त बनाया गया था। 16 दिन काम करने के बाद सरकार ने अचानक पूजा मीणा का नागौर तबादला कर दिया। इतना ही नहीं उन्हें शाम होते-होते एपीओ कर दिया गया। इसके बाद से पूजा मीणा ने खुलकर आईएएस पवन अरोड़ा पर हमला बोला है। मीडिया के सामने उन्होंने मंत्री शांति धारीवाल, आईएएस पवन अरोड़ा और आरएएस हृदेश कुमार शर्मा को कटघरे में खड़ा कर दिया। महिला अधिकारी का आरोप है कि उन्हें मंत्री धारीवाल, आईएएस अधिकारी पवन अरोड़ा के कहने पर जानबूझकर परेशान कर रहे हैं।

**हड़कंप**

**महिला अफसर ने आईएएस पर लगाया सेक्स स्कैंडल चलाने का आरोप**






# दिल्ली हाई कोर्ट का बड़ा फैसला




**नई दिल्ली।** केंद्रीय अर्धसैनिक बलो में पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है। श्रीनिवास शर्मा बनाम भारत सरकार केस में अदालत ने केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को 'भारत संघ के सशस्त्र बल' माना है। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में एनपीएस को स्ट्राइक डाउन करने की बात कही गई है। इन बलों में चाहे कोई आज भर्ती हुआ हो, पहले कभी भर्ती हुआ हो या आने वाले समय में भर्ती होगा, सभी जवान और अधिकारी, पुरानी पेंशन के दायरे में आएंगे।

केंद्र सरकार, कई मामलों में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को सशस्त्र बल मानने को तैयार नहीं थी। पुरानी पेंशन का मुद्दा भी इसी चक्कर में फंसा हुआ था। पहली जनवरी 2004 के बाद केंद्र सरकार की नौकरियों में भर्ती हुए सभी कर्मियों को पुरानी पेंशन के दायरे से बाहर कर दिया गया था। उन्हें एनपीएस में शामिल कर दिया गया। सीएपीएफ को भी सिविल कर्मचारियों के साथ पुरानी पेंशन से बाहर कर दिया। उस वक्त सरकार का मानना था कि देश में सेना, नेवी और वायु सेना ही सशस्त्र बल हैं।

बीएसएफ एक्ट 1968 में कहा गया है कि इस बल का गठन भारत संघ के सशस्त्र बल के रूप में किया गया था। इसी तरह सीएपीएफ के बाकी बलों का गठन भी भारत संघ के सशस्त्र बलों के रूप में हुआ है। कोर्ट ने माना है कि सीएपीएफ भी भारत के सशस्त्र बलों में शामिल हैं। इस लिहाज से उन पर भी एनपीएस लागू नहीं होता। सीएपीएफ में कोई व्यक्ति चाहे आज भर्ती हुआ हो, पहले हुआ हो या भविष्य में हो, वह पुरानी पेंशन का पात्र रहेगा। पुरानी पेंशन योजना को लेकर 'स्टाफ साइड' की राष्ट्रीय परिषद (जेसीएम) के सचिव शिव गोपाल मिश्रा की अध्यक्षता में सात जनवरी को नई दिल्ली में हुई एक बैठक में ओपीएस बहाली की मांग को लेकर कई बड़े फैसले लिए गए हैं।

इस बैठक में कॉन्फेडरेशन ऑफ एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेस मार्टियर्स वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव रणबीर सिंह भी शामिल हुए। बैठक में तय हुआ है कि पुरानी पेंशन के मुद्दे पर जो आंदोलन होगा, वह केवल दिल्ली में नहीं, बल्कि राज्यों की राजधानियों और जिला स्तर तक किया जाएगा। 21 जनवरी को नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्सन (एनजेसीए) की नेशनल कन्वेंशन की बैठक होगी।

**राहत**

**सीएपीएफ को मिलेगी पुरानी पेंशन, अदालत ने कहा- ये हैं भारत के सशस्त्र बल**

## यूपी से 31 हजार को मिलेगा हज यात्रा का मौका



**कमेटी के अध्यक्ष ने कैबिनेट मंत्री का जताया आभार**

**लखनऊ।** यूपी हज कमेटी के अध्यक्ष मोहसिन रजा ने कहा कि इस वर्ष यूपी से 31 हजार लोगों को हज यात्रा पर जाने का मौका मिलेगा। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अल्पसंख्यक मामलों की केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के प्रति आभार जताया है। बीते साल मात्र 7528 लोग ही हज पर भेजे जा सके थे। कोरोना काल में तमाम तरह की पाबंदियां हटने के बाद सऊदी अरब सरकार ने इस बार हज सीटों का सामान्य कोटा जारी कर दिया है। वर्ष 2019 की तरह इस बार भी सऊदी सरकार ने भारत के लिये 1,75,025 हज सीटों का कोटा जारी किया है। सीटों के कोटे को निजी ऑपरेटरों और देश भर की हज कमेटियों को बांटा जाएगा। बीते सालों की तरह इस बार भी उत्तर प्रदेश को अन्य हज कमेटियों से अधिक सीटें मिलने की उम्मीद है। सीटों के बंटवारे के हिसाब से प्रदेश से इस साल करीब 31 हजार लोग हज पर जा सकते हैं।

## अभी नहीं मिलेगी ठंड से राहत!

**लखनऊ।** उत्तर भारत में ठंड का असर लगातार बढ़ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, अभी ठंड से राहत मिलने की कोई संभावना नहीं दिखाई दे रही है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में आने वाले तीन दिन तक बर्फबारी जारी रहेगी। इसके अलावा मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक, 12 जनवरी को दिल्ली में बारिश की हल्की बौछारें पड़ने की संभावना है। पहाड़ों में बर्फबारी के रहते दिल्ली में सर्दी से राहत मिलने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, 11 से 14 जनवरी तक पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में भी हल्की बारिश की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुमान के अनुसार, हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति और किन्नौर के कुछ इलाकों में बर्फबारी 3 दिनों तक जारी रहेगी। ऊपरी इलाकों में मध्यम बर्फबारी जबकि अन्य क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश / बर्फबारी होने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में हल्की बारिश होगी और बर्फबारी की संभावना कम है। भारत मौसम विभाग के मुताबिक अंबाला, हिसार, बहराइच और गया जैसे शहरों में भी घने कोहरे की स्थिति देखी जा रही है।

**बारिश और बर्फबारी बढ़ाएंगे आफत**

उत्तर प्रदेश के लखनऊ में विजिबिलिटी 100 दर्ज की गई है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि गुरुवार से पुणे, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में ठंड बढ़ेगी। मौसम विभाग के मुताबिक पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली में 15 और 16 जनवरी को शीतलहर की संभावना है। साथ ही बिहार और उत्तरप्रदेश के कुछ हिस्सों में ठंड के बढ़ने की संभावना है। उत्तराखंड में रात और सुबह के समय अलग-अलग इलाकों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। 11 और 12 जनवरी को उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों ठंड का असर बहुत ज्यादा रहने की संभावना है।

# यूपी मंत्रिमंडल में फेरबदल पर बड़ा फैसला

## 30 जनवरी से पहले पहले यूपी बीजेपी के संगठन में बड़ा बदलाव

लखनऊ। यूपी मंत्रिमंडल विस्तार और फेरबदल पर सबसे पुख्ता जानकारी सामने आई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, फिलहाल यूपी में अगले 6 महीने तक कोई भी फेरबदल और विस्तार नहीं होगा। नगर निकाय चुनाव के बाद ही मंत्रिमंडल फेरबदल और विस्तार पर चर्चा आगे बढ़ सकती है।अभी सरकार के एक साल पूरे न होने की वजह से मंत्रिमंडल में बदलाव नहीं होगा।

हालांकि 30 जनवरी से पहले पहले यूपी बीजेपी के संगठन में बड़ा बदलाव होगा। कई मोर्चा के अध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्यक्ष जिला अध्यक्ष भी बदले जाएंगे। कई पदाधिकारियों को भी बदला जाएगा। मंडल अध्यक्षों को भी बदला जाएगा। सभी की सूची संगठन में तैयार हो गई है। पहले भी ऐसी खबरें थीं कि जिन मंत्रियों के पास संगठन की भी जिम्मेदारी है, उन्हें महत्वपूर्ण सांगठनिक पदों से मुक्त किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि योगी आदित्यनाथ ने दूसरी बार 25 मार्च को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। इसमें 50 से ज्यादा कैबिनेट और राज्य मंत्रियों को शपथ दिलाई गई थी। अपना दल, निषाद पार्टी को भी योगी 2.0 की कैबिनेट में जगह मिली थी। हालांकि बीजेपी के तमाम ऐसे नेता भी थी, जिन्हें कैबिनेट में जगह मिलने की आस थी, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया।

उत्तर प्रदेश में बीजेपी को अगले एक डेढ़ साल में कई बड़े इम्तेहानों से गुजरना है। अप्रैल -मई में संभावित नगर निकाय चुनाव इस चुनावी परीक्षा की पहली कड़ी होगी। इसके बाद मिशन 2024 के तहत लोकसभा चुनाव की तैयारियों में भी पार्टी जुट गई है। मिशन 80 के तहत यूपी में हर सांसद का रिपोर्ट कार्ड भी तैयार किया जा रहा है। बीजेपी के बड़े नेता मकर संक्रांति के बाद राज्य का दौरा कर सकते हैं। इन दिग्गज नेताओं में गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल हैं।

**तैयारी**

**कई मोर्चे के अध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्यक्ष जिला अध्यक्ष व कई पदाधिकारी भी बदले जाएंगे**

**सभी की सूची संगठन में हो गई है तैयार, बीजेपी को अगले एक डेढ़ साल में कई बड़े इम्तेहानों से गुजरना होगा**

**अप्रैल -मई में संभावित नगर निकाय चुनाव इस चुनावी परीक्षा की पहली कड़ी होगी**



# बिहार में पुलिस पर हमला, 16 गाड़ियां फूंकीं

**बक्सर।** बिहार के बक्सर जिले में थर्मल पावर प्लांट के लिए जमीन अधिग्रहण के मुआवजे पर किसानों का प्रदर्शन उग्र हो गया। ग्रामीण बुधवार सुबह लाठी-डंडे लेकर पुलिस और पावर प्लांट पर टूट पड़े। पुलिस की गाड़ियों में तोड़फोड़ कर उनमें आग लगा दी। पूरे मामले को लेकर पुलिस मुख्यालय ने कहा है कि उत्तेजित भीड़ ने पुलिस के 2 वाहनों, कंपनी के जेसीबी सहित 16 वाहनों में आग लगाकर क्षतिग्रस्त कर दिया है। भीड़ के हमले में गृहरक्षकों सहित 10 पुलिसकर्मी जख्मी हो गए हैं।पुलिस ने हवाई फायरिंग करके भीड़ को खदेड़ने की कोशिश की। दोनों तरफ से बीच-बीच में पत्थरबाजी भी हुई। इसमें चार पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

किसान 85 दिन से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। किसानों ने मंगलवार को प्लांट के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया और धरने पर बैठ गए। उस समय पुलिस ने कुछ नहीं किया, लेकिन रात को पुलिस ने बनारपुर गांव में घुसकर मारपीट की। चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। वहां मौजूद एक शख्स ने घटना का वीडियो बना लिया। पुलिस की ज्यादती के विरोध में बुधवार सुबह लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर प्लांट पर पहुंच गए और हमला कर दिया।

मौके पर कई तरह की फोर्स के अलावा जिले के थानों की फोर्स पहुंच गई है। इस मामले में अधिकारी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। भीड़ ने पुलिस की दो वज्र वाहन, तीन बाइक, कंपनी की तीन बसें, 3 अग्निशमन वाहन, एंबुलेंस और क्रेन में आग लगा दी। बक्सर के मुफस्सिल थाने के चौसा में बनारपुर गांव के पास थर्मल पावर प्लांट लग रहा है। किसानों की जमीन अधिग्रहण की जा रही है, इसका विरोध ग्रामीण कर रहे हैं। मंगलवार रात 11:30 में गांव में पुलिस पहुंची। घर में सो रहे किसानों के दरवाजे को जोर-जोर से पीटने लगी। कुछ किसानों ने तो अपना दरवाजा ही नहीं खोला, लेकिन जिन किसानों ने अपना दरवाजा खोला, उन पर पुलिस टूट पड़ी। ग्रामीणों का आरोप है कि इस दौरान महिलाओं और बच्चों को भी पुलिस ने नहीं छोड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस नरेंद्र तिवारी के साथ चार लोगों को गिरफ्तार कर के ले गई है। जिला भू-अर्जन कार्यालय के अनुसार चौसा क्षेत्र के चौदह गांवों के मौजे के 137.0077 एकड़ जमीन पर रेल कॉरिडोर बनना है।

**अराजकता**

**बक्सर में पावर प्लांट का विरोध कर रहे किसानों को पीटा, तो पुलिस पर लाठी-डंडा लेकर टूट पड़े**

## आप सांसद संजय सिंह को 3 महीने की सजा

**लखनऊ।** सुल्तानपुर में दो दशक पुराने बिजली, पानी के मुद्दे पर हुए प्रदर्शन के मामले में राज्यसभा सांसद और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय सिंह समेत सपा के पूर्व विधायक अनूप संडा समेत अन्य लोगों को 3 महीने की सजा और 1500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। कोर्ट पहुंचे राज्यसभा सांसद ने बीजेपी सरकार की अव्यवस्था को आंदोलन के लिए जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि वे इस सजा के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील करेंगे। आपको बता दें कि साल 2001 में 36 घंटे बिजली पानी की समस्या को लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं मौजूदा राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने एक आंदोलन छेड़ा था, उस समय उनके साथ पूर्व सपा विधायक अनूप संडा समेत बीजेपी के पूर्व नगर अध्यक्ष सुभाष चौधरी, कांग्रेस नेता और पूर्व सभासद कमल श्रीवास्तव, कांग्रेस प्रवक्ता रहे संतोष चौधरी, बीजेपी के नामित सभासद रहे विजय सेक्रेटरी आंदोलन में शामिल रहे थे।

# लखनऊ में 76 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव पर मुहर

**लखनऊ।** यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत निवेश लाने के लिए बुधवार को लखनऊ में भव्य रोड शो का आयोजन किया गया। इसमें शामिल हुए विभिन्न राज्यों के निवेशकों ने उत्तर प्रदेश में 76867 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव रखा। इस दौरान 79 एमओयू साइन किए।

औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल ने कहा कि उद्यमियों का यूपी में निवेश पूरी तरह से सुरक्षित रहेगा। मेक इन यूपी ब्रांड पूरी दुनिया में छाएगा।

औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने रोड शो में कहा कि निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए एक कदम आगे बढ़ाएंगे तो हम चार कदम आगे बढ़ा कर उनका स्वागत करेंगे। 2017 के बाद यूपी में 1800 करोड़ रुपये का इंसेंटिव उद्यमियों को दिए जा चुका है। आज निवेश के लिए अद्भुत स्थान बन चुके उत्तर प्रदेश की चर्चा न सिर्फ भारत में, बल्कि विश्व के विभिन्न देशों में हो रही है। वर्ष 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में जहां केवल दो एयरपोर्ट संचालित थे, जहां 24 उड़ाने ही उपलब्ध थी।

वहीं, आज एयरपोर्ट की संख्या 7 पहुंच गई है। जहां से प्रति दिन 90 उड़ान हो रही है। कई एयरपोर्ट निमार्णाधीन हैं। देश का सबसे अधिक एक्सप्रेसवे वाला राज्य बन चुका है। यह सब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से संभव हुआ। कनाडा के मिनिस्टर ऑफ मेंटल हेल्थ एंड एडिक्शन मिशेल टिबोलो ने कहा कि यूपी गति से आर्थिक प्रगति की ओर अग्रसर है। यहां की कानून व्यवस्था भी सराहनीय है। रोड शो में दिल्ली, बेंगलुरू, नोएडा, मेरठ, गाजियाबाद, उड़ीसा, कानुपर, शामली, लखनऊ, छतरपुर और मुंबई से आए निवेशकों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन एमओयू पर हस्ताक्षर किया। सिटी गोल्ड कॉरपोरेशन ने उत्तर प्रदेश में सीमेंट और एथेनॉल प्रोजेक्ट स्थापित करने के लिए 26 हजार करोड़ के एमओयू साइन किए। नेक्सजेन एनर्जिया ने ग्रीन एनर्जी का सेटअप स्थापित करने के लिए 15000 करोड़ के एमओयू पर हस्ताक्षर किया।

**इन्वेस्टर्स समिट**

**कुल 79 एमओयू, दुनिया में छाएगा यूपी ब्रांड, निवेश लाने के लिए बुधवार को लखनऊ में भव्य रोड शो का हुआ आयोजन**

# शंकराचार्य के निर्देश पर पहुंची भूवैज्ञानिकों की टीम

**देहरादून।** जोशीमठ में प्राकृतिक विपदा का बड़ा खतरा मंडरा रहा है। जोशीमठ के निवासी डरे हुए हैं और घर छोड़ने को मजबूर हैं। ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज ने भूवैज्ञानिकों से अनुरोध किया है कि जोशीमठ में जल्द से जल्द भू-धंसाव का कारण पता लगाएं। वहीं ज्योतिर्मठ प्रभारी को निर्देश दिया है कि पीड़ित परिवार को भोजन उपलब्ध हो और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की व्यवस्था की जाए।

उनके कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक शंकराचार्य महाराज ने अपने सभी संचार कार्यक्रम को स्थगित करते हुए वे सड़क मार्ग से सीधे ज्योतिर्मठ पहुंचे। वहीं उन्होंने वर्तमान स्थिति से अवगत होते हुए जोशीमठ के घरों का निरीक्षण किया और लोगों की समस्याएं सुनीं। वहीं, शंकराचार्य जी ने अपने माध्यम से सरकार को जनता के लिए समुचित व्यवस्था करके लाभ पहुंचाने की अपील की।

शंकराचार्य जी पहले ही कह चुके हैं कि जोशीमठ में जल्द से जल्द भू-धसाव का कारण पता लगाया जाए। उन्हीं के कहने पर ज्योतिर्मठ प्रभारी ब्रह्मचारी मुकुंदानन्द के सहयोग से भू वैज्ञानिकों का दल जोशीमठ पहुंचा है, जिसमें प्रोफेसर डॉ. केएस राव की नेतृत्व में गठित टीम जोशीमठ पहुंच कर सभी पहलुओं से जांच कर रही हैं। यहां मुख्य रूप से जोशीमठ के पहाड़, सभी प्रभावित मकानों, एनटीपीसी हाइड्रिल पावर प्रोजेक्ट, हेलंग मारवाड़ी बाईपास की विशेष जांच की जा रही है। इस टीम में डॉ. तरूण सिंह और अंकित सिंह भी शामिल हैं। ब्रह्मचारी मुकुंदानन्द ने इस जांच के बारे में अधिक जानकारी देते हुए बताया यह रिपोर्ट दो दिन में बनकर तैयार हो जाएगी, जिसे पत्रकार वार्ता कर रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाएगा।



**मंडरा रहा खतरा**

**भूवैज्ञानिकों का दल दो दिन में बताएगा क्यों धंस रहा जोशीमठ**

**प्रभावित परिवारों को 1.5 लाख देगी धामी सरकार**

उत्तराखंड सरकार ने बुधवार को जोशीमठ के प्रभावित परिवारों को 1.5 लाख रुपये की अंतरिम राहत देने की घोषणा की है। ये राशि उन्हें दी जाएगी जिन्हें जोशीमठ में भूमि धंसने के बाद सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है। यहां जमीन धंसने के चलते कई मकानों और इमारतों को गिराने की नौबत आ गई है। प्रभावित लोग इन्हें गिराने नहीं दे रहे। उनका कहना है कि पहले उचित मुआवजा दिया जाए। इस मांग को लेकर लोगों ने धरना-प्रदर्शन भी किया। इसके बाद सरकार की ओर से अंतरिम राहत की घोषणा की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम ने कहा, ह्लप्रत्येक परिवार को 1.50 लाख रुपये की तत्काल अंतरिम सहायता दी जाएगी। असुरक्षित चिह्नित होटल की दो इमारतों के अलावा किसी अन्य इमारत को नहीं गिराया जा रहा है। अब तक 723 भवनों में दरारें देखी गई हैं। सरकार के इस कदम को लेकर पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारी सरकार स्थानीय लोगों के हितों का पूरा ध्यान रख रही है। भू-धंसाव से जो स्थानीय लोग प्रभावित हुए हैं उनको बाजार दर पर मुआवजा दिया जाएगा। बाजार की दर हितधारकों के सुझाव लेकर और जनहित में ही तय की जाएगी।

## संक्षेप

### दो माह से कस्बा चौकी प्रभारी की नही हुई तैनाती हल्कों में दरोगाओं की कमी

**मऊआइमा।** कस्बा चौकी प्रभारी का स्थानांतरण हुए दो माह गुजर गए। आज तक किसी भी प्रभारी की तैनाती न होने से विवेचना अधूरा पड़ा हुआ है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मऊआइमा कस्बा में तैनात प्रभारी का स्थानांतरण हुए लगभग दो माह हो गए हैं। परन्तु आज तक कोई प्रभारी की तैनाती न होने से कस्बे की विवेचना का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। इसी प्रकार हल्का नम्बर एक में तीन दरोगाओं की जगह एक दरोगा, हल्का नम्बर दो में तीन दरोगाओं की तैनाती है। जबकि तीन में केवल दो दरोगाओं की तैनाती है। हल्का चार में तीन के स्थान पर एक दरोगा की तैनाती है। मऊआइमा में पुलिसकर्मियों की तैनाती न होने से क्षेत्र की निगरानी का भार तैनात अन्य दरोगाओं पर पड़ रहा है।

### आज मनाई जाएगी स्वामी विवेकानंद जी की 160 वीं जयंती

**नैनी।** स्वामी विवेकानंद आश्रम चक रघुनाथ नैनी प्रयागराज में स्वामी विवेकानंद जी के जयंती पर आश्रम की ओर से अनेक कार्यक्रम होंगे। गुरुवार को प्रातः काल 8:00 बजे से शुरू होंगी भजन, प्रवचन, गीता, पाठ, पुष्पांजलि, अर्पित की जाएगी अंत में प्रसाद वितरण होगा आश्रम के अध्यक्ष स्वामी अमोहानंद महाराज कार्यक्रम को संचालित करेंगे।

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी में कैंपस सिलेक्शन

**नैनी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी के प्रांगण में कैंपस के अवसर पर कैंपस सिलेक्शन हुआ। जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनी हिन्दुस्तान यूनीलीवर लिमिटेड सुमेरपुर, ज़िला हमीरपुर उत्तर प्रदेश सम्मिलित हुई। जिसने केवल महिलाओं के लिए साक्षात्कार लिया। उपरोक्त कम्पनी में कुल 46 लड़कियों ने प्रतिभाग किया और 19 लड़कियों का सिलेक्शन साक्षात्कार के आधार पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य सुजीत कुमार श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्लेसमेंट प्रभारी अजय कुमार, सहायक प्लेसमेंट प्रभारी शहजाद अहमद खान, सुरक्षा प्रभारी मोहम्मद मुस्तफिज सिद्दीकी, कर्मचारी यूनियन अध्यक्ष नंद किशोर बिंद, अश्वनी कुमार, भूपेन्द्र कुमार यादव, पावन श्रीवास्तव के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

# दबंगों ने चौराहे पर खुलेआम लहराया असलहा, चाकू से किया जख्मी

**दबंगई**

**कस्बा के तीन बत्ती स्थित चौराहे पर बाहर से आए गुंडों की करतूत**

**लोगों को एकत्रित होता देख हुए फरार**

**मऊआइमा।** मऊआइमा कस्बा में डेढ़ दर्जन गुंडे दो कार से आए और एक युवक को फोन करके बुलाया आते ही सादे स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर करने को कहा न करने पर राइफल निकाल कर दौड़ा-दौड़ा कर पीटा तथा चाकू से हमले के दौरान बचाव पर हथेली कट गई। घटना देख लोगों के एकत्रित होने पर दबंग भाग निकले। भुक्तभोगी ने चार नामजद पन्द्रह अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया दिया है।

मऊआइमा कस्बा के आजमपुर निवासी मोहम्मद अरशद पुत्र अब्दुल मन्नान का कहना है कि उसे फोन करके एक युवक तीन बत्ती स्थित चौराहे पर लल्लू होटल की दुकान पर बुलाया गया। अरशद का आरोप है कि आते ही उसने देखा कि काली रंग की दो कारें जिस पर डेढ़ दर्ज लोग बैठे थे। उसे एक सादे स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर करने को कहे न करने पर उसे दौड़ा-दौड़ा कर पीटा और राइफल तथा चाकू निकाल लिया उसे चाकू मारने की कोशिश की गई तो वह चाकू को पकड़ लिया। जिससे उसकी हथेली कट गई। अरशद का आरोप है कि बाहरी गुंडों ने गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए और स्थानीय लोगों को एकत्रित होता देख कार पर बैठ कर भाग गए। मोहम्मद अरशद ने मऊआइमा थाने में तौफीक पुत्र शब्बीर तौकलपुर, निसार पुत्र शब्बीर, गुफरान ,अरबाज पुत्रगण इसराइल सभी निवासी गण धर्मपुर थाना मान्धाता प्रतापगढ़ तथा पन्द्रह अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

## थरवई पुलिस द्वारा नफर वारंटी गिरफ्तार

**थरवई।** बुधवार की सुबह थाना क्षेत्र थरवई के कोड़सर गांव निवासी प्रभा शंकर उर्फ राजू पुत्र स्व भोलानाथ जो धारा 323 / 325 / 506 भारतीय दंड संहिता से सम्बांधित को उसके गांव कोड़सर से ही पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस में उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार व रामेश्वर नाथ राय अमित कुमार आदि द्वारा गिरफ्तार किया गया।

## पेट मे 8 इंज का ट्यूमर फिर भी कराया सामान्य प्रसव



स्वस्थ जच्चा-बच्चा

**कोरांव।** मध्यप्रदेश रीवा जिले की निवासी संगीता कुशवाहा के पेट मे 8 इंच से बड़ा ट्यूमर और 9 माह का गर्भ था प्रसव को लेकर परिजन चिंतित थे। कई अस्पतालों में घूमने के बाद कोरांव के सुकृत अस्पताल में पहुँचे जहाँ डाक्टर आर के कुशवाहा एवम डा सोनी कुशवाहा ने मरीज को एडमिट कर लिया। बुधवार को महिला का अस्पताल में सामान्य प्रसव करा दिया गया । प्रसव के बाद मा एवम बच्ची पूर्ण रूप से स्वस्थ है। सामान्य प्रसव होने पर महिला के परिजनों ने चिकित्सकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। सुकृत अस्पताल में डॉक्टर आरके कुशवाहा की देखरेख में इसके पूर्व भी कई जटिल समस्याओं से ग्रस्त मरीजों का सफल उपचार किया गया है।

# किसान पुत्र उत्कर्ष की हत्या का एफआईआर करने में देर क्यों कर रही करछना पुलिस

**करछना।** भारतीय किसान कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवनेश उपाध्याय के इकलौते पुत्र उत्कर्ष की मौत 31 दिसंबर को गधियाव मे हुई, परिजनों ने थाना करछना को लिखित शिकायत दर्ज कराई पर दुर्भाग्य है कि एक सप्ताह के पश्चात भी न तो एफ आई आर हुआ न ही किसी प्रकार की जांच हुई।आखिर प्रशासन मौन क्यो है। जबकि स्थानीय गणमान्य नागरिक, क्षेत्रीय जनता , विधायक , सांसद, भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ, सहित तमाम लोगों ने प्रशासन से कार्यवाही करने की मांग की है।पर प्रशासन पर कोई असर नहीं। आज भारतीय किसान कल्याण संघ की एक बैठक केन्द्रीय कार्यालय प्रयागराज में की गई जिसमें सभी किसानों ने शोक सभा कर आत्मा को शांति व परिवार को दुख से उबरने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। संघ के राष्ट्रीय महासचिव संतोष त्रिपाठी संत जी ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तत्काल जांच नहीं हुई तो भारतीय किसान कल्याण संघ जिलाधिकारी को घेरने का काम करेगा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेन्द्र बहादुर सिंह जी ने भी प्रशासन के कार्यवाही न करने पर शंका जताया है संघ के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव कार्तिकेय मिश्रा जी ने कहा कि प्रशासन मौन रहकर हत्यारों का मनोबल बढ़ा रही है। शोक सभा में संघ के राष्ट्रीय संरक्षक पूर्व न्यायमूर्ति कैप्टन डी पी एन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा,शंकरगढ़ से प्रदेश कोषाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद त्रिपाठी, चन्द्र मौली त्रिपाठी, प्रदेश सचिव अमित द्विवेदी, यमुना पार प्रभारी जारी से सत्यम पांडेय,चाका ब्लाक अध्यक्ष मदन द्विवेदी, जनार्दन सिंह, सहित सभी किसानों ने तत्काल कार्यवाही न होने पर थाना व डी एम को घेरने की बात कही।वही परिवार हत्यारों को सजा देने की मांग कर रहा है।संघ के, वाराणसी, चित्रकूट प्रतापगढ़ सहित कई जिलों में शोक सभा कर किसान पुत्र उत्कर्ष की आत्मा को शांति प्रदान की गई।

## गंगा एवं टोंस नदियों से हों रहें अवैध खनन को लेकर सांसद से लगाई गुहार

**करछना।** सांसद डा0रीता बहुगुणा जोशी के यमुनापार दौरे के दौरान कार्यकताओं ने स्वागत करते हुए गंगा और टोंस के घाटों पर हो रहे अवैध खनन को लेकर गुहार लगाई।लोगों ने कहा कि बीते दिनों यह मामला उठाये जाने पर स्थानीय प्रशासन चौकन्ना जरूर हुआ किंतु अवैध खनन से जुड़े लोगों को लेकर कहीं तो ज्ञात और कहीं अज्ञात कहकर मुकदमा की खाना पूर्ती की जा रही है।जागृति मिशन के संयोजक डॉ.भगवत पांडेय ने बताया कि अवैध खनन के चलते क्षेत्र की कई सड़के टूटकर जर्जर हो चुकी है और यमुनापार प्राकृतिक संपदा का खनन माफियाओं द्वारा दोहन किया जा रहा है। मिशन ने इसके पहले भी इसे लेकर आवाज उठाई है। कार्यकर्ताओं की बात सुनने के बाद सांसद सीधे खनन अधिकारी से बात करते हुए ऐसे अवैध कार्य में लिप्त लोगों को चिंहित कर अवैध खनन पर लगाम लगाने पर जोर दिया।इस दौरान सांसद ने कई गांव का दौरा करते हुए समस्याओं से रूबरू हुई। इस मौके पर उनके साथ कई भाजपाई मौजूद रहे।

## सहकारी बैंक की योजनाओं का लाभ लें : सुनील

**करछना।** नाबार्ड के वित्तीय समायोजन और साक्षरता निधि के अंतर्गत करछना में सीएचसी करछना के समीप एक कार्यक्रम का बुधवार को आयोजन किया गया शाखा करछना द्वारा आयोजित वित्तीय साक्षरता गोष्ठी में मुख्य अतिथि रहे मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इस समय सहकारी बैंकों द्वारा नियमित वेतनभोगी कर्मचारियों को आवास,वाहन ऋण,स्वयं सहायता समूहों को ऋण की सुविधा,किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम कृषकों को ऋण की सुविधा,प्राथमिकता क्षेत्रों में सवधिक ऋण वितरण के अलावा अटल पेंशन योजना,प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना,फसल बीमा योजना,दुर्घटना बीमा योजना समेत डिस्ट्रिक कोऑपरेटिव बैंक द्वारा कई तरह की लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही है लोगों को चाहिए कि बैंकों से जानकारी लेकर समय से इसका लाभ उठायें संचालन करते हुए शाखा प्रबंधक संजय कुमार जैसवार और एडिओ कापरेटिव सोनल शुक्ला ने कहा कि अपने बकाया कृषि ऋण को जमा करने के बाद तत्काल तीन प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण की सुविधा प्रदान की जा रही है इसके अलावा भी जमा निपेक्ष खातों,एटीएम कार्ड एवं लॉकरों के नामांकनों की भी सुविधा दी जा रही है गोष्ठी के दौरान सहभागीदार सार्या सेवा समिति के लोक कलाकारों द्वारा नुक्कड नाटक के माध्यम से योजनाओं की जानकारी दी गई।

# कोटेदारों ने उड़ायी अफवाह अब नहीं मिलेगा राशन, कार्ड धारकों में बेचैनी

**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र के कोटेदारों ने अब यह अफवाह फैलाई है कि सरकार ने कोटे से मिलने वाला खाधान्न बंद कर दिया है। जबकि अधिकारियों ने कहा सब अफवाह है। ऐसे खुराफाती कोटेदारों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी। गोदाम से कोटेदारों को निरंतर आपूर्ति दिया जा रहा है।ग्रामीण क्षेत्रों में वितरण भी शुरू है।

मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र के कोटेदारों ने गरीबों का राशन हडपने के लिए नया शगूफा छोडा है कि सरकार ने अनाज बंद कर दिया है।तथा अब अनाज कार्डधारकों को नहीं मिलेगा। यह सुनते ही कार्डधारकों में बेचैनी बढ गयी। जब सम्बंधित अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ऐसा कुछ नहीं है यह सब कोटेदारों की दिमागी उपज है ऐसे कोटेदारों को चिन्हित कर सख्त कार्यवाही की जाएगी। गोदाम से वितरण के लिए निरंतर अनाज कोटेदार उठा रहे हैं और वितरण भी चल रहा है। नगर पंचायत क्षेत्र के कोटेदारों पर कार्ड धारक बराबर कम तौलने का आरोप लगाते चले आ रहे हैं। परन्तु आज तक इनके खिलाफ कोई कार्यवाही क्यों नहीं हो रही है? मनबढ कोटेदारों पर आज कल पर अनाज देने के लिए दौडाते रहते हैं। कार्डधारकों ने नगर पंचायत क्षेत्र के कोटेदारों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग करते हुए इलेक्ट्रॉनिक काटे से तौलने की मांग की है।

## शोकाकुल परिजनों के घर पहुची सांसद घटना की उच्च स्तरीय जांच का दिलाया भरोसा

**करछना।** करछना के गधियांव गांव निवासी व भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के संयोजक डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय के घर स्थानीय सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी शोकाकुल पारिवारिक जनों को सांत्वना देने मृतक के घर मंगलवार को पहुंची। उन्होंने परिजनों को इस बेहद दुख की घड़ी में नम आंखों से जहां सांत्वना दी, वहीं घर के अंदर जाकर महिलाओं में भी ढांढस बंधाया। उन्होंने गमगीन परिवार के लोगो को कहा कि इस दर्दनाक हृदय विदारक घटना की उच्चस्तरीय जांच कराई जाएगी, और जांच उपरांत घटना में संलिप्त दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। करछना के गधियाव गांव निवासी पवनेश पवन एक निजी विद्यालय के प्रबंधक भी हैं। उनके 19 वर्षीय बीटेक द्वितीय वर्ष के इकलौते पुत्र उत्कर्ष की गत 31 दिसंबर को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। परिजनों ने रेल दुर्घटना नहीं बल्कि साजिशन हत्या की आशंका जताते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से इसकी लिखित शिकायत की गई है । परिजनों ने संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत पर रेल दुर्घटना से इन्कार किया है और इसे हत्या आरोप आरोपित कर रहे हैं क्योंकि रेल हादसे के कोई भी साक्ष्य नहीं मिले । सांसद ने उत्कर्ष की माता से मुलाकात कर के उनको भी सांत्वना दी। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस घटना का खुलासा शीघ्र कराया जाएगा।

## आईटीआई स्कूल नैनी में छात्राओं के लिए तीन दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नैनी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी में छात्राओं के लिए तीन दिवसीय 10 से 12 जनवरी तक सुबह 10:30 बजे से 12:30 बजे तक एवं अपराहन 1:00 बजे से 3:00 बजे तक आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें स्पोर्ट्स, एजुकेशन, फिटनेस और स्किल काउंसिल शामिल है। कार्यक्रम में ट्रेनर गौतम तमांग और रीना चौरसिया के द्वारा 234 छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्रधानाचार्य सुजीत कुमार श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। इस मौके पर संस्थान के उप प्रधानाचार्य मोहम्मद आरिफ कुरेशी, कार्यदेशक एवं अनुदेशक चंद्रेश, श्रीमती रंजना शुक्ला, श्रीमती सुशीला, श्रीमती नगीना सिंह, सुश्री गुलशन सिद्दीकी, सुश्री ज्योति विश्वकर्मा, सुश्री डॉली कसेरा, सिंघम, राहुल पांडेय, अजय पाल एवं प्रोजेक्ट मैनेजर विजय विश्वकर्मा मौजूद रहे।

# बेहतर कार्य पर खण्ड विकास अधिकारी ने बीसी सखियों को किया सम्मानित

**कोरांव।** बीसी सखियाँ गाँवो में लोगो को बैंकों का लेनदेन करके उनकी मदद कर रही है । इसके साथ ही बीसी सखियाँ इस कार्य से खुद अपने पैरों पर खड़ी हो रही है । उक्त बातें बुधवार को नवीन संकुल कार्यालय तराव में आयोजित बैठक में बीसी सखियों को सम्मानित करते हुए खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार सिंह ने कही ।इस दौरान उन्होंने बताया कि गांव में सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को बैंक जाने की समस्या से धीरे-धीरे छुटकारा मिल रहा है क्योंकि बीसी सखियां बैंक की मशीन के माध्यम से गांव स्तर पर ही लोगों का पैसा जमा करने एवं निकासी करने का काम कर रही हैं ।इसके अलावा शून्य बैलेंस पर लोगों का खाता भी खोला जा रहा है। बताया कि विकास खण्ड में 86 बीसी सखियां काम कर रही है । आवास ,पेंशन आदि योजनाओं का पैसा लोगों को अब गांव में ही मिलने लगा है । बैंक ऑफ बड़ौदा से जुड़ी बीसी सखियों को मशीन दी गई है जिसके



बीसी सखियों को सम्मानित करते खण्ड विकास अधिकारी

तहत वह गांव में लोगों का जीरो बैलेंस पर खाता खोलने के साथ-साथ उनका पैसा जमा कर रही हैं। लोगों के बैंक खाते में जमा पैसा निकाल कर उनको दिया जा रहा है। बैठक में बताया गया कि साजी गांव की उर्मिला देवी ने बीते 6 माह के अंदर एक करोड़ 14 लाख रुपए का लेन देन किया है । पूनम कुशवाहा बेलहट ने 81 लाख का लेनदेन का काम पूरा किया गया है । धाव गांव की वंदना देवी ने एक करोड़ 2 लाख का लेनदेन किया है । खंड विकास अधिकारी ने बताया कि लेन-देन पर बीसी सखियों को 2 प्रतिशत का कमीशन मिलता है जिससे जहां पर वह एक तरफ स्वावलंबी बन रही है वहीं दूसरी तरफ लोगों को गांव स्तर पर लेनदेन की सुविधा उपलब्ध करा रही हैं। बीसी सखियो को एक एक साड़ी देकर सम्मानित किया गया।

# अशोक राठौर के समर्थन में सैकड़ों शिक्षक पहुंचे झाँसी

**मेजा।** अखिल भारतीय वित्त विहीन विद्यालय संगठन के अधिकृत प्रत्याशी अशोक कुमार राठौर के समर्थन में पंकज तिवारी प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में मेजा प्रयागराज जनपद से दर्जनों की संख्या में शिक्षक झाँसी पहुंचे । वहाँ पर शिक्षकों ने अशोक राठौर को भारी मतों से विजय दिलाने का भरोसा दिलाते हुए जोरदार स्वागत किया । इस दौरान अशोक कुमार राठौर ने शिक्षकों के मान सम्मान की लड़ाई लड़ने की बात कहा ।



अशोक राठौर और शिक्षक नेता पंकज तिवारी का स्वागत करते शिक्षक

नामांकन में प्रतिभाग करने के लिए झांसी पहुंचे शिक्षकों में संजय कुमार सिंह पटेल, डॉक्टर डी बी यादव, मुकेश कुमार पटेल, नरेंद्र कुमार तिवारी, दिलीप सिंह, राजेंद्र कुमार पटेल, गुड्डू पटेल, शैलेंद्र यादव, रजनीश पटेल, अमन मिश्रा, अशोक कुमार पटेल, नरेंद्र गुप्ता, जयचंद आदिवासी, दिनेश पटेल, पवन कुमार पटेल, संजय मिश्रा, आजाद सिंह, मदन लाल गुप्ता, अशोक कुमार सिंह, प्रवीण तिवारी, प्रमोद पटेल, अमर बहादुर बिंदु, जितेन कुमार सिंह, संतोष पटेल, श्री कृष्ण राय, संजय कुमार तिवारी, शुभम तिवारी, आलोक तिवारी, जय शंकर पांडे, विनोद पांडे, आकाश तिवारी, मनमोहन सिंह, शंकर पटेल, विनोद यादव, अखिलेश यादव, राजन प्रसाद पाल, अंकुश मिश्रा, मनीष पांडे, अवनीश पटेल, संजय विश्वकर्मा, अशोक कुशवाहा, ज्ञानेंद्र मौर्या, रंजीत पटेल, विनय पाल सिंह, जय शंकर पांडे, अंकित विश्वकर्मा, शैलेंद्र मिश्रा, दिवाकर विश्वकर्मा, जय हिंद उपाध्याय, पंकज उपाध्याय, मिथिलेश मिश्रा, बृजेश मिश्रा, शैलेंद्र कुमार शर्मा, सुनील पटेल सहित दर्जनों शिक्षक रहे। शिक्षक नेता पंकज तिवारी ने नामांकन में पहुंचे साथियों का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया।

# नगर पंचायत मऊआइमा के अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल समाप्त

**मऊआइमा।** शासनादेश एंव न्यायालय के निर्देश पर मऊआइमा के अध्यक्ष एंव सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो गया है। अब जिला स्तर के अधिकारी और आधिशासी अधिकारी के हाथों में कमान सौंपी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा नगर पंचायत जिले की सबसे पुरानी नगर पंचायत है। इसकी स्वीकृति सन 1921 में तथा स्थापना नजरी नकशा 1939 में हुई थी। यहां के प्रथम चेयरमैन फैज उल्ला ,फिर अय्यूब मियां , तुफैल मियां के आकस्मिक मौत के बाद निर्विरोध हाजी अब्दुल समद ,मोहम्मद इसहाक ,अब्दुल हकीम ,मोहम्मद उमर एडवोकेट ,के बाद 19 वर्षों तक चुनाव नहीं हुए । फिर अब्दुल रशीद फिर ,उनकी पत्नी इसलाहुन निशां ,मोहम्मद नोमान ,एक साल रिक्त के बाद शोएब अंसारी ,फिर मोहम्मद शोएब अंसारी ,फिर उनकी पत्नी फातमा अंजुम अध्यक्ष रहीं। नगर पंचायत क्षेत्र में कुल चौदह वार्ड हैं। जिनके सदस्य शाहगंज से सत्यपथी देवी ,मुस्तफाबाद से पूर्व चेयरमैन शोएब अंसारी ,पूरा काजी पसियान से रवि गुप्ता ,मौलाना से जमीरउद्दीन, आजमपुर नया पूरा से फिरोजा बानों, कजियाना कलां से तौकीर अहमद, पूरे मियां जी उत्तरी से नाहिदा बानों, पूरा मियां जी दक्षिणी से नासीरा परवीन, महतवाना से शाहिद अख्तर ,आजमपुर पूर्वी से तबस्सुम, हजियाना से कौशर गयास, पूरा काजी से प्रदीप केसरवानी, अबूहलीम पटटी से शबाना बानों, आजमपुर पशिचमी से मोहम्मद सालिम सदस्य रहे हैं।नगर पंचायत की जनसंख्या लगभग चालिस हजार तथा मौजूदा मतदाता 16 हजार के आस पास है। अभी निकायों का मामला अभी न्यायालय में विचाराधीन है तथा मार्च के बाद चुनाव होने की संभावना है। तब तक नगर पंचायत का कार्यभार

आधिशासी अधिकारी प्रदीप कुमार मिश्रा एंव जिला स्तर के अधिकारी देखेंगें। आधिशासी अधिकारी प्रदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि अभी जिले स्तर के अधिकारी का नाम नहीं आया है। जिसका इंतजार किया जा रहा है।

## आधारशिला वृद्धाश्रम नैनी में असहायों को जूता-मोजा का वितरण

**नैनी।** आधारशिला वृद्धाश्रम नैनी में टीम जसरा द्वारा निवासरत सभी 100 वृद्ध जनों को ठंड से बचाने हेतु जूता एवं मोजा का वितरण किया गया। इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ जसरा के अध्यक्ष डॉ0 एस.पी सिंह ने वृद्धजनों को संबोधित करते हुए कहा, कि आप सब की सेवा से जो आशीर्वाद प्राप्त होता है, वह ईश्वर की पूजा से भी बढ़कर है। प्रत्येक आत्मा में परमात्मा का वास होता है, इसलिए आप सब हमारे लिए भगवान के समान हो। मंत्री सरोज कुमार पटेल ने कहा, कि हम सब आप लोगों की सेवा हेतु समय समय पर उपस्थित होते रहेंगे। टीम जसरा के सदस्यों द्वारा भावनात्मक सहयोग आत्मीय भाव एवं विचारों के माध्यम से प्यार व स्नेह पाकर निवासरत माता पिता भावुक होकर दुआएं देते रहे। आश्रम प्रबंधक सुशील श्रीवास्तव ने बताया, कि संस्थान के माध्यम से वृद्ध आश्रम की समस्त सुख-सुविधाओं का ध्यान रखा जाता है सामाजिक सोच एवं विचारों के माध्यम से समाजसेवियों द्वारा वृद्धजनों के हित में की गई सेवा से वृद्ध माता-पिता को आंतरिक खुशी के साथ-साथ जीवन के प्रति उत्साह की अनुभूति होती है। परियोजना समन्वयक विमल गिरी ने उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर पूनम सिंह, अनुपमा सिंह, अमिता पाठक, प्रमोद पाठक, अनिल भारद्वाज, जितेंद्र शर्मा, सुधीर कुमार, अनुकृति श्रीवास्तव, मनसा देवी राम, अंशु आदि लोग मौजूद रहे रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग

## बज्रपात सुरक्षा कार्यक्रम में सावधानी और बचाव के सिखाए गुण

**मेजा।** तहसील क्षेत्र के मेजा ब्लाक सभागार में वज्रपात सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम में तहसीलदार विशाल शर्मा और खंड विकास अधिकारी मेजा सईद अहमद सहित ब्लॉक कर्मचारी व ग्राम प्रधान, समूह की सदस्य शामिल रही। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के ट्रेनर डॉ सौरभ सिंह ने वज्रपात से सावधानी और बचाव का तरीका बताया। बताया गया कि वज्रपात दो प्रकार के होते हैं। पहला बादल से बादल के बीच का टकराव से बज्रपात दूसरा बादल से जमीन की ओर वज्रपात का गिरना। इसमें दूसरे वज्रपात को प्राणघाती बताया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ब्लॉक से जुड़े समस्त कर्मचारियों को इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सावधानी और बचाव के बारे में भी बताया गया। बिजली गिरने के दौरान इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से दूर रहना, बारिश में नहीं भीगना आदि बचाव के कई महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। इस दौरान नायब तहसीलदार अनुग्रह नारायण सिंह, डॉ सत्येंद्र सिंह पटेल, मनीष दुबे, प्रधान अरसद खान सहित लेखपाल, सिग्रेटरी रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा सुनने को उमड़ी भक्तों की भीड़

**भागवत कथा**

**भागवत कथा नामक अमृत का चाहे जितना पान करो मन तृप्त नहीं होता : शम्भू शरण**

**मेजा।** क्षेत्र के निबैया गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन बुधबार को कथा व्यास शम्भु शरण महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का केंद्र है आनंद । आनंद की तल्लीनता में पाप का स्पर्श भी नहीं हो पाता। भागवत कथा एक ऐसा अमृत है कि इसका जितना भी पान किया जाए मन तृप्त नहीं होता है। उन्होंने कहा कि हिरण्यकश्यप नामक दैत्य ने घोर तप किया। तप से प्रसन्न होकर ब्रह्माजी प्रकट हुए और कहा कि मांगों जो मांगना है। ब्रह्माजी से हिरण्यकश्यप ने कहा- प्रभु मुझे केवल यही वर चाहिए कि मैं न दिन में मरूं, न रात को, न अंदर, न बाहर, न कोई काट सके, न आग जला सके, न ही मैं पानी में डूबकर मरूं, सदैव जीवित रहूं। उन्होंने उसे वरदान दिया। हिरणकश्यप के पुत्र प्रहलाद भगवान



कथा कहते कथा व्यास शम्भु शरण महाराज

विष्णु के परम भक्त थे। हिरण्यकश्यप भागवत विष्णु को शत्रु मानते थे।उन्होंने अपने पुत्र को मारने के लिए कई प्रकार के जतन किया,लेकिन भगवान ने अपने भक्त की हमेशा रक्षा की।अंत में उसने भक्त प्रह्लाद को एक खंभे में बांधकर मारने के लिए तलवार उठाया था कि खंभा फट गया उस खंभे में से विष्णु भगवान नरसिंह रूप के रूप में प्रगट हुए और हिरण्याक्ष को पकड़ कर उदर चीर कर वध किया। शम्भू शरण महराज जी ने गजेंद्र मोक्ष राम जन्म व कृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि तालाब में स्नान करने गए गजेंद्र का पैर घड़ियाल ने पकड़ लिया था जिसकी पीड़ा से गजेंद्र परेशान थे। और उन्होंने भगवान का स्मरण किया जिसके बाद भगवान नारायण पहुंचकर गजेंद्र को मुक्त कराया। इसके बाद अयोध्या में जन्मे भगवान श्री राम की कथा सुनाई। इसमें बताया कि राजा दशरथ महारानी कौशल्या के घर जन्मे भगवान श्री राम ने मयार्दा स्थापित कर मयार्दा पुरुषोत्तम कहलाये।व्यास ने श्री राम के चरित्र का वर्णन संगीतमय किया। इसके बाद उन्होंने कृष्ण जन्म की कथा सुनाई। वसुदेव देवकी के बंदी गृह में भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ जिसके बाद बसु देव जी ने बालक को लेकर गोकुलधाम नंद बाबा यशोदा के पास छोड़ आए और वहां कृष्ण जन्म का उत्सव मनाया गया। इसी तर्ज पर आयोजक ओपी शुक्ला और विकास शुक्ला ने पूरे पंडाल को इस तरह सजाया था,मानों सचमुच में श्री कृष्ण की नगरी मथुरा में जन्मोत्सव मनाया जा रहा हो।भक्तों ने खास कर महिलाएं कृष्ण जन्मोत्सव के मौके पर जमकर नृत्य किया। जन्मोत्सव में भगवान का दूध, दही, शहद, बूरा, गंगाजल, यमुना जल, केसर, पुष्प आदि से अभिषेक किया गया।

कथा में प्रमुख रूप से आदित्य प्रसाद तिवारी, मनीष पांडेय, डॉक्टर उमाशंकर तिवारी, प्रवीण त्रिपाठी, लाला मिश्र, दिनेश मिश्र, बऊ मिश्र, सेठ मदरा, मानिक तिवारी, सुंदर तिवारी, राजेंद्र तिवारी, विष्णुकांत शुक्ला, विश्वास शुक्ला, अशोक शुक्ला आदि शामिल रहे।

**उत्तर मध्य रेलवे** G20

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या 23/03 दिनांक 10.01.2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उ.म.रे., प्रयागराज (आई.एस.ओ.9001:2015 प्रमाणित इकाई) निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 20223029[illegible] | [illegible] | 06 नग | 30.01.2023 |

नोटः उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

44/23 FA

**उत्तर मध्य रेलवे** G20

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या- 02/2023 दिनांक- 09.01.2023

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक, उ.म.रे., प्रयागराज निम्नलिखित मदों के लिये ई-प्रापण निविदा आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | विवरण | मात्रा | ई.एम.डी. रू. | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 19226785 | [illegible] | 01 | ₹ 16,290/- | 03.02.2023 |

नोटः- (1) उपरोक्त सभी ई प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। (2) उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। ... I.T. Act 2000 ... CCA ... Class III Digital ... IREPS ... (3) ... (4) ... (5) ...

उपरोक्त निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट https://www.ncr.indianrailways.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। ... IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है।

40/23 (A)



मुख्यालय नियंत्रक कक्ष का निरीक्षण करते उमरे महाप्रबंधक सतीश कुमार

# प्रयागराज



## मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 21.00 |
| न्यूनतम : | 7.00 |
| सूर्योदय : | 06.50 |
| सूर्यास्त : | 05.27 |

### स्वाति बनी यूपी महिला क्रिकेट टीम की ट्रेनर

**प्रयागराज।** दिल्ली पब्लिक स्कूल की स्पोर्ट्स टीचर और आशीष नेहरा क्रिकेट अकादमी (डीपीएस) में कोच स्वाति सिंह को 18 से 29 जनवरी तक वडोदरा में होने वाली सीनियर वूमेन वनडे ट्रॉफी के लिए उत्तर प्रदेश टीम का ट्रेनर नियुक्त किया गया है। इससे पूर्व भी स्वाति कानपुर में हुई यूपीसीए सीनियर महिला चैलेंजर ट्रॉफी और बीसीसीआई द्वारा नागपुर में आयोजित एक दिवसीय टूर्नामेंट और बंगलुरु में सीनियर वूमेन टी-20 में यूपी टीम की ट्रेनर रह चुकी हैं।

## उमरे महाप्रबंधक सतीश कुमार ने मुख्यालय नियंत्रक कक्ष का किया निरीक्षण

**प्रयागराज।** बुधवार को महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे सतीश कुमार ने मुख्यालय नियंत्रक कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोहरे के दौरान नियंत्रण कक्ष में ट्रेन परिचालन की नियंत्रण एवं मॉनिटरिंग संबंधी कार्यप्रणाली का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने इस दौरान कंट्रोल के विस्तार कर उसे आधुनिक मॉड्यूलर कंट्रोल के रूप में विकसित करने के संबंध में प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक बिप्लव कुमार सहित अन्य उपस्थित अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि, किसी आपात स्थिति में बेहतर नियंत्रण और समन्वय के बिंदुओं को ध्यान रख कर ही इसे विकसित किया जाए। इसी क्रम में नियंत्रण कक्ष को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने की बात भी उन्होंने कही।



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से चर्चा करते उमरे महाप्रबंधक

इस दौरान उनके साथ प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक बिप्लव कुमार सहित अन्य अन्य प्रधान विभागाध्यक्ष एवं परिचालन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रवीन्द्र वर्मा होंगे 'रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक' से सम्मानित

**घोषणा**

**उत्तर मध्य रेलवे को प्रथम पुरस्कार के रूप में रेल मंत्री राजभाषा शील्ड प्रदान करने की घोषणा की गई**



**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे में राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार में बहुआयामी प्रगति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महाप्रबंधक सतीश कुमार के निर्देशानुसार महाप्रबंधक कार्यालय सहित पूरे उत्तर मध्य रेलवे में राजभाषा नीति का सम्यक अनुपालन एवं हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग किया जा रहा है। इस रेलवे के सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का उत्कृष्ट प्रयोग-प्रसार कर रहे हैं। परिणामस्वरूप संपूर्ण भारतीय रेल में राजभाषा हिंदी का सर्वाधिक एवं उत्कृष्ट कार्य करने के लिए रेल मंत्रालय द्वारा उत्तर मध्य रेलवे को प्रथम पुरस्कार के रूप में रेल मंत्री राजभाषा शील्ड प्रदान करने की घोषणा की गई है।

उल्लेखनीय है कि संपूर्ण भारतीय रेल में राजभाषा हिंदी के सर्वाधिक प्रयोग-प्रसार के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा उत्तर मध्य रेलवे को वर्ष 2011 और 2013 में द्वितीय पुरस्कार स्वरूप रेल मंत्री राजभाषा ट्राफी से तथा वर्ष 2017 में प्रथम पुरस्कार स्वरूप रेल मंत्री राजभाषा शील्ड से सम्मानित किया किया जा चुका है। वर्ष 2021 में भारतीय रेल के सभी कारखानों में राजभाषा हिंदी का सर्वाधिक प्रयोग करने के लिए वैगन मरम्मत कारखाना, झाँसी को आदर्श कारखाना के रूप में चुना गया और रेल मंत्री राजभाषा शील्ड से सम्मानित किया गया। इस प्रकार उत्तर मध्य रेलवे सरकार की राजभाषा नीति के सम्यक अनुपालन एवं हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग के लिए पूर्णतया सक्रिय एवं सचेष्ट है। अभी हाल ही में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, प्रयागराज द्वारा भी उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय को चल वैजयंती के प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इसके उत्तर मध्य रेलवे के कई अधिकारी एवं कर्मचारी व्यक्तिगत रूप से विभिन्न स्तरों पर सम्मान अर्जित कर उत्तर मध्य रेलवे का गौरव बढ़ा रहे हैं। रेल मंत्रालय, रेलवे बोर्ड द्वारा उत्तर मध्य रेलवे के महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रवीन्द्र वर्मा को उनके द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन और प्रयोग-प्रसार के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य एवं योगदान के लिए 'रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक' से सम्मानित करने की घोषणा की गई है। रवीन्द्र वर्मा राजभाषा हिंदी की प्रगति के लिए पूर्णतया समर्पित अधिकारी हैं। इनके सक्रिय पहल एवं मार्गदर्शन में न केवल मुख्यालय के रेल सुरक्षा बल विभाग में, बल्कि सभी मंडलों एवं कारखानों के रेल सुरक्षा बल कार्यालयों में हिंदी के प्रयोग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। श्री वर्मा अपना लगभग सभी कार्य हिंदी में करते हैं तथा अन्य अधिकारियों को भी इसके लिए अभिप्रेरित करते हैं।

महाप्रबंधक सतीश कुमार और मुख्य राजभाषा अधिकारी शशि कांत सिंह ने इन उपलब्धियों के लिए रवीन्द्र वर्मा सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई बधाई दी है।

## संक्षेप

### कांस्टेबल से पदोन्नति पाकर मुख्य आरक्षी बनने पर उतरांव थाने में हर्ष



**उतरांव।** उतराव थाने में कांस्टेबल संजीव सिंह व आशीष कुमार राय जो कांस्टेबल से प्रोन्नत हुए मुख्य आरक्षी बनने पर पूरे थाने में हर्ष का माहौल है।वही पूरे थाने में मिठाइयां बांटी गई। थानाध्यक्ष उतरांव श्रवण कुमार ने सिपाही से प्रोन्नत हुए मुख्य आरक्षी संजीव कुमार व आशीष कुमार राय को तीन फिद्दी लगाकर शुभकामनाएं दी। उन्होंने दो नए मुख्य आरक्षी को आगे भी कर्तब्यनिष्ठा तथा ईमानदारी से कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। प्रोन्नत हुए दोनो आरक्षी ने थानाध्यक्ष को आश्वस्त किया कि कानून के दायरे में रहकर समाज को अपराध मुक्त करने में अहम भूमिका निभाते रहेंगे तथा थानाध्यक्ष द्वारा मुख्य आरक्षी का उत्साहवर्धन भी किया। वही दोनों मुख्य आरक्षी थाना अध्यक्ष ने उज्जवल भविष्य की कामना की।मुख्य आरक्षी होने के जश्न में पूरे थाने में मिठाइयां बांटी गई । सिपाहियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर इस खुशी को साझा किया और बधाई दी। सभी पुलिस स्टाफ ने मुख्य आरक्षी संजीव व आशीष राय के बनने पर जश्न मनाया। उक्त अवसर पर उप निरीक्षक अरविंद यादव, पारसनाथ पांडे, राम अवतार यादव, महेश चंद, शशांक सिंह, हरिश चंद शर्मा, मनीष यादव, सिपाही सोनू यादव, राजीव, ओम प्रकाश, रविंदर, राजेश यादव, भागीरथ कुशवाहा, अमित प्रजापति, वंदना पटेल, अर्चना, संगीता, प्रज्ञा मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे।

### वाहन ने मारी टक्कर, अस्पताल ले जाते वक्त हुई मौत

**मेजा/माण्डा।** लेड़ियारी कोरांव होते हुए मेजारोड होते हुए अपनी ससुराल ढिलिया(बबुरी) बृजेश कुमार मंगलवार को शाम तकरीबन छः बजे जा रहा था वह टुडिहार नहर के पुलिया के पास पहुंचा ही था कि पीछे से आ रही अज्ञात चार पहिया वाहन ने तेजी से बृजेश की बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह अचेत होकर की गिर गया। गांव के लोगों ने तुरंत ही 108 नंबर पर फोन किया जिसपर गांव के लोग नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराना चाहे लेकिन नाजुक अवस्था देखकर डॉक्टर ने प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया तभी 108 नंबर की गाड़ी आई उसी समय बृजेश के ससुराल वाले पहुंच गए आनन-फानन में सीएससी मेजा ले गए तथा वहां पहुंचने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया कोतवाली मेजा ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### दुर्घटना में बाल-बाल बचे जिला पंचायत सदस्य



**करछना।** विकास खंड के डीहा गधियाव गांव निवासी जिला पंचायत सदस्य एवं प्रकाश हॉस्पिटल के निदेशक डॉ विजय बाबू यादव लखनऊ से लौटते समय घने कोहरे के कारण मानिकपुर हाईवे रोड पर बीती रात उनकी गाड़ी फॉर्चूनर सामने से आ रहे डंपर में टकरा गई जिससे फॉर्च्यूनर के परखच्चे उड़ गए तथा गाड़ी में बैठे उनके परिजनों में पत्नी बेटी बेटा बाल-बाल बच गए समय रहते फॉर्च्यूनर गाड़ी में टक्कर होते गाड़ी में लगा एयर बैग खुल जाने के कारण गाड़ी में बैठे सभी लोगों की जान बच गई तथा गाड़ी की कंडीशन को देखकर ऐसा लगता था गाड़ी में बैठी कोई भी सवारी सकुशल नहीं होगी लेकिन एयर बैग ने जिला पंचायत सदस्य एवं उनके परिजनों को बचा लिया बताया जाता है कि जिला पंचायत सदस्य विजय यादव 1 दिन पूर्व लखनऊ में पढ रही अपनी बेटी से मिलने गए थे।

## बाल रंगमंच बच्चों के व्यक्तित्व के बहुमुखी विकास के लिये एक शक्तिशाली माध्यम है

**प्रयागराज।** अभिव्यक्ति के लिए अभ्यास इस अभ्यास के अंतर्गत बच्चों के - ग्रुप को किसी एक विषय देकर उस पर बोलने को कहा जाता है, कुछ बच्चे बहुत तेजी से विषय पर अपनी राय देते हैं लेकिन कुछ बच्चे कुछ भी नहीं बोलते। बाद में इस ग्रुप के आधे-आधे बच्चों को दो ग्रुप में बांटकर एक विषय दिया जाता है और एक खास समयान्तराल देकर उन्हें अलग-अलग बातचीत करने को छोड़ दिया जाता है। ग्रुप बांटते समय कुछ नहीं बोलने वाले बच्चों को यह आजादी दी जाती है कि वह अपनी पसंद के ग्रुप को खुद चुनें।

आईपी रामबृज ने बताया कि एक सफ्ताह के बाद विश्लेषण के आधार पर यह कहा जा सकता है कि बाल-रंगमंच बच्चों के व्यक्तित्व के बहुमुखी विकास के लिए एक शक्तिशाली माध्यम है। रंगमंच बच्चों का मुक्ति स्थल है, और यह तन और मन के लिए खेल का मैदान है। बाल रंगमंच बच्चों में छिपी शक्ति, ऊर्जा, प्रतिभा और रचनाशीलता को जानने पहचानने और प्रस्फुटित एवं उत्प्रेरित करने का जबर्दस्त साधन है। बच्चों को खेलना सबसे ज्यादा पसंद है और रंगमंच इस खेल-खेल में ही बच्चों के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक विकास का सबसे सशक्त माध्यम है। रंगमंच एक ऐसा माध्यम है जहां सभी वर्गों के बच्चे मिलकर एक साथ सीखने, समझने, जानने के उद्देश्य से मजे मजे में खेलते हुए उपर्युक्त गुणों को अपने अंदर विकसित करते हैं। अलग-अलग आयु वर्ग के बच्चे अपनी जिंदगी, परिवार, समाज और संसार के विषयों पर रंगमंच से जुड़े माध्यमों (अभिनय, कविता, कहानी, गीत-संगीत, क्राफ्ट, पेंटिंग और नाट्य-रचना जिसमें इतिहास, भूगोल, विज्ञान आदि सभी कुछ समाहित है।) का समूह में उपयोग करते हैं।

### महर्षि भरद्वाज जयंती शोभायात्रा आज

**प्रयागराज।** भारत भाग्य विधाता महर्षि भरद्वाज की तीन दिवसीय जयंती समारोह आज से शुरू हो गयी। आज माघ पंचमी को भरद्वाज आश्रम स्थित विशाल प्रतिमा स्थल पर एक पुष्प प्रयागराज के मूल पुरुष के नाम व शोभायात्रा आयोजित की गई है। प्रयागराज विद्वत परिषद के तत्वावधानं में उक्त आयोजन गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी हो रहा है। इसमें शिक्षाविद न्याय विद व गणमान्य नागरिक भाग लेंगे। पुष्पअर्चन कार्यक्रम स्वामी हरी चैतन्य ब्रह्मचारी जी अगुवाई करेंगे। महर्षि भरद्वाज की शोभा यात्रा महर्षि भरद्वाज की भरद्वाज चौराहा स्थित विशाल प्रतिमा से जगतगुरु श्री धराचार्य की अगुवाई में निकाली जाएगी।महर्षि भरद्वाज जयंती व प्रयागराज दिवस पर उक्त कार्यक्रम पवित्र गंगा यमुना के संगम पर गंगा पूजनऔर महर्षि भारद्वाज पुण्य स्मरण कार्यक्रम के साथ समाप्त होगा। कार्यक्रम में प्रोफेसर के बी पांडे पूर्व लोकसेवा आयोग अध्यक्ष, न्यायमूर्ति वी पी पाठक मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, रमित शर्मा पुलिस कमिश्नर व प्रयागराज के अन्य बुद्धिजीवी भाग लेंगे।

## 70 किलो गांजा के साथ चार पहिया वाहन सहित चार गिरफ्तार

**माण्डा।** मांडा क्षेत्र में गांजा तस्कर मंगलवार शाम को गिरफ्तार हुए जिसमें 70 किलो गांजा बरामद हुआ। विगत दिनों से एसटीएफ की टीम अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले शातिर तस्करों के सक्रिय होने की सूचना प्राप्त हो रही थी। इसी दौरान मुखबिर से ज्ञात हुआ कि अवैध मादक पदार्थों की व्यापक तस्करी करने वाले गिरोह के सदस्य अपने सहयोगियों के साथ सोनपुर उड़ीसा से अवैध मादक पदार्थों की खेप लेकर स्विफ्ट डिजायर कार से मध्य प्रदेश के रास्ते प्रयागराज ले जाने वाले हैं ऐसी सूचना प्राप्त हुई। जिसमें निरीक्षक अनिल कुमार की टीम के द्वारा टीम कमिश्नरेट प्रयागराज के मांडा थाना क्षेत्र मांडा कोरांव मार्ग देवकुंड मंदिर पुलिया के पास तस्करी करने वाले गिरोह के आने का इंतजार करने लगे कुछ देर बाद कार आती हुई दिखाई दी जहां पर पहले से ही मोटरसाइकिल से दो व्यक्ति गांजे की बड़ी खेप लेने का इंतजार कर रहे थे



चारों आरोपी बरामद गांजा व कार के साथ

जैसे ही कार रुकी और मोटरसाइकिल वाले से लेन देन के दौरान एसटीएफ टीम द्वारा घेरकर स्विफ्ट कार की डिग्गी में लदा गांजा बरामद कर लिया और चार अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। रजनीश श्रीवास्तव उर्फ गुड्डू श्रीवास्तव पुत्र कैलाश बहादुर श्रीवास्तव निवासी कोसडा कला थाना मांडा जनपद प्रयागराज जो कि गैंग सरगना था, इकबाल अहमद उर्फ पप्पू पुत्र मुमताज अहमद निवासी गारोपुर कस्बा भारतगंज थाना मांडा जनपद प्रयागराज प्रमुख सहयोगी, मनीष कुमार यादव पुत्र कमला प्रसाद यादव निवासी डिघरी वीरापुर थाना हंडिया जनपद प्रयागराज स्विफ्ट कार का चालक, विनोद कुमार यादव उर्फ विजय पुत्र रामजीत यादव निवासी सदरेपुर थाना हंडिया जनपद प्रयागराज सहचालक को गिरफ्तार कर लिया।माण्डा थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया की मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## जी-20 के निबंध विजेताओं को कुलपति ने किया सम्मानित

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की मानविकी विद्या शाखा के तत्वावधान में समसामयिक पाठ्य सहगामी गतिविधि प्रतियोगिता की श्रृंखला में बुधवार को वसुधैव कुटुंबकम की भावना और जी 20 विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

प्रारम्भ में कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह का स्वागत मानविकी विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर सत्यपाल तिवारी ने किया। मानविकी विद्या शाखा एवं महिला अध्ययन केंद्र की गतिविधियों की जानकारी संयोजक प्रोफेसर रुचि बाजपेई ने दी।आयोजन सचिव डॉ अतुल कुमार मिश्र ने संचालन तथा प्रोफेसर विनोद कुमार गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन किया।



सम्मानित करतीं प्रोफेसर सीमा सिंह

इस अवसर पर डॉ साधना श्रीवास्तव, डॉ सतीश चंद्र जैसल, डॉ स्मिता अग्रवाल, डॉ अब्दुल रहमान, राजेश कुमार गौतम आदि उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल द्वारा निबंध प्रतियोगिता के मूल्यांकन के उपरांत शिवानी यादव ने प्रथम, प्रमोद मिश्रा ने द्वितीय तथा ज्योति गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सान्त्वना पुरस्कार राज गुप्ता, दिग्विजय सिंह एवं अनुराग को प्रदान किया गया।

## डीएवी क्रिकेट अकादमी ने ली अपराजेय बढ़त

**प्रयागराज।** डीएवी क्रिकेट अकादमी ने फरहत अली क्रिकेट क्लब को 12 रन से हराकर तीन मैचों की ईडेन गार्डन ट्रॉफी क्रिकेट सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली। डीएवी क्रिकेट अकादमी ने अपने मैदान पर बुधवार को खेले गये मैच में 25 ओवर में 148 रन (शिवांश केसरवानी 41 नाबाद, मीजान आलम 36 अविजित, हुजैफा हाद 2/11, मो. यासिर 2/29) बनाकर फरहत अली क्लब को 25 ओवर में 136 रन (फराज 35, रामिश हैदर 29, मोहम्मद हिफजान 21, मोहम्मद सुबहान 3/20) पर सीमित किया। सीरीज का तीसरा एवं अंतिम मुकाबला गुरुवार को खेला जायेगा।

## फुटबाल टीम का चयन 15 एवं 17 को

**प्रयागराज।** मऊ में 19 से 26 जनवरी तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक फुटबाल चैम्पियनशिप के लिए प्रयागराज जनपदीय टीम का चयन 15 जनवरी एवं मंडलीय टीम का चयन 17 जनवरी को एंग्लो बंगाली इंटर कॉलेज (एबीआईसी) मैदान पर होगा। जिला फुटबाल संघ के सचिव मकबूल अहमद के अनुसार चयन ट्रॉयल में एक जनवरी 2008 से 31 दिसम्बर 2009 के मध्य जन्मे खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। इच्छुक खिलाड़ी नगर निगम द्वारा एक वर्ष के भीतर जारी जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ योगेश चंद्र, कबीर खान अथवा शादाब रजा से सम्पर्क कर सकते हैं।





रेल प्रशासन द्वारा प्रयागराज में आयोजित माघ मेला-2023 के अवसर पर तीर्थयात्रियों की सुविधा हेतु मुख्य स्नान दिवसों पर विंध्याचल स्टेशन पर मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ियों को दो मिनट का अस्थाई ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है-

| क्र. सं. | विन्ध्याचल स्टेशन पर ठहराव की अवधि | स्नान दिवस |
|---|---|---|
| 1 | 14.01.2023 एवं 15.01.2023 (02 दिन) | मकर संक्रांति (14 एवं 15.01.2023) |
| 2 | 21.01.2023 एवं 22.01.2023 (02 दिन) | मौनी अमावस्या (21.01.2023) |
| 3 | 26.01.2023 एवं 27.01.2023 (02 दिन) | बसंत पंचमी (26.01.2023) |

| क्र. सं. | गाड़ी संख्या | आगमन-प्रस्थान |
|---|---|---|
| 1 | 12307 हावड़ा - जोधपुर | 1105-1107 |
| 2 | 12308 जोधपुर - हावड़ा | 1635-1637 |
| 3 | 22307 हावड़ा - बीकानेर | 1105-1107 |
| 4 | 22308 बीकानेर - हावड़ा | 1635-1637 |
| 5 | 15658 कामख्या - दिल्ली | 1758-1800 |
| 6 | 15657 दिल्ली - कामख्या | 0858-0900 |
| 7 | 15645 लोकमान्य तिलक (ट.) - डिब्रूगढ़ | 0550-0552 |
| 8 | 15646 डिब्रूगढ़ - लोकमान्य तिलक (ट.) | 1905-1907 |
| 9 | 15647 लोकमान्य तिलक (ट.) - गुवाहाटी | 0550-0552 |
| 10 | 15648 गुवाहाटी - लोकमान्य तिलक (ट.) | 1905-1907 |

नोटः प्रत्येक ट्रेन के समय-सारणी से संबंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं. 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे G20

45/23 (ADM)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR @northcentralrailway


## कांग्रेसजनों ने लाल बहादुर शास्त्री के पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया

**प्रयागराज।** शहर कांग्रेस कमेटी ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे याद करते हूए श्रद्धांजलि अर्पित की। एक विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। उक्त अवसर पर बोलते हूए शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अनशुमन ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री ने अंग्रेजी सरकार के खिलाफ आंदोलन किया था अंग्रेजी सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ आवाज को बुलंद किया था लाल बहादुर शास्त्री ऐसे ईमानदार व्यक्ति थे जो प्रधानमंत्री रहते हुए भी अपनी ईमानदारी का मिसाल पेश की ऐसा प्रधानमंत्री विश्व में कहीं नहीं मिलता। आज आवश्यकता है कि कांग्रेस जन ही नहीं पूरा देश यदि उनके पद चिन्हों पर चले तो देश का विकास हो सकता है और आपसी भाईचारा मजबूत हो सकता है।

उक्त अवसर पर कांग्रेसजनों ने स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया तथा उनके विचारों एवं नीतियों को आम जनमानस तक पहुंचाने का निर्णय लिया।



लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर उपस्थित कांग्रेसी

गोष्ठी का संचालन शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद असलम ने किया। उक्त अवसर पर सर्व अनूप त्रिपाठी, मानस शुक्ला अनूप सिंह, प्रवीण सिंह भोले, अजय कुमार शुक्ला, विनय पांडे, राकेश श्रीवास्तव, अजेंद्र गौड़, नयन कुशवाहा, मोहम्मद अजमल राजू, रियाज अहमद, इश्तियाक अहमद, मोहम्मद इरफान, रचना पांडे, आशा देवी, आसिफ वकार, मोहम्मद हसीन, शिव चंद कुशवाहा, शिव शंकर मिश्रा, विनोद सिंह, रमेश सोनकर, भरत लाल, राजकुमार कुशवाहा, सचिन कुशवाहा, अब्दुल शकूर, इफतेखार अहमद बादशाह, सतेंदर सिह, रविन्द्र सिह, हामिद वारसी, नूरूल कुरैशी, सनी पासी, शादाब अहमद, नीरज पाल, टिललू कनौजिया, नीतू कनौजिया, दरक्शा कुरैशी, नफीस अहमद, सचिन पांडे, इरशाद उल्लाह, अब्दुल कलाम आजाद, मोहम्मद नौशाद, कामेशवर सोनकर, मोहम्मद आजम, मोना सक्सेना, मुनीरा खां, अशोक सोनी, ब्रजभान सिंह पटेल, प्रवीण गुप्ता, सतीश केसवानी, सतीश श्रीवास्तव, राजाराम भारती, आदि ने अपने विचार वयक्त किये।

### कांप रहे लोग, कागज पर ही जल रहे अलाव

**जंघई।** ग्रामीण इलाकों में दिन भर कोहरा छाया रहता है, वहीं सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है इससे लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। प्रशासन भले ही अलाव जलाने का दावा कर रहा है लेकिन जगह जगह लोगों को कूड़ा करकट बटोर कर अलाव तापना पड़ रहा है।क्षेत्र में कोहरा, सर्द हवा और गलन लोगों को सता रही है जगह-जगह लोगों ने स्वयं के खर्च से अलाव जलाकर राहत पाने के लिए जुटे है। क्षेत्र के प्रमुख बाजारों प्रतापपुर, मियांपुर, सरायममरेज, बेला, वारी, सिरसा, भेलखा, चौका, जंघई, नेदुला, सोरों, बरियाराम, उग्रसेनपुर चौराहा सहित ग्रामीण इलाकों एवं मार्गों पर शाम ढलते ही समय से पहले सन्नाटा पसर जाता है लोग अपने घरों में शरण ले लेते हैं। विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर राहगीरों को ठंड से राहत के लिए सुबह से शाम तक अलाव जलाने का इंतजाम अत्यंत आवश्यक है।

## बमबाजी व फायरिंग की घटना में पुलिस ने अभी तक किसी का नहीं किया चालान, लीपापोती में जुटी

**नैनी।** नैनी थाना क्षेत्र के पीडीए कॉलोनी में 3 दिन पहले रविवार की रात हुई बमबाजी और फायरिंग की घटना में पुलिस ने उसी रात 5 लोगों को उठाया, परंतु अभी तक किसी का चालान नहीं किया। मामला पुलिस विभाग से जुड़ा होने की वजह से इलाकाई पुलिस लीपापोती में जुटी हुई है।

जैसा कि मालूम हो, कि पीडीए कालोनी स्थित वाटर पार्क में 3 दिन पहले रविवार की शाम बैडमिंटन खेलने को लेकर वहीं के रहने वाले गौरव तिवारी को कुछ लोग पीट रहे थे। उसे बचाने के लिए उसका साथी सौरभ द्विवेदी जब पहुंचा, तो उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया गया। दोनों जब नैनी थाने में मुकदमा दर्ज कराने पहुंचे, तब उसी दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने उनके घर पर पहुंचकर फायरिंग और भीषण बमबाजी की थी, जिससे तीन घरों के दरवाजे बम लगने से चटक गए थे। साथ ही छर्रा लगने से एक सात वर्षीय वेद घायल हो गया था। मौके से दो जिंदा बम भी बरामद हुआ था, जिसे पुलिस ने निष्क्रिय करते हुए कब्जे में ले लिया था। पूछताछ के दौरान नैनी इंस्पेक्टर बृजेश सिंह ने गड्ढा पटाखा की बात बताई थी, जबकि मामले में पुलिस ने उसी रात पांच लोगों को उठाया, परंतु अभी तक किसी का चालान नहीं किया । मामला पुलिस विभाग से जुड़ा होने की वजह से इलाकाई पुलिस लीपापोती करने में जुटी हुई है। अब यह देखना है, कि पुलिस कितने दिनों में आरोपियों को जेल भेज पाती है।

## संक्षेप

### लुढ़का पारा, ठंड गलन से परेशान दिखे लोग

**कौशाम्बी।** ठंड इन दिनों जमकर सितम ढा रही है। रात हो या दिन हर समय घना कोहरा छाया रहता है। ऐसे में ठंड और गलन हमेशा बनी रहती है। आलम यह है कि लोगों को कई दिनों से शाम के समय ही हल्का सा सूर्य के दर्शन हो पा रहे हैं। पूरे दिन लोग अलाव के सहारे अपना हाड कंपाती ठंड से बचते देखे जा रहे हैं। क्षेत्र की प्रमुख सड़कें, रेलवे स्टेशन और चौराहे सभी सूनसान नजर आ रहे हैं।

### सफलता पर हर्श को दी बधाई

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत पूरब-पश्चिमशरीरा निवासी हर्ष केसरवानी ने सीए की परीक्षा में 496 अंक हासिल किए हैं। मंगलवार को परिणाम आते ही परिजन खुशी से झूम उठे। हर्ष के शिक्षकोंए रिश्तेदारों व जानने वालों की खुशी का भी ठिकाना नहीं रहा। हर्ष के पिता श्याम नारायण केसरवानी ईंट भट्ठा संचालन के साथ इलेक्ट्रिक का भी कारोबार करते हैं। बुधवार को पश्चिमशरीरा व्यापार मंडल के अध्यक्ष विपिन केसरवानी सहित तमाम लोगों ने हर्ष को बधाई दी। बधाई देने वालों में बबलू जयसवाल, अमित केसरवानी, शुभम केसरवानी, अंकित मोदनवाल आदि शामिल हैं।

### डाककर्मियों ने खत्म की हड़ताल, काम शुरू

**कौशाम्बी।** साथी की पिटाई से खफा जिले के डाक कर्मचारियों ने बुधवार को हड़ताल समाप्त कर दी। इसी के साथ वह काम पर लौट आए। जिससे आम लोगों ने राहत महसूस की है। प्रयागराज स्थित कचहरी डाकघर में तैनात एक कर्मचारी के साथ सात जनवरी को महिला अधिवक्ता ने बदसलूकी की थी। इस मामले में कड़ी कार्रवाई नहीं होने से जिले के डाक कर्मचारी खफा थे। सोमवार और मंगलवार को डाक कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार किया था। जनपद के सभी नौ उप डाक घर व 88 डाक शाखाओं में काम नहीं होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा था। आधार बनवाने या जमा.निकासी के लिए पहुंचे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। बुधवार को हड़ताल समाप्त होने के बाद सभी ने राहत महसूस की।

# जिलाधिकारी ने अलवारा झील का किया स्थलीय निरीक्षण


अलवारा झील का निरीक्षण करते डीएम

**कौशाम्बी।** जिले की ऐतिहासिक अलवारा झील के संरक्षण एवं सौन्दर्यीकरण के दृष्टिगत बुधवार को जिलाधिकारी सुजीत कुमार व मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी एवं प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. राम सिंह यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने अलवारा झील का अवलोकन कर तहसीलदार से झील का क्षेत्रफल आदि जानकारी प्राप्त करते हुए प्रभागीय वनाधिकारी को अलवारा झील के संरक्षण एवं सौन्दर्यीकरण के साथ ही पर्यटन को बढ़ावा दिये जाने को भी दृष्टिगत रखते हुए विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित करने के निर्देश दियें। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को आगामी गर्मी के समय में साफ-सफाई कराने के निर्देश दियें। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि अलवारा झील को जलीय जैव विविधिता पार्क एवं नौकायन आदि के रुप में विकसित करने के लिए प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है। उन्होंने बताया कि अलवारा झील में आधारभूत सुविधाओ के विकास, वॉच टावर एवं जन.जागरूकता करने के लिए वन विभाग द्वारा रू0 25 लाख की धनराशि उपलब्ध करायी गई है, शीघ्र ही आवश्यक कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेंगीं।

## युवती का तमंचा लहराते वीडियो वायरल

**कौशाम्बी।** कातिलाना हमले की रिपोर्ट दर्ज कराने वाली युवती का तमंचा लहराते हुए वीडियो वायरल हुआ। वीडियो वायरल होने पर कातिलाना हमले के आरोपितों ने इस मामले में कार्रवाई की मांग अधिकारियों से की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कोखराज थाना में प्रयागराज के धूमनगंज की युवती ने तीन महीने पहले कातिलाना हमले की रिपोर्ट प्रयागराज के नूरआलम के खिलाफ दर्ज कराया था। युवती का आरोप था कि वह कार में बैठी थीए इसी दौरान असवा गांव के समीप युवक व उसके साथियों ने उसको गोली मारी थी। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले में कार्रवाई कर दी। हालांकि पीड़ित पक्ष का आरोप है कि फर्जी घटना है। जानबूझकर युवती ने घटना अंजाम दिलवाकर उनको फंसाया। इसकी जांच हो रही है। इसी बीच युवती का एक वीडियो वायरल हो गया। वीडियो में युवती तमंचा लहरा रही है। वीडियो वायरल हुआ तो आरोपितों ने शिकायत की। पुलिस ने इस मामले की भी जांच शुरू कर दी है। एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि प्रकरण की जांच शुरू करा दी गई है।

## कब्र से निकलवा कर पोस्टमार्टम को भेजा गया मजदूर का शव


कब्र से शव को निकालते लोग

**चायल, कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव के दुखी लाल पुत्र रामदास बिहार प्रांत में भट्ठा में मजदूरी करता था। 27 दिसंबर को बिहार प्रांत से एक्सप्रेस ट्रेन से वह अपने साथी दिनेश कुमार के साथ वापस घर लौट रहा था। रास्ते में दुखी लाल की मौत हो गई। मौत के बाद घर पहुंचे दुखी लाल के शव को परिजनों ने दफना दिया, लेकिन 16 दिन बाद परिजनों को आशंका हुई है कि दुखी लाल की मौत स्वाभाविक मौत नहीं है। संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी मौत हुई है। इस पर मृतक दुखी लाल की पत्नी चमेली देवी ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर मांग किया है कि उनके पति के शव को कब्र से निकलवा कर उसका पोस्टमार्टम कराया जाए। ताकि उसके पति के मौत का कारण स्पष्ट हो सके। महिला का कहना है कि वह अत्यंत निर्धन और बेसहारा विधवा महिला है। उसके पास आय का कोई स्त्रोत नहीं है। छोटे.छोटे बच्चे हैं ऐसी परिस्थिति में पति के मृत्यु के बाद उसका जीवन यापन करना कठिन है। जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी चायल मौके पर पहुंच कर कब्र की खुदाई करवाकर शव को बाहर निकालवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# अलाव व्यवस्था भी मुंह दिखाई, प्रभावशाली लोगों के इर्द-गिर्द ही दिख रही व्यवस्था

**अलाव व्यवस्था**

**कड़ाके की ठंड में फोटो छपास तक ही सीमित रह गयी नगर की अलाव व्यवस्था**

**अझुवा,कौशाम्बी।** ठंड से राहगीरों समेत इलाकाई लोगों को राहत मिले इसके लिए शासन जिले में बजट भेजती है। लेकिन यदि अझुवा नगर पंचायत के जिम्मेदारों की कार्यशैली की ओर निगाह डाली जाए, तो यहां मुंह दिखाई तक ही शासन की यह व्यवस्था दिखाई देती है।

अब यदि बुद्धिजीवियो ंकी बातों पर गौर करें तो कहा जा रहा है कि नगर पंचायत अझुवा के जिम्मेदार कर्मचारियों द्वारा सिर्फ अलाव की व्यवस्था फोटो खींचने तक ही रह गयी है। नगर के प्रमुख मार्गों एव चौराहों पर अलाव व्यवस्था न होने के कारण राहगीरो को ठंड में ही बैठना पड़ता है।

कल पड़ोसी जनपद फतेहपुर छीमी गाँव का एक अधेड़ अपनी दवा के लिए प्रयागराज बस से जाना चाह रहा था, बस के इंतजार में काफी देर ठंड में चौराहे पर खड़ा रहा। ठंड के चलते अचानक जमीन पर गिर गया और मौके पर ही मौत हो गयी । यही नही नगर पंचायत कार्यालय के पास ही रैन बसेरा भी बना हुवा है, वहाँ भी अलाव की कोई व्यवस्था नही है। नगर की प्रमुख मार्ग टाण्डा मार्ग, साखा धुमाई मार्ग, अझुवा से कनवार अमीरतपुर मार्ग जहाँ पर 24 घंटे राहगीरों का पैदल व साईकिल से आवागमन रहता है। इन मार्गो पर कोई अलाव की व्यवस्था नही की गई। इसी तरह भोला चौराहा, मुनीर होटल, टाण्डा चौराहा, मंडी समित अन्य प्रमुख चौराहों पर अलाव जलने चाहिए परन्तु नगर के द्वारा सिर्फ कागजो और फोटो में ही अलाव व्यवस्था दिखाया जा रहा है। एक स्थान पर लोगो ने बताया की 2 सफ्ताह से एक हरा कुंदा डाला गया, जिसमें नगर के कर्मचारी शाम को तेल डाल कर फोटो प्रतिदिन खीच कर चले जाते है, फिर उसी तरह कुंदा पड़ा रहता है। लोगो ने यह भी आरोप लगाया कि नगर के कुछ प्रभावशाली लोगों के दरवाजे के इर्द गिर्द ही व्यवस्था की जा रही है। बाकी अवाम से इस व्यवस्था का कोई सरोकार नही जहाँ पर मलिन बस्ती है उन बस्तियों की तरफ अभी तक कोई भी अलाव की व्यवस्था नही की गई। देखा जाए तो कागजो में अबतक सैकडों कुंतल लकड़ी जलाई जा चुकी होगी लेकिन धरातल में कहा जली किसी को मालूम नही। हालांकि इलाकाई लोगों ने इस ओर जिलाधिकारी सुजीत कुमार का ध्यान आकृष्ट कराया है।

## एटीएम कार्ड बदलकर 20 हजार रुपये निकाले

**कौशाम्बी।** कोतवाली के मडूकी गांव के एक युवक के 20 हजार रुपये एटीएम कार्ड बदलकर शातिर ने निकाल लिए। दूसरे दिन मोबाइल पर खाते से रकम निकलने का मैसेज देख युवक अवाक रह गया। बैक खाते के साथ एटीएम बंद कराने के बाद थाने पहुंचा और मामले की शिकायत की। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के मडूकी गांव का बृजेश कुमार पुत्र धनश्याम शनिवार को मंझनपुर बाजार गया था। वह स्थानीय एक एटीएम बूथ पर पैसा निकालने के लिए पहुंचा। इसी दौरान बूथ पर मौजूद अनजान युवक ने सर्वर डाउन होने की बात कहते हुए एटीएम कार्ड ले लिया। इसके बाद युवक को दूसरा एटीएम कार्ड थमा कर चला गया। रकम नहीं निकली तो वह घर चला गया। सोमवार को मोबाइल पर खाते से 20 हजार रुपये निकलने का मैसेज देख युवक के होश उड़ गए। आनन.फानन वह बैंक पहुंचा और बैक खाते के साथ एटीएम कार्ड लॉक कराया। थाने पहुंचे पीड़ित ने मामले की शिकायत की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर साइबर सेल को भेज दिया है।

# महिला लेखपाल की हत्या का खुलासा



हत्या का खुलासा करते एसपी

**खुलासा**

**महिला लेखपाल को चित्रकूट कामतानाथ दर्शन के बहाने ले गए थे हत्यारोपी**

**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के चायल तहसील तैनात महिला लेखपाल किरण रुपौलिया का रविवार चित्रकूट जनपद में रक्तरंजित शव मिलने पर साथी कर्मचारियों में रोष था, जिसका बुधवार को पिपरी पुलिस ने खुलासा कर दिया। जिसमे मुख्य आरोपी शुभम सिंह चकबंदी लेखपाल किरण रुपौलिया पत्नी स्व कृष्ण कुमार रुपौलिया निवासी एल 2 बुद्ध बिहार कलिंदीपुरम प्रयागराज जो चायल तहसील में महिला चकबंदी लेखपाल के पद पर तैनात थी। शनिवार सात जनवरी को ड्यूटी पर थी, वापसी के समय उसके ट्रैक्टर ड्राइवर शुभम मिश्रा द्वारा उसे चित्रकूट कामतानाथ दर्शन कराने के बहाने ले जाकर अपने साथियों संघ उसकी निर्मम हत्या कर दी गई थी। जिसका पिपरी पुलिस ने सीओ श्याम कांत की अगुवाई में खुलासा किया है। मुख्य आरोपी शुभम मिश्रा पुत्र शिव नरेश मिश्रा निवासी तिल्हापुर, विक्रम सिंह उर्फ बिक्कू पटेल पुत्र रामसिंह निवासी फरीदपुर, आशीष पासी पुत्र मनोज कुमार पासी निवासी बहुगारा, सुनील पासी पुत्र छोटू निवासी सेउथा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## शाक्तिपीठ कड़ा मुख्य मार्ग न बनने से स्थानीय लोग परेशान

**दारानगर, कौशाम्बी।** शाक्तिपीठ कडाधाम में इनदिनों कड़ाधाम मन्दिर मार्ग को जाने वाली रोड चर्चा का विषय बनी हुई है। खस्ताहाल सड़क से आने जाने वाले इलाकाई लोगों के अलावा दूर दराज से दर्शन को आने वाले भक्तों को दिक्कत हो रही है। बता दे कि कड़ाधाम मन्दिर मार्ग को जाने वाली सडक को पीडब्ल्यूडी द्वारा बनवाई जा रही है। रोड के एक साइड की रोड बना दी गई हैं और दूसरे साइड की रोड बनने के लिए बालू,गिट्टी आदि रोड पर ही गिरा दिया गया। पर दूसरे साइड पर पीडब्ल्यूडी विभाग रोड नही बना रहा है, जिससे कडाधाम में आने वाले श्रृध्दालुओ और स्थानीय दुकानदारों को काफी समस्या का सामना करना पड रहा हैं। आगामी 14 जनवरी को मकर संक्रांति का बडा मेला कडाधाम में लगने वाला है। ऐसे में लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

# नहरों की मनमानी सफाई के चलते किसानों के खेतों में भरा पानी : अजय सोनी

**जलभराव**

**जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों पर कार्यवाही और किसानों को मुआवजे की मांग**


नहर में की गई सफाई को देखते समर्थ पार्टी के अगुआ

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता अजय सोनी बुधवार को जिले की कई नहरों के कट जाने से किसानो के खेतों में हुए जलभराव का स्थलीय जायजा लिया और किसानो से मुलाकात की। इस अवसर पर किसानों के खेतों में पानी भर जाने से हुए नुकसान पर अजय सोनी ने सिंचाई विभाग की लापरवाही पर आक्रोश व्यक्त किया।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को समर्थ किसान पार्टी के नेता अजय सोनी अपने कार्यकताओं के साथ किसानों के खेतों में नहर की पटरी कट जाने से हुए जलभराव को देखने मंझनपुर ब्लॉक के भेलखा के पास पहुंचे। मौके पर मौजूद रहे कई किसानो ने अजय सोनी को बताया कि महंगे दामों पर खाद और बीज खरीदकर खेतों की बुआई की। साथ ही सिंचाई और ट्रैक्टर से बुवाई करने में हजारों रुपए खर्च हुए लेकिन सिंचाई विभाग की लापरवाही के चलते भेलखाा माइनर कटने से खेतों में पानी भर गया।जिससे सारी फसल बर्बाद हो गई और गरीब किसानो के आजीविका के लाले पड़ने की स्थिति उत्पन्न हो गई। अजय सोनी ने किसानो को आश्वस्त किया कि जल्द ही इस मुद्दे पर आंदोलन किया जाएगा और नुकसान के मुआवजे की मांग की जायेगी। इस अवसर पर अजय सोनी ने कहा कि सिंचाई विभाग द्वारा नहरों की मनमानी सफाई के चलते किसानो के खेतों में पानी भर गया है। नहरों की सफाई में विभागीय अधिकारी और ठेकेदारों ने भारी धांधली की है। इसी के साथ अजय सोनी ने जिला प्रशासन कौशांबी और जिला प्रशासन फतेहपुर से दोषी ठेकेदारों एवं अधिकारियों पर उचित कार्यवाही करने की मांग की। साथ ही कौशांबी जिले के जिन जिन किसानों के खेतों में नहर कटने से पानी भर गया हैए उन्हे चिन्हित कर उनको मुआवजा दिए जाने की मांग की। इस अवसर पर बचानी पाल, वीरेंद्र तिवारी, राकेश सोनकर सुंदर लाल सरोज, मुन्ना यादव आदि मौजूद रहे।

## सूदखोर से आजिज मजदूर ने सीओ से लगाई गुहार

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के मखऊपुर गांव निवासी मजदूर सूदखोर की प्रताड़ना से आजिज आकर परिवार समेत घर छोड़ने को मजबूर है। बुधवार को पीड़ित मजदूर ने मामले की शिकायत सीओ से की है। सीओ ने इंस्पेक्टर पिपरी को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। मखऊपुर गांव निवासी बृजेश कुमार मजदूरी कर परिवार का गुजारा करता है। उसने बताया कि दो साल पहले उसकी पत्नी की तबीयत खराब हो गई थी। पत्नी का इलाज करने के लिए उसने तिल्हापुर मोड़ निवासी एक साहूकार से 45 हजार रुपये उधार लिया था। आरोप है कि रुपये देते समय साहूकार पहले ही दस प्रतिशत के हिसाब से सूद काटकर रुपये दिए थे। अब वह सवा दो लाख रुपये मांग रहा है। बृजेश के मिन्नत करने पर वह गाली गलौच कर मकान कब्जा करने की धमकी दे रहा है। बुधवार को पीड़ित मजदूर ने मामले की शिकायत सीओ से की। सीओ श्यामकांत ने इंस्पेक्टर पिपरी को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## अब मौत के बाद आई पीएम आवास की किश्त




**कौशाम्बी।** सिराथू ब्लॉक के लोधन का पुरवा गांव की श्रीमनी जीते.जी एक अदद पक्की छत की राह निहारती रही। इसके लिए उसने अधिकारियों को ढेरों अर्जियां दीं। ब्लॉक से लेकर जिला मुख्यालय तक का चक्कर काटा। अफसरों ने जीवित रहते उसकी मजबूरी नहीं समझी। मौत के तीन महीने बाद खाते में आवास की पहली किस्त भेज दी। अब किस्त की यह रकम परिवार के लिए परेशानी का कारण बन गई है।

लोधन का पुरवा ;कैमा गांव की श्रीमनी देवी गृहणी थी। चार अक्तूबर 2022 को घर पर ही सांप काटने से उसकी मौत हो गई थी। श्रीमनी के परिवार की माली हालत अब भी ठीक नहीं है। सिर छिपाने के लिए एक अदद पक्का आशियाना तक नहीं है। कुनबा किसी तरह कच्चे मकान में गुजर.बसर कर रहा है। कच्चे मकान की स्थिति यह है कि कब ढह जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता। श्रीमनी ने प्रधानमंत्री आवास हासिल करने का हर संभव प्रयास किया। अधिकारियों को अर्जी दी। कभी ब्लॉक का तो कभी जिला मुख्यालय का चक्कर काटा। हर जगह से उसे सिर्फ आश्वासन मिला। मृत्यु के करीब तीन महीने बाद दो जनवरी 2023 को खाते में आवास की पहली किस्त भेजी गई। खाता बंद हो चुका है। अब इस रकम का कोई मतलब नहीं है।

# पानी भरे रास्ते से गुजरने को मजबूर फतेहपुर सहावपुर के लोग

**कौशाम्बी।** गांव के विकास के लिए जहां सरकार पानी की तरह पैसा बहा रही है। वहीं चायल विकास खंड के फतेहपुर सहावपुर गांव में अब तक नाली और सड़क का निर्माण नहीं हुआ। इससे लोगों के घरों का पानी सड़क पर ही भरा रहता है। इस कारण पानी भरे रास्ते से लोग चलने को मजबूर हैं।

चायल विकास खंड के फतेहपुर सहावपुर गांव के ग्रामीणों ने बताया कि नाली न होने से गांव की जल निकासी बाधित है। लोगों के घरों से पानी निकलने के बाद सड़कों पर ही पानी फैला रहता है। इसी के चलते पूरे गांव की सड़कों पर पानी जमा रहता है। ग्रामीणों ने कई बार ग्राम प्रधान के साथ.साथ खंड विकास अधिकारी से मिल कर गांव में नाली और सड़क निर्माण कराने की मांग कीए लेकिन अब तक नहीं बन सकी। सड़क पर जमे पानी से दुर्गंध निकलती है। लोगों में दहशत है कि ऐसा न हो गांव में संक्रामक बीमारी फैल जाए। इसके अलावा गांव में कई लोगों को शौचालय तो मिला है। परए वह शौचालय अधूरा ही है। किसी के शौचालय में शीट नहीं लगी है तो किसी के शौचालय में दरवाजा ही नहीं लगा है। जिसका शौचालय बना भी है तो वह उपयोग करने के लायक नहीं है। गांव के बिरजे सरोजए मुनिया देवीए पुष्पा देवी और दुर्गा प्रसाद आदि का कहना है कि पानी भरे रास्ते से लोग चलने को मजबूर हैं। दूषित पानी के कारण हमेशा गंभीर बीमारी होने का खतरा बना रहता हे। कई बार इसकी शिकायत की गई। लेकिनए अब तक इसका हल नहीं निकल सका है। काफी दिनों से सफाई कर्मी गांव में दिखा नहीं है। खुद से नालियां साफ करनी पड़ती है। गांव के सड़क की हालत खस्ता है। शौचालय की भी गंभीर समस्या है।

### भरवारी में नाले में फंसी गाय को निकाला

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी में रेलवे लाइन किनारे नाला बना है। बुधवार को इसी नाले में एक गाय फंस गई। यह देख मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने नगर पालिका प्रशासन को मामले की जानकारी दी। मौके पर घंटों बाद पहुंची नगर पालिका की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह गाय को बाहर निकाल दिया। उसका इलाज कराया जा रहा है।

### विकास कार्य में एकाउंटेंट की खल रही कमी

**कनैली, कौशाम्बी।** जिले के कुछ ब्लाक में एकाउंटेंट की कमी विकास कार्यों में रोडा बन रही है। हालांकि इसके लिए पहले ही जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने जिम्मेदारों को निर्देशित किया था कि एकाउंटेंट की भूमिका अहम होती है, ऐसे में ब्लाकों में एकाउंटेंट तैनात किए जाएं। आरोप है कि कौशाम्बी ब्लॉक में एकाउंटेंट न होने से विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। जबकि इस ओर जिम्मेदारों का ध्यान नहीं जा रहा। ऐसे में नरेगा का मजदूरी भुगतान,आवास का भुगतान,छेत्र पँचायत द्वारा कराए जा रहे कार्य आदि प्रभावित हो रहे हैं। आरोप है कि जिम्मेदारों के हठ वादिता के चलते दस दिन से कोई एकाउंटेंट नहीं है। ह्नजबकि एक तहसील में एक एकाउंटेंट की नियुक्ति किए जाने के लिए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया था। कौशाम्बी ब्लॉक में एकाउंटेंट अवनीश श्रीवास्तव 31 दिसम्बर को सेवा से कार्य मुक्त हो चुके हैं तब से आज तक कोई एकाउंटेंट कार्य भार ग्रहण नहीं किया। जिससे ब्लॉक कौशाम्बी का विकास कार्य प्रभावित हो रहा है क्षेत्र के प्रधान एवं पँचायत सदस्यों में आक्रोश है। हालांकि क्षेत्रीय प्रधानों, पंचायत सदस्यों ने इस ओर जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# मार्ग प्रकाश व्यवस्था की स्ट्रीट लाइटों में ठेकेदारों का ग्रहण

**बंदरबाट**

**कुछ स्थानों की लाइटें अभी तक जली ही नही, जिन स्थानों की लाइटें जली भी तो खराब गुड़वत्ता के कारण टाईमर से आउट हो गयी। ऐसे में सारा दिन लाइटें जलती रहती हैं**


अनदेखी का शिकार स्ट्रीट लाइटें

**अझुवा, कौशाम्बी।** नगर पंचायत अझुवा को सुंदरीकरण के लिए शासन द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर योजना के तहत सवा तीन करोड़ की भारी भरकम रकम निर्गत किया गया था। जिसके सापेक्ष नगर पंचायत को पहली किस्त के रूप में डेढ़ करोड़ रुपए निर्गत किया गया। जिसमें सबसे ज्यादा मार्ग प्रकाश का बजट रहा। ठेकेदार द्वारा चयनित वार्डो के परिक्षेत्रों में पोल और एलईडी लाईट लगवा तो दी गयी लेकिन कुछ स्थानों की लाइटें अभी तक जली ही नही, जिन स्थानों की लाइटें जली भी तो खराब गुड़वत्ता के कारण टाईमर से आउट हो गयी। ऐसे में सारा दिन लाइटें जलती रहती हैं।

अब यदि नगर के लोगो की माने तो पोल से लेकर एलईडी लाइटें जो लगवाई गयी हैं वो ब्रांडेड कम्पनी के लोगों का नाम देकर एसेम्बल करके गुडवत्ता विहीन एलईडी लाइटें लगवाई गयी हैं। जिम्मेदार अधिकारियों एवं ठेकेदार की मिलीभगत के चलते सुंदरीकरण के धन को सिर्फ बन्दरबांट किया जा रहा है। इसी योजना से अझुवा नवीन स्वास्थ्य केंद्र के परिसर के अंदर रैन बसेरा का भी निर्माण करवाया गया लेकिन अभी तक उस को भी तैयार नही किया जा सका जबकी सभी कार्यो का 70 प्रतिशत धन भी ठेकेदारों को भुगतान कार्यालय द्वारा किया जा चुका है। बहरहाल यदि ऐसे में योजना के बजट में खर्ज किए गए धन की जांच कराई जाए तो बड़ा रहस्य निकल सकता है। हालांकि लोगों ने इस ओर जिलाधिकारी सुजीत कुमार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पाए जाने वालों के खिलाफ कार्यवाही कराए जाने की मांग किया है।

## संक्षेप

### मारपीट की घटना को लेकर दी तहरीर

**प्रतापगढ़।** लीलापुर थानान्र्तगत वरदैत कैथा डांडी में हुई मारपीट की घटना को लेकर पीडित ने तहरीर दी है। वरदैत कैथागांव डांडी की सोना देवी पत्नी संतराम ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि ग्यारह जनवरी की सुबह दस बजे लकडी उठा ले जाने के विवाद को लेकर गांव के कुछ लोगों ने उसे व उसके बेटे को मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले मे पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है, मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### किशोरी के अपहरण का मुकदमा दर्ज

**प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना के एक गांव के पीडित ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उनकी बेटी को जौनपुर जिले के थाना सुजानगंज अर्न्तगत पियारेपुर करौरा गांव निवासी मनीष तिवारी व आशीष तिवारी पुत्रगण मानिकचंद्र तिवारी बीते नौ जनवरी को बहलाफुसलाकर कहीं भगा ले गये। दरोगा गणेश पटेल का कहना है कि मामले मे तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### युवक लापता, दी तहरीर

**लालगंज।** उदयपुर थाना क्षेत्र के घोरहा निवासी गंगाराम पुत्र रामदयाल ने बुधवार को पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि उसका पुत्र लवकुश मंगलवार की दोपहर ढाई बजे घर से बिना किसी को बताए साइकिल से कहीं गया हुआ था। देर शाम तक उसके घर न लौटने पर परेशान परिजनों ने काफी खोजबीन किया लेकिन युवक कुछ अता पता नही चल सका। पीडित ने पुलिस को तहरीर देकर उचित कार्रवाई की मांग उठाई है।

# एसडीएम के तबादले को लेकर सातवें दिन भी वकीलों का हंगामा

**लालगंज।** तहसील में एसडीएम के तबादले की मांग को लेकर बुधवार को तहसील प्रांगण में अधिवक्ताओं ने एसडीएम के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने सातवें दिन तहसील की सभी अदालतों मे न्यायिक कामकाज का पूर्ववत बहिष्कार जारी रखा। इसके चलते अदालतों में कामकाज नहीं होने से कड़ाके की ठंड में पहुंचे वादकारी मायूस होकर घर वापस लौट रहे देखे जा रहे हैं। लालगंज तहसील में एसडीएम सौम्य मिश्र की कार्यप्रणाली से नाराज अधिवक्ता बीते सात दिनों से लगातार से हंगामा व विरोध प्रदर्शन कर उनके तबादले की मांग कर रहे हैं। एसडीएम को हटाने की मांग को लेकर लगातार सातवें दिन बुधवार को भी संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी व महामंत्री शेष तिवारी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने तहसील गेट व परिसर में नारेबाजी कर एसडीएम को हटाने की मांग उठाई। विरोध प्रदशन व नारेबाजी के बाद बुधवार को अधिवक्ताओं ने आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए एसडीएम कोर्ट के साथ तहसील में संचालित सभी न्यायालयों के बहिष्कार का निर्णल लिया। तहसील में न्यायालयों में कामकाज नहीं होने



लालगंज तहसील गेट पर विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता

से कड़ाके के ठंड में पहुंचे वादकारी मायूस होकर वापस लौट गए। इसके पश्चात अधिवक्ताओं की तहसील परिसर में बैठक हुई। बैठक में अधिवक्ताओं ने एक स्वर में तय किया कि जब तक एसडीएम का तबादला नहीं होता अदालतों का बहिष्कार जारी रहेगा। अधिवक्ताओं ने कहा कि जिला प्रशासन ने एसडीएम को नहीं हटाया तो दीवानी न्यायालय में कार्य बहिष्कार किया जाएगा। पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्रा ने कहा कि एसडीएम की कार्यशैली पूरी तरह से अधिवक्ताओं के सम्मान के खिलाफ है। जिले के मुखिया को चाहिए कि इनका तबादला जल्द से जल्द लालगंज से कर देना चाहिए। पूर्व अध्यक्ष अजय शुक्ला गुड्डू ने कहा कि एसडीएम का तबादला अगर जल्द से जल्द नहीं किया जाता है, तो हम अधिवक्तागण प्रतापगढ़ कचहरी में पहुंचकर आंदोलन करेंगे। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, रुरल बार एसोसिएशन अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ला, संतोष पाण्डेय, विजय तिवारी, संदीप सिंह, विकास मिश्र, प्रदीप सिंह, टीपी यादव, प्रमोद सिंह, घनश्याम मिश्र, शैलेन्द्र शुक्ल, रामअंजोर तिवारी, जयकरन सिंह, विपिन शुक्ल, विनय शुक्ल, केके शुक्ल, अनूप पाण्डेय, धीरेन्द्र मिश्र, शैलेंद्र सिंह, संजय सिंह, सिंटू मिश्रा, रामलगन यादव, दिनेश मिश्र, दीपेंद्र तिवारी, संतोष सिंह, विनोद मिश्रा, उदयराज पाल आदि मौजूद रहे।

## जिला बार काउंसिल का चुनाव 3 फरवरी को

**प्रतापगढ़।** जिला बार एसोसिएशन का चुनाव 3 फरवरी को सम्पन्न होगा। यह जानकारी एसोसिएशन अध्यक्ष राम चन्द्र सिंह व महामंत्री गुलाब सिंह ने जारी विज्ञप्ति में दी है। उन्होंने बताया कि जिला बार एसोसिएशन वर्ष 2023-24 का चुनाव एल्डर कमेटी के देख रेख में सम्पन्न होगा। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष जय नारायण सिंह की उपस्थिति में नामित सदस्यों विद्याभार सिंह, महीप नारायण सिंह, राजेन्द्र प्रताप सिंह दाढ़ी, गुलाब सिंह व जैनुल के प्रस्ताव पर चुनाव 3 फरवरी को कराने का निर्णय लिया गया। एसोसिएशन का चुनाव वर्तमान अध्यक्ष राम चन्द्र सिंह के देख रेख में संपंन होगा। इसके पहले चुनाव की तिथि 30 जनवरी निश्चित की गई थी। इस दिन बार काउसिंल आफ यूपी द्वारा धरना प्रदर्शन का अवाहन किया गया है। जिसके कारण चुनाव की तिथि में फेर बदल किया गया है।

## टैबलेट पाकर छात्र छात्राओं में छायी खुशी



छात्र को टैबलेट प्रदान करते महाविद्यालय के शिक्षक

**लालगंज।** हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज मे छात्र छात्राओं ने टैबलेट वितरण कार्यक्रम हुआ। जिसमे टैबलेट पाकर छात्र छात्राओ ने खुशी जतायी। कार्यक्रम में मौजूद प्रो. राजेन्द्र मिश्र व प्रो. आलोक दुबे ने कहा कि टैबलेट मे उपलब्ध जानकारियों को साझा कर छात्र छात्राओं के ज्ञान मे और वृद्धि हो सकेगी। टैबलेट उनके शैक्षणिक कार्य में सार्थक रूप से अहम भूमिका निभा सकेगा। कार्यक्रम में डा. सत्येन्द्र त्रिपाठी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संयोजन महाविद्यालय के जनसूचनाधिकारी डा. फणीन्द्र नाथ मिश्र ने किया।

# कांम्बिंग के दौरान भीषण कोहरे का शिकार हुई 112

**कोहरा**

**हादसे में चालक गोविंद प्रसाद व कांस्टेबल प्रह्लाद गंभीर रूप से हुए घायल**

**पट्टी।** बुधवार की भोर में कॉम्बिंग कर रही यूपी 112 की पीआरवी भीषण कोहरे के कारण बेकाबू होकर सड़क किनारें खाई में पलट गई। हादसे में चालक गोविंद प्रसाद व कांस्टेबल प्रह्लाद गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायल पुलिस कर्मियों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया जहाँ पर सभी घायलों का उपचार चल रहा है। बताते चले कि पिछले कई दिनों से कोहरा दस्तक दे रहा है। आये दिन अलग अलग स्थानो पर कोहरे की वजह से सड़क हादसों में बढ़ोतरी हुई है, वही मंगलवार की बीती रात कांबिंग कर रही डायल 112 की इनोवा कार बंधवा बाजार से वापस लौट कर आ रही थी। जैसे वह जगदीशपुर गांव के समीप पहुंची वह अनियंत्रित होकर कोहरे का शिकार हो गई। जिसमें इनोवा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी।




कोहरे के कारण अनियंत्रित होकर सड़क किनारे डायल 112

# मालगाड़ी के लेट होने पर ड्राइवर व चालक लखनऊ तलब

**तलब**

**गौरीगंज फैक्टरी से जुड़ा मामला, अधिकारियों पर उठ रही अंगुली**

**लेट में आरेजमेंट मिलने से समय पर नहीं पहुंच सके परिचालन कर्मी**

**प्रतापगढ़।** रैक खाली होने के बाद मालगाड़ी चलाने में हुए विलंब की सजा उसके गार्ड और ड्राइवर को भुगतनी पड़ रही है। अधिकारियों ने दोनो को कार्रवाई के लिए लखनऊ मंडल कार्यालय में तलब कर लिया है। उधर, गार्ड को लखनऊ जाने की सूचना न देने के मामले में ट्रेन क्लर्क भी लखनऊ बुलाया गया है। हालांकि इस मामले में ट्रैफिक और परिचालन की तरफ से लेट आरेजमेंट देने की बात कही जा रही है। जिसमें अनुचित तरीके से फैक्ट्री को लाभ पहुंचाने की भी बात कही जा रही है। हालांकि इस मामले को लेकर नार्दन रेलवे मेंस यूनियन के नेता आगे आए हैं। उनका कहना है कि कर्मचारियों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे।

गौरीगंज फैक्ट्री में लगी मालगाड़ी को खाली होने के बाद उसको लाने के लिए प्रतापगढ़ के गार्ड और ड्राइवर की ड्यूटी लगाई गई थी। सूत्रों के अनुसार दोनो समय से नहीं पहुंच पाए जिसके कारण मालगाड़ी को करीब दो घंटे लेट रवाना किया गया। इसकी जानकारी होने पर लखनऊ के अधिकारी खफा हो गए। दोनो को लखनऊ तलब किया गया है। गार्ड को इसकी सूचना न देने के आरोप में ट्रेन क्लर्क भी लपेटे में आ गया। उसको भी गुरुवार को बुलाया गया है। पता चला है कि गार्ड और ड्राइवर को पंजाब मेल से गौरीगंज जाने के लिए कहा गया था। वह लेट हो गई। जिससे वे गौरीगंज लेट पहुंचे। खास बात यह है कि ड्राइवर और गार्ड को दिन में साढ़े बारह बजे का आरेजमेंट मिला। उनको 3005 पंजाब मेल से गौरीगंज आने का निर्देश अधिकारियों का था। मेल लेट हो गई। इस कारण वे भी लेट हो गए । हालांकि उसके पहले नीलांचल आई थी। लेकिन वो छूट गई। बाद में पंजाब मेल से गए। टीआई का कहना है कि गार्ड और ड्राइवर को पंजाब मेल से जाना था। वह लेट हो गई। उसके पहले नीलांचल आ गई। इससे नहीं गए। जिससे मालगाड़ी करीब दो घंटे लेट चली। दोनो को तलब किया गया है।

### रैक को खाली होने में हुआ खेल

रैक के खाली होने के फौरन बाद ही गार्ड और ड्राइवर को बुलाने का आरेजमेंट देकर प्रतापगढ़ से बुलाना बात समझ से परे है। स्टॉफ का कहना है कि अगर बुलाना था तो दो घण्टे पहले ट्रेनें की सुविधा अनुसार आरेजमेंट देना था। सूत्र बताते हैं कि जिस दो घंटे के लिए इतना हो हल्ला मचा है। उसके लिए ट्रैफिक इंस्पेक्टर और गौरीगंज परिचालन के लोग भी जिम्मेदार हैं। जिन्होंने उच्च अधिकारियों की आंखों में धूल झोंककर कुछ खास लोगों को अनुचित लाभ देने के लिए नया ड्रामा कर रहे हैं। बता दें कि साइड पर लगे रैक को नियमतः सात घंटे में खाली करना होता है। उसके बाद एक रैक के हिसाब से हर घंटा करीब दो सौ रुपए पेनाल्टी मॉल मंगाने वाले को रेलवे को देनी होती है।

### इनका कहना है

नार्दन रेलवे मेंस यूनियन प्रतापगढ़ ब्रांच के मंत्री अनिल शुक्ला का कहना है मामला उनके संज्ञान में है। कर्मचारियों का उत्पीड़न नहीं होने देंगे। इस प्रकरण की जांच होनी चाहिए। गौरीगंज के एसएस ने इससे पल्ला झाड़ लिया। टीआई का कहना है कि पंजाब मेल लेट थी तो दोनो को नीलांचल से जाना था। लेकिन नहीं गए। दोनो की लापरवाही है।

# ताला तोड़कर नकदी व बाइक समेत हजारों का सामान उड़ाया

**लालगंज।** लीलापुर थाना क्षेत्र के तिना चितरी मे हाइवे किनारे स्थित बिल्डिग मैटेरियल की दुकान का ताला तोडकर बीते मंगलवार की रात अज्ञात चोर हजारो की नकदी व सामान समेत दुकान मे रखी देवी देवताओं की पीतल की मूर्ति भी उड़ा ले गये। घटना को लेकर पीडित दुकानदार ने बुधवार को पुलिस को अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के बवरिहा गांव निवासी सौरभ शुक्ल पुत्र त्रिवेणी प्रसाद शुक्ल ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि वह प्रतापगढ़-रायबरेली राजमार्ग पर तिना चितरी में हाइवे किनारे त्रिवेणी टेज्डर्स के नाम से अपनी बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान चलाता है। पीडित के अनुसार वह बीते मंगलवार की शाम पांच बजे दुकान मे अपनी बाइक खडी कर दुकान का ताला बंद करके घर चला गया। अगले दिन बुधवार की सुबह साढे सात बजे पीडित दुकान खोलने पहुंचा तो उसका ताला टूटा देख आवाक रह गया। पीडित का कहना है कि अज्ञात चोर दुकान का ताला तोडकर अंदर रखी



दुकान में हुई चोरी की घटना को बताते पीड़ित सौरभ शुक्ल

उसकी बाइक, कई डिब्बे पेंट व मोबाइल फोन तथा पांच हजार की नकदी, पीतल की देवी देवताओं की मूर्ति व इर्न्वटन तथा बैट्री समेत हजारों का सामान उडा ले गये। घटना को लेकर पीडित ने पीआरवी पुलिस से फोन पर सूचना दिया। इसके बाद थाने जाकर पुलिस को तहरीर दी। दरोगा रमेश यादव का कहना है कि तहरीर मिली है, दुकान में चोरी की घटना हुई है। मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## कुर्मी महासभा की बैठक सम्पन्न

**लालगंज।** क्षेत्र के सॉरीपुर मे बुधवार को भारतीय कुर्मी महासभा की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमे जनपद व जनपद के बाहर से भी पहुंचकर लोगों ने अपनी सहभागिता निभायी। आयोजक जिला पंचायत सदस्य सुंदरलाल पटेल ने कहा कि समाज का विकास एक जुट रहने से ही हो सकता है। कार्यक्रम में अगई गांव के अवधेश पटेल ने कहा कि समाज के विकास के लिए हमें लोगों को एकजुटता के प्रति जागरूक करना होगा। उन्होनें कुर्मी समाज के विकास के लिए चल रही सरकारी योजनाओं के बारे मे भी लोगों को बताया। इस मौके पर विन्देश्वरी पटेल, अरविंद पटेल, धर्मेन्द्र पटेल, एलपी पटेल, सूर्यप्रकाश पटेल, विमल वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। उन्होनें प्रदेश सरकार की चल रही योजनाओं की भी सराहना किया।

## पट्टी सीएचसी में लगाया गया इनक्यूबेटर मरीजों को मिलेगी सहूलियत

**प्रतापगढ़।** पट्टी सीएचसी में अब ब्लड व यूरिन सम्बंधी पुराने रोगों की पहचान इनक्यूबेटर से किया जाएगा। इससे रोगी को दी जाने वाली दवाओं में सहूलियत मिलेगी और मरीज को कम समय में रोग से मुक्ति मिलेगी। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित किसी भी अस्पताल को मिलने वाली इस तरह की यह पहली सुविधा है। जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज के साथ ग्रामीण इलाकों में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्वास्थ्य सेवाओं में भी शासन स्तर से लगातार सुधार के प्रयास जारी हैं। इसी क्रम में सीएचसी पट्टी को स्वास्थ्य निदेशालय की ओर से इनक्यूबेटर मुहैया कराया गया है। विशेषज्ञों के मुताबिक इससे यूरिन, ब्लड आदि से सम्बंधित पुराने व असाध्य रोगों की गंभीरता का पहचान आसानी से की जा सकेगी। पुराने ऐसे रोग जिसमें कोई दवा अपेक्षित काम नहीं कर रही है, उसकी पहचान कर सम्बंधित दवाएं देने व रोग पर काबू करने में मदद मिलेगी। अब तक ऐसे रोगों की जांच के लिए रोगी का सैंपल



लेकर प्रयागराज अथवा लखनऊ भेजा जाता था। जांच रिपोर्ट आने में सप्ताह भर का समय लगने के साथ रोगियों के जेब से पैसे खर्च होते थे। पट्टी सीएचसी के अधीक्षक डॉ0 अखिलेश जायसवाल ने बताया कि इनक्यूबेटर उपलब्ध होने से यूरिन, ब्लड आदि से संबंधित मरीजों के लिए यह वरदार साबित होगी। इन्हें तत्काल जांच रिपोर्ट मिल जाएगी और चार से पांच सौ रुपये आसानी से बच जाएंगे। साथ ही उनके रोग की सही पहचान कर दवाएं दी जा सकेंगी।

## विद्यालय में प्रबुद्धजनों का हुआ सम्मान

**प्रतापगढ़।** इन्द्राजी देवी बालिका विद्यालय घूरीपुर में प्रबुद्धजनों का सम्मान समारोह एवं कवि सम्मलेन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में परिषदीय विद्यालय के ब्लाक अध्यक्ष निर्भय सिंह ने कहा कि शिक्षा से ही समाज व देश का उत्थान संभव है। उन्होनें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर अध्यापको का आहवान किया। कार्यक्रम मे सोनू मिश्र, समाजसेवी संजय शुक्ल ने भी अपने विचार रखे। साहित्यकार डा. अरूण रत्नाकर, प्रमोद दुबे, संतोष मिश्र, मिठाई लाल गौतम, लवलेश यदुवंशी आदि ने काव्यपाठ किया। अध्यक्षता साहित्यकार डा. सच्चिदानंद त्रिपाठी व संचालन अंकित तिवारी ने किया। विद्यालय की प्रबन्धक किरन सिंह ने आभार जताया। इस मौके पर विनय दुबे, आस नारायण विश्वकर्मा, सिद्ध नारायण विश्वकर्मा, गिरिजाशंकर तिवारी, श्याम तिवारी, शिव कुमार आदि रहे।

# सड़क सुरक्षा नियमों की दी जानकारी वाहनों का चालान भी किया

**सड़क सुरक्षा माह**

**पीटीओ दिनेश शर्मा, आरआई रंजीत सिंह के नेतृत्व में अभियान के तहत वाहन चालकों की चेकिंग की गई**

**प्रतापगढ़।** सड़क सुरक्षा माह के तहत बुधवार को एआरटीओ कार्यालय आने वाले आवेदकों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई। पीटीओ दिनेश शर्मा, आरआई रंजीत सिंह के नेतृत्व में अभियान के तहत वाहन चालकों की चेकिंग की गई। उन्होंने बताया कि एक ओवरलोड ट्रक का चालान कर जुमार्ना लगाया गया। इसके अलावा बिना सीट बेल्ट कार चलाने वाले 11, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने वाले चार व बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले 29 लोगों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। आर आई रंजीत सिंह ने



सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए

बताया कि विभाग द्वारा वाहन चालकों को सड़क के नियमों का पालन करने के लिए विशेष अभियान चलाकर जानकारी दी जा रही है। इसके बावजूद लोग बिना सड़क के नियमों का पालन किये वाहनों को रफ्तार से चला रहे हैं। सड़क के नियम पालन न करने से आये दिन भीषण दुर्घटनाएं हो रही हैं। जिसमें लोगों का अमूल्य जीवन बर्बाद हो रहा है। सड़क के नियम का पालन कर यदि हम वाहन चलाएँ तो स्वयं का और दूसरों का भी जीवन बचाया जा सकता है। नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालक चालान के समय तरह-तरह का दबाव बनाते हैं। विभाग द्वारा लापरवाह वाहन चालकों पर आगे भी चालान की कार्यवाही जारी रहेगी।

## एसपी सतपाल अंतिल ने चौकीदारों को बांटे कंबल व गर्म कपड़े

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने जेठवारा थाने में चौकीदारों को कंबल व गर्म कपड़े वितरित किये। चौकीदारों से गांव की विशेषताओं व समस्याओं के बारे में चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी ने एडिशनल एसपी रोहित मिश्र के साथ जेठवारा थाने का निरीक्षण भी किया। थाना परिसर में डम्प पुरानी गाड़ियों को एक स्थान पर एकत्र करवाने के लिए थानाध्यक्ष अभिषेक सिरोही को निर्देश दिया। एसपी ने थाने पर शिकायत लेकर आने वाली महिलाओं के लिए सुलभ शौचालय बनवाने का थानाध्यक्ष को निर्देश दिया। एसपी ने थाने के लाकअप, रजिस्टर, लंबित विवेचना सहित साफ सफाई का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया।

# कैदियों को नि:शुल्क अधिवक्ता पैनल के बारे में दी गई जानकारी

**प्रतापगढ़।** विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नीरज कुमार बरनवाल ने जिला जज प्रदीप कुमार सिंह के निर्देश पर बुद्धवार को जेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने कैदियों को मैनुवल के तहत हर सुविधाओं को बनाये रखने का निर्देश दिया। विशेष जेल लोक अलदालत के सम्बंध में सचिव ने कैदियों को सरकार की तरफ से निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराये जाने के संबंध में जानकारी दी। सचिव नीरज बरनवान ने कैदियों को बताया कि जो कैदी अपने मुकदमें की पैरवी करने में आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं, उनके लिए बिना पैसे के अधिवक्ता उपलब्ध है। इसके लिए उसे लिखित आवेदन करना होगा। सचिव ने जेल अधीक्षक रमाकान्त को निर्देश दिया कि जो कैदी निःशुल्क अधिवक्ता की सेवा अपने मुकदमे की पैरवी के लिए लेना चाहते हैं उनसे लिखित आवेदन ले लें। आवेदन पत्र को जेल रजिस्टर में अंकित कर जिला विधिक सेवा कार्यालय में उपलब्ध करायें ताकि



जेल में बंद कैदियों को जानकारी देते नीरज कुमार बरनवाल

उन्हें पैनल अधिवक्ता मुहैया कराया जा सके। देखा गया है कि बहुत से बंदी ऐसे हैं जो आर्थिक तंगी के चलते या जिनके यहॉ मुकदमें की पैरवी के लिए उपयुक्त व्यक्ति नहीं है, वे कई सालों से जेल में बंद हैं। इसके लिए सरकार ने ऐसे लोगों के लिए मुकदमे की पैरवी के लिए निःशुल्क पैनल अधिवक्ता उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। सचिव ने रसोई घर, अस्पताल, जेल परिसर की साफ सफाई का भी निरीक्षण किया। जेलर को प्रतिदिन जेल में साफ सफाई कराने, ठंड से बचाने आदि का निर्देश दिया। जेलर ने पुरूष व महिला व किशोर कैदियों के बारे में सचिव को विशेष जानकारी दी। इस दौरान डा0 प्रवीण रंजन, डा0 अरविन्द कुमार सरोज, उप जेलर आफताब अहमद अंसारी, उप जेलर सुनील कुमार द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## जनसंपादकीय

# समाज और राष्ट्र के कर्णधार हैं युवा

कृष्ण कुमार यादव



युवा वर्ग मानव शक्ति का सबसे प्राणवान और ऊर्जस्वी वर्ग है, जो सदैव प्रगति और विकास का अगुआ रहा है। युवा किसी भी समाज और राष्ट्र के कर्णधार हैं, वे उसके भावी निमार्ता हैं। चाहे वह नेता या शासक के रूप में हों, चाहे डॉक्टर, इन्जीनियर, वैज्ञानिक, साहित्यकार व कलाकार के रूप में हों। इन सभी रूपों में उनके ऊपर अपनी सभ्यता, संस्कृति, कला एवम् ज्ञान की परम्पराओं को मानवीय संवेदनाओं के साथ आगे ले जाने का गहरा दायित्व होता है। भारत को विश्व की महाशक्ति बनाने में युवा शक्ति का सबसे बड़ा योगदान है। आज पूरी दुनिया की निगाहें युवा वर्ग पर टिकी हुई हैं। वे राष्ट्र के सबसे ऊजार्वान भाग में से एक हैं और इसलिए उनसे बहुत उम्मीदें हैं। सही मानसिकता और क्षमता के साथ युवा राष्ट्र के विकास में योगदान कर सकते हैं और इसे आगे बढ़ा सकते हैं। भारत विश्व के सर्वाधिक जनसंख्या वाले देशों में से एक है और हमारी जनसंख्या का लगभग 65 फीसदी हिस्सा युवा हैं। हमारी जनसंख्या का 50 प्रतिशत हिस्सा 18-35 वर्ष की आयु का है। भारत में 27.5 प्रतिशत जनसंख्या 15 से 29 साल के आयुवर्ग के लोगों की है वही 41.3 प्रतिशत लोग 13 से 35 साल की उम्र के हैं। ऐसे में युवाओं की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। अगर इन युवाओं को सही ढंग से तराशा और संवारा जाए तो वे राष्ट्रीय गौरव का एक नया इतिहास रच सकते हैं। युवा वर्ग अपनी मेघा, परिश्रम और लगन से सबको चमत्कृत कर सकते हैं और युवा शक्ति भारत को विश्व का मुकुटमणि बना सकती है। इसीलिए यह आवश्यक है कि युवाओं के व्यक्तित्व का निर्माण हमारी प्राथमिकता में शामिल हो।

भारत में स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती, अर्थात 12 जनवरी को प्रतिवर्ष 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने सन्-1984 ई. को 'अन्तरराष्ट्रीय युवा वर्ष' घोषित किया था और तदनुसार भारत सरकार ने सन 1984 से ही स्वामी विवेकानन्द जयंती का दिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में देशभर में मनाने का निर्णय लिया। स्वामी विवेकानंद का यह कथन युवाओं के लिए सदा से प्रेरणास्त्रोत रहा है -'उठो, जागो, स्वयं जागकर औरों को जगाओ। अपने नर-जन्म को सफल करो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाये।ɿ निश्चततः स्वामी विवेकानन्द आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि हैं। उनका जीवन दर्शन और आदर्श भारतीय युवकों के लिए प्रेरणा का बहुत बड़ा स्त्रोत है। उन्होंने हमें कुछ ऐसी वस्तु दी है जो हममें अपनी उत्तराधिकार के रूप में प्राप्त परम्परा के प्रति एक प्रकार का अभिमान जगा देती है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया, 'चिंतन करो, चिंता नहीं, नए विचारों को जन्म दो।' तीस वर्ष की आयु में स्वामी विवेकानन्द ने शिकागो, अमेरिका के विश्व धर्म सम्मेलन में हिंदू धर्म का प्रतिनिधित्व किया और उसे सार्वभौमिक पहचान दिलवायी। गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने एक बार कहा था-'यदि आप भारत को जानना चाहते हैं तो विवेकानन्द को पढ़िये। उनमें आप सब कुछ सकारात्मक ही पायेंगे, नकारात्मक कुछ भी नहीं।'

युवा शब्द अपने आप में ही उर्जा और आन्दोलन का प्रतीक है। एक राष्ट्र जो ऊजार्वान, जिज्ञासु और मेहनती युवकों से भरा है और उन्हें काम के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करने में सक्षम हो वह अपने विकास के लिए मजबूत आधार बनाता है। युवा वह दीवार है जिस पर राष्ट्र की भावी छतों को सम्हालने का दायित्व है। भारत की कुल आबादी में युवाओं की हिस्सेदारी करीब 65% प्रतिशत है जो कि विश्व के अन्य देशों के मुकाबले काफी है। इस युवा शक्ति का सम्पूर्ण दोहन सुनिश्चित करने की चुनौती इस समय सबसे बड़ी है। हमारे देश में कई प्रतिभाशाली और मेहनतकश युवा हैं जिन्होंने देश को गर्व की अनुभूति कराई है। भारत में युवा पीढ़ी उत्साहित और नई चीजें सीखने के लिए उत्सुक हैं। चाहे वह विज्ञान, प्रौद्योगिकी या खेल का क्षेत्र हो झ हमारे देश के युवा हर क्षेत्र में श्रेष्ठ हैं। अगर देश में युवाओं की मानसिकता सही है और उनके नवोदित प्रतिभाओं को प्रेरित किया गया तो वे निश्चित रूप से समाज के लिए अच्छा काम करेंगे। उचित ज्ञान और सही दृष्टिकोण के साथ वे प्रौद्योगिकी, विज्ञान, चिकित्सा, खेल और अन्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं। यह न केवल उन्हें व्यक्तिगत रूप से और पेशेवर रूप में विकसित करेगा बल्कि पूरे राष्ट्र के विकास और प्रगति के लिए भी योगदान देगा। दूसरी ओर यदि देश के युवा शिक्षित नहीं हैं या बेरोजगार हैं तो यह अपराध को जन्म देगा। आदर्श नेतृत्व ही युवाओं को सही दिशा दिखा सकता है। किसी दौर में युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानन्द, महात्मा गाँधी, नेता जी सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, सरदार भगत सिंह, डॉ. अम्बेडकर जैसे लोग या उनके आसपास के सफल व्यक्ति, वैज्ञानिक और शिक्षक रहे। पर आज के युवाओं के आदर्श वही हैं, जो शार्टकट के माध्यम से ऊँचाइयों पर पहुँच जाते हैं। फिल्मी अभिनेता, अभिनेत्रियाँ, विश्व-सुन्दरियाँ, भ्रष्ट अधिकारी, अपराध जगत के डॉन, उद्योगपति और राजनीतिज्ञ लोग उनके आदर्श बन गये हैं। नतीजन, अपनी संस्कृति के प्रतिमानों और उद्यमशीलता को भूलकर रातों-रात ग्लैमर की चकाचौंध में वे शीर्ष पर पहुँचना चाहते हैं। पर वे यह भूल जाते हैं कि जिस प्रकार एक हाथ से ताली नहीं बज सकती उसी प्रकार बिना उद्यम के कोई ठोस कार्य भी नहीं हो सकता।

आज का युवा संक्रमण काल से गुजर रहा है। वह अपने बलबूते आगे तो बढ़ना चाहता है, पर परिस्थितियाँ और समाज उसका साथ नहीं देते। चाहे वह राजनीति हो, फिल्म व मीडिया जगत हो, शिक्षा हो, उच्च नेतृत्व हो- हर किसी ने उसे सुखद जीवन के सब्ज-बाग दिखाये और फिर उसको भँवर में छोड़ दिया। ऐसे में पीढ़ियों के बीच जनरेशन गैप भी बढ़ा है। समाज की कथनी-करनी में भी जमीन आसमान का अन्तर है। एक तरफ वह सभी को डिग्रीधारी देखना चाहता है, पर उन सभी हेतु रोजगार उपलब्ध नहीं करा पाता, नतीजन- निर्धनता, मँहगाई, भ्रष्टाचार इन सभी की मार सबसे पहले युवाओं पर पड़ती है। इसी प्रकार व्यावहारिक जगत में आरक्षण, भ्रष्टाचार, स्वार्थ, भाई-भतीजावाद और कुर्सी लालसा जैसी चीजों ने युवा हृदय को झकझोर दिया है। जब वह देखता है कि योग्यता और ईमानदारी से कार्य सम्भव नहीं, तो कुण्ठाग्रस्त होकर गलत रास्तों पर चल पड़ता है। निश्चिततः ऐसे में ही समाज के दुश्मन उनकी भावनाओं को भड़काकर व्यवस्था के विरूद्ध विद्रोह के लिए प्रेरित करते हैं, फलतः अपराध और आतंकवाद का जन्म होता है। युवाओं को मताधिकार तो दे दिया गया है पर उच्च पदों पर पहुँचने और निर्णय लेने के उनके स्वप्न को दमित करके उनका इस्तेमाल नेताओं द्वारा सिर्फ अपने स्वार्थ में किया जा रहा है।

इंटरनेट और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव एवं विभिन्न गैजेट्स ने भी युवाओं की जीवन शैली और जीवन के प्रति समग्र रवैया में परिवर्तन किया है। मोबाइल फोन और सोशल मीडिया ने भले ही एक क्लिक पर दुनिया तक पहुँच आसान कर दी हो, पर युवा इसमें इतने तल्लीन रहते हैं कि वे यह भूल गए हैं कि इसके बाहर भी एक जीवन है। सारी दुनिया भारत की युवा शक्ति पर टकटकी लगाए हुए हैं। सिर्फ युवाओं को दोष देने से कुछ नहीं होगा, क्योंकि सवाल सिर्फ युवा शक्ति के भविष्य का नहीं है, वरन् अपनी संस्कृति, सभ्यता, मूल्यों, कला एवम् ज्ञान की परम्पराओं को भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखने का भी है।

**(लेखक प्रशासनिक सेवा से जुड़े हैं, संपर्क 09413666599 )**

# विवेकानन्द का शिक्षा-चिन्तन

## स्मरण

सदानन्द शाही





स्वामी विवेकानन्द विश्व नागरिक थे। वे उन लोगों में नहीं थे जो मानते हैं कि भारत विश्व गुरु है और उसे दुनिया को सिखाने का हक हासिल है, सीखने का नहीं। ऐसी फर्जी और एकांगी विश्वगुरुता से विवेकानन्द कोसों दूर रहे। वे पूरब और पश्चिम के लोगों से ही नहीं, संस्कृतियों से भी संवादरत थे। भारत से और मुख्यतः वेदान्त दर्शन से उन्होंने जो कुछ सीखा था उसे विश्व मानवता के बीच जाँचा परखा था। इस तरह वे दुनिया विशेषकर पश्चिम की दुनिया को जितना सिखा रहे थे, उतना ही सीख रहे थे। भारत में दुनिया को देने लायक जो कुछ था वह दे रहे थे। भारत के लिए दुनिया में जो कुछ उपयोगी लगा उसे भारत के लिए सँजो रहे थे। दुनिया से संवाद करते हुए विवेकानन्द ने अनुभव किया कि भारत की कमजोरी का सबसे बड़ा कारण अशिक्षा है।वे शिक्षा के प्रसार को भारत का मुक्ति मार्ग मानते थे।

उनकी स्पष्ट धारणा थी कि हमारे देश का दुर्भाग्य यही है कि इस देश में कुछ मुट्ठी भर लोगों ने सम्पूर्ण शिक्षा और बुद्धि पर एकाधिपत्य कर लिया है। इस एकाधिपत्य को तोड़ कर ही देश और समाज को उन्नत बनाया जा सकता है। इस एकाधिपत्य को कायम करने में संस्कृत भाषा की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। विवेकानन्द ज्ञान पर किसी भी प्रकार की इजारेदारी के खिलाफ थे। वर्ण व्यवस्था ज्ञान पर कुछ वर्गों या समूहों की इजारेदारी कायम करती रही है। भारत का सारा प्राचीन ज्ञान-विज्ञान संस्कृत भाषा में निबद्ध रहा है। संस्कृत देवभाषा है इसलिए संस्कृत पढ़ने का अधिकार भी कुछ मुट्ठी भर लोगों के लिए सीमित रहा है। इस तरह एकाधिकार कायम करके कुछ लोग ज्ञान की शक्ति का उपयोग जन सामान्य का शोषण करने में करते रहे हैं। विवेकानन्द इस पूरी व्यवस्था के खिलाफ हैं। वे इस तथ्य को अच्छी तरह देख पाते हैं कि व्यापक जन समुदाय को शिक्षा से वंचित करके उसका शोषण किया गया। वे सबसे पहले शिक्षा की मुक्ति का सवाल उठाते हैं। विवेकानन्द कहते हैं- ह्यहमारे शास्त्र ग्रंथों में आध्यात्मिकता के जो रत्न विद्यमान है और जो कुछ ही मनुष्यों के अधिकार में मठों और अरण्यों में छिपे हुए हैं, सबसे पहले उन्हें निकालना होगा। जिन लोगों के अधिकार में ये छिपे हुए हैं, केवल वहीं से इस ज्ञान का उद्धार करने से काम न होगा, किन्तु उससे भी दुर्भेद्य पेटिका अर्थात जिस भाषा में ये सुरक्षित हैं उस शताब्दियों के संस्कृत शब्दों के जाल से उन्हें निकालना होगा।ह्व विवेकानन्द का यह वाक्य अनेक दृष्टियों से क्रान्तिकारी है .संस्कृत भाषा में निबद्ध ज्ञान को महत्वपूर्ण मानते हुए भी विवेकानन्द संस्कृत को ज्ञान की दुर्भेद्य पेटी मानते हैं। इस पेटी में बँधे ज्ञान को जन साधारण के लिए मुक्त करने का आह्वान करते हैं।

संस्कृत की दुर्भेद्य पेटी से ज्ञान कैसे मुक्त हो? इसके लिए विवेकानन्द लोकभाषाओं के पास जाते हैं. विवेकानन्द अच्छी तरह जानते थे कि संस्कृत भाषा के माध्यम से ज्ञान को सार्वजनिक सम्पत्ति नहीं बनाया जा सकता। वे स्वीकार करते हैं कि 'जीवन भर संस्कृत भाषा का अध्ययन करने के बावजूद कोई नयी किताब उठाने पर मुझे स्वयं कठिनाई होती है। तो फिर जिन्होने संस्कृत का अभ्यास नहीं किया है उन्हें कितनी कठिनाई होगी।' इसीलिए विवेकानन्द जन सामान्य को बोलचाल की भाषा में शिक्षा देने की बात करते हैं। ज्ञान को मातृभाषाओं के माध्यम से जनसामान्य तक पहुँचाने का आह्वाहन करते हैं।

भक्तिकाल के कवियों ने जिस तरह बोलियों के महत्व को स्वीकार किया और उसे स्थापित किया लगभग उसी तरह विवेकानन्द भी लोक भाषाओं के माध्यम से जनसमुदाय को शिक्षित करने की बात करते हैं। यूनेस्को का कहना है कि मातृभाषाएँ समझ का बेहतर माध्यम हो सकती है। दुनिया भर के शिक्षाविद् इस बात पर जोर दे रहे हैं कि मातृभाषाओं के माध्यम से शिक्षा देना अधिक उपयोगी है क्योंकि मातृभाषा के ध्वनि प्रतीकों से बालक भली प्रकार परिचित होता है। इससे समझ की प्रक्रिया आसान हो जाती है। विवेकानन्द ज्ञान पर से एकाधिकार खत्म करके उसे सार्वजनिक बनाना चाहते हैं। इसके लिए उन्हें लगता है कि मातृभाषाओं के माध्यम से यह कार्य किया जा सकता है। शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने के लिए विवेकानन्द उसे लोक भाषाओं-मातृभाषाओं के माध्यम से पहुँचाने की बात करते हैं।

उन्हें अच्छी तरह मालूम है कि हमारे देश की गरीब जनता शिक्षा के लिए स्वतः आगे नहीं आयेगी। क्योंकि गरीब लड़के पाठशाला में आने की अपेक्षा अपने पिता की सहायता करने खेतों में जाना या जीविका के लिए और कोई धन्धा करना पसन्द करेंगे। इस वास्तविकता से परिचित होने के नाते विवेकानन्द दूसरा ही उपाय निकालते हैं। उनका प्रसिद्ध कथन है कि यदि पहाड़ मुहम्मद के पास नहीं जाता तो पहाड़ ही मुहम्मद के पास क्यों न जायें। यानी हिन्दुस्तान का गरीब मेहनतकश किसान यदि शिक्षा के पास नहीं पहुँचता तो शिक्षा को उसके पास पहुँचना चाहिए। विवेकानन्द इसके लिए धर्मोपदेश करते हुए घूमने वाले सन्यासियों का आह्वान करते हैं कि उन्हें अपने को शिक्षक के रूप में संगठित करके धर्मोपदेश करने के साथ लोगों को ज्ञान विज्ञान की शिक्षा भी देनी चाहिए। यह देखकर घोर आश्चर्य होता है कि आज विज्ञान के गर्भ से उपजी हुई तकनीक जन समुदाय के बीच रूढ़ि और अन्धविश्वास फैलाने में लगी है जबकि एक संन्यासी जन साधारण को ज्ञान विज्ञान से लैस करना चाहता है बल्कि इसके लिए धर्मोपदेशकों एवं संन्यासियों का आह्वान करता है।वे एक घुमन्तू शिक्षालय की कल्पना करते हैं जो गरीब और असहाय लोगों के पास पहुँचकर उन्हें शिक्षित करे।

विवेकानन्द लोकभाषा की बात करते हुए इतिहास से भी सबक लेते हैं। महात्मा बुद्ध ने जनता की भाषा में उपदेश किया और व्यापक जन तक अपनी शिक्षाओं को पहुँचाने में सफल हुए। उनके प्रभाव से संस्कृत की शिक्षा बन्द हो गयी। विवेकानन्द कहते हैं कि इससे संस्कृत का वैशिष्ट्य कायम रहा और आगे चलकर संस्कृत और संस्कृत में निबद्ध ज्ञान का महत्व फिर से स्थापित हो गया। इसलिए विवेकानन्द संस्कृत को उपेक्षित नहीं छोड़ना चाहते। मातृभाषाओं के माध्यम से शिक्षा दी जाय, इसके साथ ही संस्कृत की शिक्षा भी जारी की जाय। इसके लिए विवेकानन्द अद्भुत तर्क देते हैं । उन्हें यह आशंका लगती है कि लोकभाषाओं के प्रचार के बाद संभव है, कोई दूसरी जाति संस्कृत में निष्णात हो जाय और विशिष्ट होने का दावा करे। विवेकानन्द संस्कृत की इस विशिष्टता को समाप्त कर देना चाहते है। अगर जन सामान्य संस्कृत में दक्ष होगा तो संस्कृत का अजूबापन या वैशिष्ट्य अपने आप खत्म हो जायेगा। विवेकानन्द किसी भी तरह संस्कृत का वैशिष्ट्य और इस बहाने किसी जाति या वर्ण विशेष के वैशिष्ट्य को समाप्त कर देना चाहते हैं क्योंकि भारत के सामान्य जन के शोषण और दुखों के मूल में यह वैशिष्ट्य ही है। इसलिए विवेकानन्द किसी भाषा वर्ग या जाति के वैशिष्ट्य के बरक्स सामान्य को तरजीह देते हैं

विवेकानन्द इस बात पर आश्चर्य करते हैं कि इस देश में स्त्रियों और पुरुषों में इतना भेद क्यों रखा गया है। वेदान्त की घोषणा है कि सभी प्राणियों में परमात्मा विद्यमान है। इसलिए विवेकानन्द को यह बात सख्त नागवार लगती है कि स्त्रियों को इस देश में महज सन्तानोत्पादक यन्त्र बनाकर रखा गया है। इसकी असली वजह उन्हें शिक्षा से वंचित करना रहा है। इसीलिए विवेकानन्द जनसामान्य की शिक्षा पर जितना जोर देते है उतना ही जोर स्त्री शिक्षा पर भी देते हैं।

विवेकानन्द स्त्रियों को अबला के रूप में शिक्षित करने के खिलाफ है। वे भारतीय स्त्रियों की सभी समस्याओं के मूल में उनके भीतर शिक्षा का अभाव मानते हैं। इसीलिए वे स्पष्ट तौर पर घोषित करते हैं कि स्त्रियों की सभी समस्यायें शिक्षा नाम के जादू से खत्म की जा सकती है। यद्यपि वे स्त्री शिक्षा के लिए तमाम परम्परागत बातों पर भी जोर देते हैं फिर भी वे स्त्री को स्वाधीन देखता चाहते हैं। स्त्रियों को ऐसी अवस्था में रखना चाहिये कि वे अपनी समस्याओं का अपने ही तरीके से हल कर सकें। हमारी भारतीय स्त्रियाँ इस कार्य में संसार की अन्य स्त्रियों के समान ही दक्ष हैं। स्वामी विवेकानन्द ने अपने वेदान्त के ज्ञान को यथार्थ की कसौटी पर कसा था। वे भारतीय समाज में मौजूद पाखण्ड को भली भाँति समझते थे। वे देख रहे थे कि सैद्धान्तिक रूप से भले ही भेदभाव न बरता गया हो लेकिन व्यावहारिक रूप से भेदभाव मौजूद है। शक्ति पूजा के केन्द्र बंगाल मे रहते हुए विवेकानन्द ने अनुभव किया कि महज प्रतीक रूप में शक्ति पूजा करने से काम नहीं चलेगा। जरूरत यथार्थ शक्तिपूजा की है। वे कहते हैं- ह्ययथार्थ शक्ति पूजक तो वह है, जो यह जानता है कि ईश्वर विश्व में सर्वव्यापी शक्ति है और जो स्त्रियों में उस शक्ति का प्रकाश देखता है।

विवेकानन्द हिन्दुस्तान में इस यथार्थ शक्तिपूजा के हिमायती थे। इस यथार्थ शक्तिपूजा का मूल मन्त्र स्त्री शिक्षा में देखते हैं। वे स्त्रियों के लिए अलौकिक और लौकिक दोनों तरह की शिक्षा की जरूरत पर बल देते हैं। ऐसी शिक्षा जो स्त्रियों को स्वतंत्र और शक्तिशाली बनाये, दूसरे गुणों के साथ उनके भीतर शूरता और वीरता का संचार करे।

वास्तव में विवेकानन्द शिक्षा को सर्वजन सुलभ बनाने वाले विचारक हैं। भारतीय समाज मे परम्परा से जिन लोगों को शिक्षा और ज्ञान से वंचित रखा गया और शक्तिहीन, गुलाम और दरिद्र बनाया गया उन्हें शिक्षित करना। हिन्दुस्तान का किसान, मजदूर, दलित उपेक्षित वर्गों के साथ स्त्रियाँ भी शिक्षा के वरदान से वंचित रखी गयी थीं। शिक्षा को ही बन्धन में बांध कर रखा गया था। विवेकानन्द शिक्षा को हर तरह के बन्धन से मुक्त करने का आह्वान करते हैं। उसे जाति, धर्म, लिंग, भाषा आदि के बंन्धन से मुक्त करके सर्वजन सुलभ बनाना चाहते हैं। वे शिक्षा की सार्थकता इसी रूप में देखते हैं।

**( लेखक शंकराचार्य विवि भिलाई के कुलपति हैं)**

# शब्दों की दुनिया से जुड़ी एक संघर्ष यात्रा

## प्रकाशन

देश निर्मोही



'न हम जीत का जश्न मानते हैं और न हार का गम, समय ही हमारा इतिहास तय करता है' राजकुमार राकेश के उपन्यास 'अश्वत्थामा नाम का हाथी ' की इस पंक्ति से अपनी बात शुरू कर रहा हूँ।

यह बात 1986 की है जब मैं पल प्रतिपल का प्रवेशांक लेकर हिंदी जगत के सम्मुख हाजिर हुआ। 'पहल' पत्रिका पढ़ता रहता था और मन में यह विचार कुलबुलाता रहता था कि क्या कभी मैं ऐसी पत्रिका निकाल सकता हूँ जो अपनी ही तरह की हो लेकिन जिसे एक अच्छी पत्रिका भी माना जा सके। एक छोटे से गांव से चंडीगढ़ जैसे शहर में आया था। अनेक साहित्यिक मित्रों की सोहबत मुझे प्रेरित करती रहती थी। जमीन से जुड़े रहने के बावजूद बड़े सपने देखने की आदत का शिकार था। आदर्शवादी मन था इसलिये सरोकार भी बड़े थे। तब समझ नहीं थी कि यथार्थ से सामने होने पर उनका क्या हश्र होगा। पत्रिका का प्रवेशांक निकला तो उसमें मेरे ऑफिस में सहकर्मी गुरदेव चौहान, पत्रकार मित्र जितेंद्र अवस्थी, हरेश वशिष्ट और रोशन शर्मा की परोक्ष भूमिका रही। उत्साह इस बात से मिला कि उसका विमोचन दैनिक ट्रिब्यून के सम्पादक राधेश्याम शर्मा जी के हाथों संभव हो सका। हिंदी साहित्यिक जगत में इस प्रयास का मिला जुला स्वागत हुआ। हमख्याल मित्र जुड़ने लगे। विचारधारा के तल पर प्रतिबद्ध होने के अर्थ सामने आने लगे। यह समझ में आया कि मनुष्य से बड़ी कोई दूसरी सचाई नहीं होती। विचारधारा की भूमिका सहयोगी की होती है। परन्तु साहित्य की रचनाशीलता बड़ी चीज है तो इसे अपना आदर्श मान मैं आगे बढ़ गया। फिर पल प्रतिपल के बहुत से विशेषांक सामने आये अगर एक तरफ इंकलाबी सोच को महत्व देने वाला भगतसिंह विशेषांक सामने आया तो प्रगतिशील चेतना के कथाकार भीष्म साहनी विशेषांक भी बहुचर्चित रहा। विशुद्ध साहित्यिक गुणवत्ता के आधार पर निर्मल वर्मा पर विशेषांक निकला तो शिरोमणि उपन्यासकार गुरदयाल सिंह पर भी। दलित चेतना के उपन्यासकार जगदीश चंद्र पर अंक निकला तो उसमें उनके अधूरे उपन्यास की पाण्डुलिपि को प्रस्तुत किया। साहित्य के सिद्धांत, आलोचना , कहानी और कविता विशेषांक न केवल चर्चित रहे इन सबकी मांग शोधार्थियों दवारा आज भी बराबर बनी रहती है। विदेशी साहित्य की रचनाओं के अनुवाद पल प्रतिपल में विशेषरूप से प्रकाशित होते रहे हैं। शुरूआती दौर में पल प्रतिपल का फ्रैंच साहित्य विशेषांक देवेन्द्र चौबे के संपादन में प्रकाशित हुआ था। इस अंक के लिए प्रख्यात आलोचक मैनेजर पांडेय जी का विशेष सहयोग रहा था। पिछली बार जब उनसे मिलना हुआ तो उन्होंने विशेषतौर पर अपनी इच्छा जाहिर की कि उस फ्रैंच साहित्य विशेषांक को पुस्तक रूप में प्रकाशित करें। हम यह जरूर करेंगे। पल प्रतिपल 88-89 उपन्यास अंक के रूप में प्रकाशित हुआ जो कि समकाल के तीन प्रतिनिधि उपन्यासकारों पर केंद्रित था। जिनमें एक खंड हमारे आजके सम्मानित उपन्यासकार राजकुमार राकेश पर एकाग्र किया गया है। पल प्रतिपल का अगला अंक भी उपन्यास पर केंद्रित रहेगा। जल्द ही हम लैटिन अमरीकी साहित्य पर भी एक विशेषांक प्रकाशित करेंगे।

पल प्रतिपल के सह समांतर आधार प्रकाशन की परिकल्पना आकार लेने लगी थी। 1990 में पहली शुरूआती दो किताबें पल प्रतिपल के कहानी और कविता अंकों के पुनर्प्रकाशन की तरह सामने आई। लेकिन आधार प्रकाशन की पहली किताब मेरे सहकर्मी पंजाबी के व्यंग्यकार व कवि मित्र गुरदेव चौहान से मानी जानी चाहिए। उनकी व्यंग्य रचनाओं का पंजाबी से हिंदी में अनुवाद मैंने ही किया था और उसका प्रकाशन भी आधार से हुआ। चूँकि हम दोनों यानी लेखक और अनुवादक रक्षा विभाग में नौकरी करते थे इसलिए डिफेन्स विभाग द्वारा उस किताब की खरीद भी हो गयी। आधार की शुरूआत एक बड़े उत्साह के साथ हुई। जिस दौर में कोई कविता संग्रह प्रकाशित करने को तैयार नहीं होता था मैंने 12 युवा कवियों के पहले संग्रहों को प्रकाशित किया, जिनमें कुमार अम्बुज, विमल कुमार, मदन कश्यप, कात्यायनी, नवल शुकल, पंकज चतुर्वेदी, सत्यपाल सहगल, लाल्टू और संजय चतुर्वेदी जैसे नाम प्रमुख हैं। यहां यह बात कहते हुए मुझे संकोच नहीं है कि इस दिशा में हम आगे बढ़ गए। भारत के महत्वपूर्ण कवियों को पुरस्कृत करने का विचार बना लिया। 1992 में आधार प्रकाशन की तरफ से 'रघुवीर सहाय स्मृति पुरस्कार' दिए जाने का सिलसिला आरम्भ हुआ।

पहला 'रघुवीर सहाय स्मृति पुरस्कार' वीरेन डंगवाल को दिया गया। जिन्हें यह पुरस्कार जनकवि बाबा नागार्जुन के द्वारा प्रदान किया गया। फिर विनोद कुमार शुक्ल, लीलाधर जगूड़ी, विष्णु खरे, अरुण कमल, नरेंद्र जैन जी को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। निर्णायक मंडल के रूप में प्रयाग शुक्ल, मंगलेश डबराल, असद जैदी और विष्णु नागर का सहयोग बराबर मिलता रहा। हमने यह काम उस दौर में किया जब नई कविता का इतिहास रचने वाले तार सप्तकों का सिलसिला थमने लगा था। आप रघुवीर सहाय स्मृति पुरस्कार से सम्मानित इन छः कवियों को समकालीन कविता के नए इतिहास का सूत्रपात करने वाले कवियों के रूप में देख सकते हैं। उस दौर का वह महत्वपूर्ण कार्य छः पुरस्कारों के सिलसिले के बाद थम गया था। आधार प्रकाशन की ओर से हिंदी के महत्वपूर्ण लेखकों को फिर से पुरस्कृत करने का अब हमने यह जो फैसला लिया है उसे मैं एक अधूरे रह गए महत्वपूर्ण कार्य की भरपाई की तरह देखता हूँ। अब यह कविता तक सीमित नहीं है। साहित्य की सभी विधाएं हमारे सामने बराबर महत्व रखने वाली विधाओं की तरह हैं।

1996 में अंततः यहां से आरंभ होकर आधार प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड के रूप में पंजीकृत हुआ । पूजा सरदाना जी ने गणित टीचर की नौकरी से इस्तीफा देकर आधार को संभालने की जिम्मेवारी ली। मैं भी 1998 में अपनी केंद्रीय सरकार की नौकरी से त्यागपत्र देकर पूर्णकालिक रूप से जुड़ गया।

प्रकाशक का दायित्व किताबों के छापने तक सीमित नहीं होता। महत्वपूर्ण कृतियों और लेखकों को उनकी उचित जगह दिलाने के लिए प्रयास करने से भी जुड़ा होता है। यह निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि इसके बाद हमने कथा आलोचना और संस्कृति से जुडी बहुत सी किताबें प्रकाशित की हैं। अगर बात कथा की हो तो उसका इतिहास अलका सरावगी से लेकर गुरदयाल सिंह और जगदीश चंद्र तक फैला है। बात आलोचना की हो तो हम रामविलास शर्मा, नामवर सिंह और मैनेजर पांडेय से विनोद शाही, वैभव सिंह और अंकित नरवाल तक पहुंचे हैं। दलित साहित्य पर भी हमने कुछ महत्वपूर्ण पुस्तकों का प्रकाशन किया है। जिनमें आनंद तेलतुंबड़े की 'जनवादी समाज और जाति का उन्मूलन' , डॉ सेवा सिंह की 'ब्राह्मणवाद और जनविमर्श'और देवेंद्र चौबे के संपादन में प्रकाशित 'हाशिये का वृतांत' का उल्लेख करना चाहूंगा। विश्व साहित्य से भी हमने कुछ कालजयी कृतियों के हिंदी अनुवाद प्रकाशित किये हैं। जिनमें चार्ली चैप्लिन की आत्मकथा 'मेरा जीवन', स्टीफन स्वाइग की आत्मकथा ' वो गुजरा जमाना ', स्टीफन स्वाइग की कालजयी कहानियां, स्टीफन स्वाइग का उपन्यास 'कायर', नोबेल पुरस्कार से सम्मानित जॉन स्टाइनबैक का उपन्यास ' लाल गुस्से के अंगूर ',फ्रांज काफ्का का उपन्यास 'मुकदमा', निकोस कजानजाकिस का 'जोरबा द ग्रीक', इथल लिलियन वायोनिच का उपन्यास 'गैडफ्लाई ' और मिखाइल नईमी का उपन्यास ' भटकती रूह की स्मृतियाँ ' का उल्लेख जरुरी है।


अपने इस प्रकाशन के उस गौरवशाली पल को जब हमारे यहाँ से प्रकाशित एक उपन्यास 'कलिकथा वाया बाईपास' को साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला। मेरी मुराद अलका सरावगी से हैं। हाल ही में युवा आलोचक अंकित नरवाल को साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार के लिए चुना गया तो हमारे यहाँ प्रकाशित पुस्तकों के महत्वपूर्ण होने पर मोहर लगाई। आधार प्रकाशन से प्रकाशित लगभग अब तक 150 पुस्तकों को छोटे बड़े पुरस्कारों से पुरस्कृत किया जा चुका है। उल्लेखनीय बात यह है कि भारत के सर्वाधिक प्रतिष्ठित सम्मान ज्ञानपीठ से अलंकित गुरदयाल सिंह के साहित्य का हिंदी में प्रकाशन आधार के द्वारा हुआ। जगदीश चंद्र जिनके कालजयी उपन्यास 'धरती धन न अपना' का अनुवाद विश्व की न जाने कितनी भाषाओं में हो चुका है। उनके समग्र साहित्य का प्रकाशन भी आधार के हिस्से में आया। समकालीन दौर के सर्वाधिक चर्चित उपन्यासकार विनोद कुमार शुक्ल के चर्चित उपन्यास ' नौकर की कमीज ' और 'खिलेगा तो देखेंगे' भी हमारे यहाँ से सामने आये और देखते ही कालजयी कृतियों में शुमार हो गए।

पंजाब की जमीन से ऐसा महान साहित्य उपजा है जिसे हिंदी में लाने के लिए हम जो भी कर रहे हैं या कर सकेंगे कम ही पड़ेगा। फिर भी हम यथा सामर्थ्य इस काम में जुटे हैं। मध्यकाल की बात करें तो हमने बुल्लेशाह और वारिसशाह के सूफियाना कलाम को प्रकाशित किया है तो आधुनिककाल की इंकलाबी धार की बात करें तो भगत सिंह और पाश का समग्र साहित्य हमारे यहाँ से आया। प्रगतिशील कवि लाल सिंह दिल से लेकर हम नवतेज भारती, अजमेर रोडे की कालजयी कृति 'लीला' तक पहुँच गए। सुरजीत पातर का साहित्य भी हम देर सवेर हिंदी में लेकर आएंगे। पंजाबी अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति वाली भाषा हो गयी है। हम इस भाषा के अनेक प्रवासी लेखकों को हिंदी में लाने के लिए संकल्पबद्ध हैं।

आधार प्रकाशन के 34 वें स्थापना दिवस पर पीछे मुड़कर देखता हूँ तो यह एक लम्बा सफर था जिसका मैं साक्षी हूँ। बहुत से उतार चढ़ाव देखने को मिले। उठने और गिरने का यह सफर आज मेरी शक्ति का आधार है। आधार की भविष्य की योजनाओं की बात करूं तो एक पूरा आकाश हमारे सामने है। हमारी बाहें छोटी हैं बहुत कम पकड़ में आएगा। फिर भी प्रयास जारी रहेगा। हम प्रयास करेंगे कि भारतीय संस्कृति की उज्जवल विरासत की पुनर्व्याख्या से सम्बंधित किताबों को प्राथमिकता से लाया जाये। हिंदी आलोचना के क्षेत्र में मौलिक कार्य को सब से ऊपर रखा जाये। विश्वस्तरीय उपन्यासों तक हमारी पहुंच हो सके और यह भी प्रयास रहेगा कि हम अपने यहाँ से पूर्व प्रकाशित सभी महत्वपूर्ण पुस्तकों के पेपरबैक संस्करण लेकर जन जन तक पहुंचा सकें। भारत को जरुरत तो सांस्कृतिक नवजागरण की है। पर वह काम बहुत बड़ा है। हम एक प्रकाशक के रूप में इस दिशा में जो कुछ थोड़ा बहुत कर सकेंगे, उतने से ही हम अपने आपको धन्य मानेंगे।

**(लेखक साहित्य और प्रकाशन से जुड़े हैं)**

## व्यंग्य



# नए-पुराने भूतों का अध्ययन

रामविलास जांगिड़

भूत विश्वविद्यालय ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी करते हुए बताया कि पुराने भूत बहुत भोले होते थे। वे खंडहर, टूटी हवेली, नई कोठी, श्मशान घाट अथवा सड़क किनारे अंधे कुएं में रहते थे। नए भूत किसी विश्वविद्यालय, कोचिंग सेंटर, ऑफिस, सचिवालय आदि में घूमते नजर आते हैं। पुराने भूत किसी पेड़ की डाली पर उल्टे लटके रहते थे। वे हर किसी को दिखते तक नहीं थे। बेचारों के पास रहने को ढंग की कोई जगह भी नहीं थी! अभी वाले भूत मंडल, निकाय, बोर्ड, अकादमी, निगम, आयोग आदि के अध्यक्ष बनकर शासन सचिवालय को अपने कंधों पर उल्टा लटकाए रखते हैं। पुराने भूतों के पास कुछ नहीं हुआ करता था। वे बेचारे कंगले गरीब टाइप के भूत हुआ करते थे। जब उनको भगाया जाता, तो उनके पास सिवाय लंगोटी के कुछ नहीं हुआ करता था। इसलिए कहा जाता कि भागते भूत की लंगोटी ही सही। लेकिन आजकल के भूत भगाने वाले की लंगोटी तक खुलवा डालते हैं।

पुराने भूत डर के मारे भाग जाया करते थे, लेकिन ये नये भूत डराने के लिए कई तरह की यात्राएं निकालते हैं। नए भूत जाति, धर्म, संप्रदाय आदि के सींगों से पब्लिक को खदेड़ रहे हैं। पहले की भूत बिरादरी बड़े-बुजुर्गों का सम्मान करती थी। भूत शास्त्र के नियमों पर चलती थी। किसी के रास्ते चलने पर कोई भी भूत कुछ भी नहीं कहता था। अभी वाले भूत सही रास्ते चलने वाले की अकल ठिकाने लगा देते हैं। ये न केवल उसे मारते-पीटते बल्कि उसका मर्डर भी कर देते हैं। कुर्सी की ताकत वाले भूत तो सबसे खतरनाक दिखाई दे रहे हैं। कुर्सी के बल पर ये चांद तारे सूरज को भी गायब करने की हिम्मत रखते हैं। भूत शास्त्र में कहा गया है कि लातों के भूत बातों से नहीं मानते हैं। लेकिन अब मामला बिल्कुल उल्टा हो गया है। आजकल लातों के भूतों को बातों से ही मनाना पड़ता है। लात लगाने से काम नहीं बनता है। इसलिए बातें ही की जाती है। बात करने पर ही अच्छे-अच्छे भूत सीधे होते नजर आए हैं। बातों की कलाकारी को कूटनीति कहा जाता है। घर से लेकर विदेश नीति सब जगह यही नीति पसरी है। यही कूटनीति झूठनीति का मूल आधार होती है।

सबसे ज्यादा खतरनाक घर का भूत होता है। घर के भूत को सब कुछ अता-पता रहता है। घर का भूत बीस पीढ़ी के नाम, पते, ठिकाने दे देता है। इसलिए भूतिया शास्त्रों में घर के भूत से डरने की सलाह दी है। कहा गया है कि हर घर में कोई न कोई औरत होनी ही चाहिए। औरत मतलब पत्नी! पत्नी घर में झगड़ती ही रहती है। लेकिन वह नहीं होने से घर भूतों का डेरा कहलाता है। मतलब है कि घर में महिला नहीं हो तो भूत रहते हैं। महिला रहती है, तो भूत भाग जाते हैं। अर्थ है की पत्नी रूपी महिला से भूत तक डरते हैं। अगर पत्नी का रूप धारण की हुई महिला की कोई बात नहीं माने तो उसके सिर पर भूत सवार हो जाता है। भूत शास्त्र में साफ-साफ लिखा हुआ है की ऐसी महिला बहुत घातक होती है। इसलिए दुनिया के सभी पतियों को अपनी पत्नियों से डरना चाहिए। भूत आचरण संहिता में कहा गया है कि प्यार, चोर और डर भूतों को जन्म देते हैं। भूत विश्वविद्यालय ने भूतों की अध्ययन रिपोर्ट समस्त भविष्य कताओं को प्रेषित की है।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# सीडीओ ने रोस्टर लिस्ट रखने की आशा कार्यकर्त्री को दी हिदायत

**निरीक्षण**

**सीडीओ ने कई केंद्रों का किया निरीक्षण**

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस द्वारा बुधवार को विकास खण्ड सीटी में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस (द्वितीय बुधवार) को हो रहे बच्चों के टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं स्वास्थ्य परीक्षण के सतत निरीक्षण में निम्नांकित स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया।


निरीक्षण करतीं सीडीओ

टीकाकरण केन्द्र-भरूहना बड़ी बारी छेदी चौहान के घर पर हो रहे टीकाकरण कें निरीक्षण के समय ए0एन0एम0-पूनम गुप्ता, आशा बिन्दो देवी, आंगनबाड़ी सावित्री की जगह दुर्गा उपस्थित रही। उपस्थित ए0एन0एम0 द्वारा बताया गया कि रोस्टर/ड्यू लिस्ट पंजिका के अनुसार आज कुल-36 बच्चों टीकाकरण एवं 06 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण/टीकाकरण किया जाना है। वी0एच0एन0डी0 सेन्टर पर होने वाले आवश्यक उपकरण, सामग्री/दवाईयों की उपलब्धता की जॉच में पाया गया कि जे.ई. एवं पी0सी0वी0 की वैकसीन उपलब्ध नहीं है।

केन्द्र पर बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को वजन हेतु लगे मशीन के आस-पास पत्थर पटिया, बोरी इत्यादि सामग्री पड़ा है, जिसमें बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत आशा/आंगनबाड़ी को निर्देशित किया गया कि तत्काल उसे हटाते हुए स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण की कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित करें। आशा के घर के पर हो रहे टीकाकरण कें निरीक्षण के समय ए0एन0एम0-अनीता देवी, आशा-क्षमा मिश्रा, आंगनबाड़ी शारदा उपस्थित रही। उनके द्वारा बताया गया कि रोस्टर/ड्यू लिस्ट पंजिका के अनुसार आज कुल-33 बच्चों टीकाकरण एवं 06 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण टीकाकरण एवं 08 परिवार नियोजन किया जाना है।

वी0एच0एन0डी0 सेन्टर पर होने वाले आवश्यक उपकरण, सामग्री/दवाईयों की उपलब्धता की जॉच में पाया गया कि परीक्षण हेतु स्टेथोस्कोप उपलब्ध नहीं है। निर्देशित किया गया कि अगले टीकाकरण दिवस के पूर्व स्टेथोस्कोप मशीन एम0ओ0आई0सी0 से प्राप्त करना सुनिश्चित करें। ए0एन.एम0 को निर्देशित किया गया कि ग्राम प्रधान से समन्वय कर उक्त व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करें।

## पुलिस व दुकानदारों ने किया तेरहवीं का आयोजन

**चील्ह।** चील्ह चौराहा स्थित जिला पंचायत के यात्री विश्रामालय में पगली माता के भंडारा का आयोजन वुधवार को किया गया। जानकारी के अनुसार विगत 10 वर्षों से चील्ह चौराहे पर एक महिला जिसे लोग पगली माता के नाम से पुकारते थे रह रही थी। 12 दिन पहले उनकी मृत्यु हो गई थी। सभी स्थानीय लोग व पुलिस कर्मी मिलकर के अज्ञात पगली माता का धूम धाम से पुराने बाडा गंगा घाट ले जाकर के दाह संस्कार किया था। वुधवार को जन सहयोग से तेरहवें दिन भंडारे का आयोजन किया गया। स्थानीय लोगों ने भारी संख्या में पगली माता के भंडारा में प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में स्थानीय दुकानदार, सामाजिक कार्यकर्ता व पुलिस कर्मियों के द्वारा मिलकर के तेरहवीं का भंडारा किया गया। अनजान पगली माता के आत्मा की शांति के लिए पुनीत भंडारे के आयोजन का लोगों ने प्रसंशा किया। जन सहयोग से कोन ब्लाक का अनूठा आयोजन रहा जो लोगो में प्रसंसा का विषय बना रहा।

# प्रधान संघ की ब्लॉक अध्यक्ष निर्वाचित हुईं अनीता गुप्ता

**चुनाव**

**दस मत से विपक्षी को किया पराजित**


अध्यक्ष को बधाई देते प्रधान

**लालगंज।** स्थानीय विकास खंड परिसर पर बुधवार को ग्राम प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष पद के लिए हुए मतदान में मझियार कि ग्राम प्रधान अनीता गुप्ता ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी श्याम बहादुर पटेल को 10 मतों के अंतर से पराजित कर प्रधान संघ की ब्लाक अध्यक्ष निर्वाचित की हुई। विजई होने के बाद उन्होंने कहा कि संगठन को लेकर विकास का काम करूंगी और शासन द्वारा सभी संचालित योजनाओं के विकास में पूरा सहयोग दूंगी। लालगंज प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी आमने-सामने आकर नामांकन किए। तीन बजे से चार बजे तक हुए मतदान के बाद मतगणना हुई। जिसमें मझियार की ग्राम प्रधान अनीता गुप्ता को 30 मत मिले और प्रतिद्वंदी रहे तत्कालीन ब्लॉक अध्यक्ष श्याम बहादुर पटेल को 20 मत मिला। 10 मतों के अंतर से अनीता गुप्ता प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष निर्वाचित हुई। इसकी घोषणा चुनाव अधिकारी हफीज अहमद व सहायक चुनाव अधिकारी द्वय गणेश शंकर दुबे व दुर्गा प्रसाद ने संयुक्त रूप से चुनाव संपन्न होने की घोषणा किया। चुनाव अधिकारी ने बताया कि लालगंज ब्लाक में कुल 53 ग्राम पंचायतों में 50 प्रधानों ने मतदान में भाग लिया तथा तीन ग्राम प्रधान अनुपस्थित रहे। इस अवसर पर दिनेश,अरविंद यादव, राजकुमार पटेल, चंद्र भूषण पाल, शिव कुमार यादव, उमेश कुमार, राजनारायण पाल, शांति देवी, मंगरा देवी, शारदा सिंह, गंगा प्रसाद, सज्जन सिंह, महानारायण भारती, महानंद, गणेश विश्वकर्मा, रईस अहमद, राम उजागीर मौर्य आदि रहे।

### ग्राम प्रधान के विकास कार्यों की डीडीओ ने की जांच

**कछवां।** विकास खंड मझवां क्षेत्रान्तर्गत कटका ग्राम प्रधान आरती देवी के कार्यों का डीडीओ श्रवण कुमार ने निरीक्षण किया। बताया गया कि ग्रामवासियों के द्वारा ग्राम प्रधान के खिलाफ जिलाधिकारी के यहां शिकायतें दर्ज कराया गया था। जिसकी जांच हेतु मंगलवार को डीडीओ ने औचक निरीक्षण किया और ग्रामवासियों द्वारा लगाई गई गंभीर आरोपों की जांच करने में जुटे रहे। वही ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी को पत्रक सौंपकर शौचालय, इंटरलॉकिंग, हैंडपंप, टीन शेड के कार्य को फर्जी तरह से पास करा सरकारी धन का दुरुपयोग कर बंदरबांट का आरोप लगाया है। जिसे डीएम द्वारा संज्ञान में लेते हुए त्रिस्तरीय टीम डीडियो श्रवण कुमार राय के नेतृत्व में पीडब्ल्यूडी के एई सी के पाण्डेय, नायब तहसीलदार शहर राहुल मिश्रा की टीम गठित कर जांच करने का आदेश दिया। जिस के आदेश पर ग्राम सभा कटका के प्रधान व विपक्षी गणों के साथ एक दूसरे के समक्ष जांच किया गया। ग्राम प्रधान द्वारा फर्जी प्रस्ताव बनाकर व्यक्तिगत कार्य को ग्राम पंचायत का कार्य बताकर गलत ढंग से पैसा निकालने का काम किया गया है। एक खड़ंजा लगाया गया जो गांव की सीमा से लगे भदोही जिले में लगा दिया गया है ऐसा आरोप कटका गांव के रहवासियों द्वारा लगाया गया है।

## साइकिल चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार


पकड़े गये आरोपी

**मीरजापुर।** थाना को0कटरा मीरजापुर पर 11 जनवरी 2023 को वादी अजय सिंह पुत्र स्व0 श्यामधर सिंह निवासी जगदीशपुर थाना चील्ह मीरजापुर द्वारा लिखित तहरीर बावत घर के बाहर खड़ी करीगरों की साइकिल चोरी हो जाने के सम्बन्ध में दी गई। जिसके आधार पर थाना चील्ह पर धारा 379 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उक्त चोरी की घटना का संज्ञान लेते हुए प्रभारी निरीक्षक चील्ह को अभियुक्तों की गिरफ्तारी व चोरी हुई साइकिल की बरामदगी के निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में बुधवार को उ0नि0 संजय कुमार मय पुलिस बल द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर क्षेत्र से दो आरोपी नीरज सरोज पुत्र साबू सरोज व किशन सरोज उर्फ नट्टे पुत्र राजाराम सरोज निवासीगण जगदीशपुर थाना चील्ह मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया तथा चोरी की एक साइकिल बरामद की गयी। उक्त के सम्बन्ध में थाना चील्ह पर पंजीकृत धारा 379,411 भादवि में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेजा गया।

## टीबी रोग है जानलेवा न करें लापरवाही : सतीश शंकर

**आयोजन**

**क्रशर प्लांट पर काम कर रहे श्रमिकों को किया गया जागरूक**



**मीरजापुर।** अहरौरा क्षेत्र में स्थित क्रेशर प्लांट पर कार्यरत वर्करों के बीच टीबी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन का संचालन कर रहे डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा लोगों को टीबी के संपूर्ण लक्षणों से परिचित कराते हुए बताया कि यह रोग मुख्य रूप से हवा के माध्यम से एक दूसरे को प्रभावित करता है जिसकी जानकारी हमें प्रभावित हो जाने के उपरांत होती है। आप सभी यदि अपने अंदर बताए गए लक्षणों का प्रभाव हैं तो तत्काल नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर वहां दी जा रही निःशुल्क जांच एवं इलाज सुविधा का लाभ उठाएं। साथ ही साथ श्री यादव द्वारा बताया गया कि सरकार द्वारा पाई गए टीबी रोगी को उसके पूरे इलाज अवधि तक पोषण योजना के तहत 500 की धनराशि उसके खाते में प्रतिमाह दिया भी जाएगा। उन्होंने उपस्थित जनों से अनुरोध किया कि आप सभी अपने घर, परिवार या अन्य किसी परिचित या अपरिचित व्यक्ति को बताए गए लक्षणों से प्रभावित पाते हैं तो उन्हें भी तत्काल सरकारी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने का सुझाव देकर उनके घर परिवार का रक्षक बनने जैसा मानवीय कार्य करने का प्रयास करें, जिससे कि हम सभी मिलकर अपने देश से 2025 तक इस जानलेवा बीमारी को समाप्त करने के प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा कर सकें।

### आम के पेड़ से लटकता मिला 35 वर्षीय अज्ञात का शव

**मीरजापुर।** देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के लखमापुर में आम के पेड़ से लटकता हुआ 35 वर्षीय अज्ञात का शव मिला। मामले की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि मंगलवार को स्थानीय लोगों ने एक 35 वर्षीय अज्ञात का शव आम के पेड़ से लटकता देख कर पुलिस को सूचना दिया। पुलिस मौके पर पहुंचकर अज्ञात युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही देहात कोतवाल ने बताया कि यह युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त था। कई दिनों से क्षेत्र में घूम रहा था। मंगलवार को कपड़े के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। वहीं दूसरी तरफ क्षेत्र में मंदबुद्धि के आत्महत्या को लेकर तरह तरह के चर्चाओं का बाजार भी गर्म है।

### रेलवे फाटक के पास बेहोशी हालत में मिली अज्ञात वृद्धा

**अदलहाट।** अहरौरा रोड रेलवे स्टेशन के पूरब लूप लाईन के पास बुधवार को दिन बारह बजे अज्ञात वृद्ध महिला बेहोशी की अवस्था में पड़ी मिली। महिला ने सफेद हरा रंग की साड़ी, स्वेटर पहनी हुई है।

# पीआरडी के जवानों ने किया प्रदर्शन कहा-साहब वेतन दिलवा दो

**विरोध**

**यातायात विभाग में चार माह से कर रहे काम नहीं मिला वेतन, बड़े बाबू कह रहे नहीं है बजट**

**जनसंदेश न्यूज**


कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते पीआरडी के जवान

**मीरजापुर।** चार माह से यातायात विभाग में ड्यूटी करनेवाले के बावजूद वेतन न मिलने से बेहाल पीआरडी के जवानों ने जिला मुख्यालय पर बुधवार को प्रदर्शन किया।

जिला प्रशासन को पत्रक सौंप कर आर्थिक तंगी से उबारने की मांग की गई है। कहा कि वेतन न मिलने के कारण उन्हें तमाम समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। दो वक्त की रोटी भी नसीब होना मुश्किल हो गया है। जिला मुख्यालय के यातायात विभाग में 75 जवानों को व्यवस्था के लिए लगाया गया है। जवानों का कहना है कि वह 4 महीने से यातायात विभाग में ड्यूटी कर रहे हैं। प्रति दिन 8 घंटा ड्यूटी करने के बाद भी घर में दोनों वक्त का चूल्हा जलना मुश्किल हो गया है। वेतन न मिलने के कारण परिवारिक समस्या खड़ी हो गई है। उन्हें काम करने के बाद भी वेतन नहीं दिया जा रहा है। बड़े बाबू का हर माह यही कहना है कि बजट नही है। बजट न होने की बात कह कर वह किनारा कस ले रहे है। जबकि परिवार को आर्थिक तंगी के कारण कई समस्या को झेलना पड़ रहा है। वेतन न मिलने के कारण भुखमरी की नौबत आन पड़ी है। कर्ज लेकर आखिर कब तक पेट भरा जायेगा। जिला मुख्यालय पर पहुंचे जवानों ने बिना किसी हंगामा या नारे बाजी के अपनी बात रखते हुए वेतन दिलाये जाने की मांग की ।

# पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर बंटा कंबल

**नेक कार्य**

**जय जवान, जय किसान नारा नहीं शांति से विकास का हैं मंत्र**

**जनसंदेश न्यूज**


कम्बल वितरण करते मनोज श्रीवास्तव

**मीरजापुर।** पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर राष्ट्रवादी युवा मंच के बैनर तले नगर के घंटाघर ओलियर घाट मार्ग पर कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस मौके पर नगर विधायक रत्नाकर मिश्र एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज श्रीवास्तव ने शास्त्री जी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया।

मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि अगर आप वास्तव में खुश रहना चाहते है तो दूसरों की मदद करने के लिए आगे आना होगा। सनातन धर्म में कहा गया है कि सुख दिने सुख होत है दुःख दिने दुःख होय। रामराज की कल्पना को सेवा, सत्कार और समर्पण के भाव से ही साकार किया जा सकता हैं। नगर विधायक रत्नाकर मिश्र ने कहा कि गरीबों की मदद करने के लिए संपन्न लोगों को आगे आना चाहिए। शास्त्री जी की सादगी और देश प्रेम लोगों को समाज और देश के लिए जीने का संदेश देती है। इस अवसर पर विहिप के जिलाध्यक्ष रामचन्द्र शुक्ल, दुर्गा श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव एडवोकेट, रविंद्र जायसवाल, प्रांत गौ रक्षा प्रमुख महेश तिवारी, भाजपा पूर्व क्षेत्रीय मंत्री रविशंकर साहू ,भाजपा उपाध्यक्ष मनोज दमकल, गोविंद निषाद, अंकुर श्रीवास्तव, आदि उपस्थित थे।

## पूर्व प्रधान ने लगाया हमला करने का आरोप

**जिगना।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बिहसडा बाजार निवासी पूर्व प्रधान बलराम उर्फ पप्पू जायसवाल के ऊपर गोलबंद होकर जान मारने की नियत से विपक्षियों ने हमला बोल दिया। तहरीर के माध्यम से थानाध्यक्ष जिगना को अवगत कराया है कि बुधवार की सुबह 11 बजे पीड़ित पक्ष द्वारा तालाब में लैट्रिन धोने का विरोध करने पर दबंगों के द्वारा लाठी डंडे से पूर्व प्रधान को मारा पीटा गया। जिसके कारण उनको गंभीरे चोटे आई। उसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए विपक्षी घटनास्थल से भाग गए। जिस समय घटना घटी उस समय पूर्व प्रधान तालाब के बगल अपने मकान का फर्श बनवा रहे थे। इन लोगों द्वारा सुनियोजित ढंग से झगड़ा करने की नियत पहले से ही बना चुके थे। हमले की सूचना घरवालों द्वारा जिगना पुलिस को दी गई। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल व्यक्ति को अपने साथ जिगना थाने ले गई। जहां से उन्हें मेडिकल के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरोई भिजवाया। पुलिस ने 323 504 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की धरपकड़ कर रही है।

## प्रधानों के खाते में किया जाए मनरेगा का भुगतान


एडीएम नमामि गंगे को ज्ञापन देते प्रधान संगठन के पदाधिकारी

**मांग**

**प्रधानों ने एडीएम एनजी को दिया ज्ञापन**

**मीरजापुर।** राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन द्वारा अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेशानुसार बुधवार को जिले की इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव व जिला इकाई के 12 ब्लॉकों के अध्यक्षों द्वारा संयुक्त रूप से एडीएम नमामि गंगे व सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर प्रधान संगठन द्वारा अपनी बात रखी गई। प्रधान संगठन द्वारा मांग की गई है कि 5 लाख की मनरेगा की स्वीकृति ग्राम पंचायत द्वारा की जाए। मनरेगा का भुगतान प्रधान के डोंगल द्वारा किया जाय। जिससे भुगतान ग्राम पंचायत द्वारा ही किया जाए। मनरेगा का पैसा प्रधान के खाते में भेजा जाए। जिससे लेबर और मटेरियल का भुगतान सुगमता पूर्वक हो जाए। ऐसी तमाम बातों को संगठन द्वारा मांग की गई है। इस दौरान छानबे ब्लॉक उपाध्यक्ष विनोद यादव, दिनेश,अरुण, बाबू सेठ, शिव लखन बिंद, दिनेश, बबलू, माया देवी, मनोज सिंह, अनिल कुमार, राकेश कुमार, चंदन कुमार, सुमन देवी सहित भारी संख्या में ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## संक्षेप

### सोनकर फाउंडेशन के तत्वावधान में एसडीएम ने बांटे कम्बल



**मीरजापुर।** सोनकर फाउंडेशन मीरजापुर के स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार की शाम को फनसिटी शिवाला महंत में कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। सोनकर फाउंडेशन के सौजन्य से कड़ाके की ठंड को एवं शीतलहर को देखते हुए 300 कंबल वितरण जरूरतमंद एवं असहाय लोगों को मुख्य अतिथि चंद्रभान सिंह उप जिलाधिकारी सदर एवं विशिष्ट अतिथि दिलीप कुमार सोनकर अधिशासी अभियंता लघु डाल नहर खंड एवं फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिल सोनकर प्रधान तथा प्रदीप कुमार सोनकर पूर्व सभासद एवं अन्य सदस्य के कर कमलों द्वारा कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर धर्मेश सोनकर सॉल्वर इंस्टीट्यूट, राजेश सोनकर, महेश सोनकर, राधेश्याम सोनकर, दीपक सोनकर, विनोद सोनकर, गोपाल सोनकर, राजेश सोनकर, जोखू सोनकर, जोगिंदर सोनकर, हंसराज सोनकर एवं इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### विंध्याचल में पकड़ा गया अवैध वाहन स्टैंड संचालक

**मीरजापुर।** विंध्याचल पुलिस ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दबंगई से वाहन स्टैंड चलाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। इसकी शिकायत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी से मिलने के बाद कार्यवाही की गई। यातायात माह के दौरान अवैध अतिक्रमण हटाने और अवैध स्टैंड संचालकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी सीओ सिटी परमानंद कुशवाहा ने दी। विंध्याचल धाम में स्टेशन रोड से आने वाले यात्रियों को दबंगई का शिकार बनना पड़ रहा था। उनका वाहन जबरन रोककर सरकारी अस्पताल परिसर में खड़ा कराकर स्टैंड के नाम से वसूली की जा रही थी। जिससे अस्पताल में आने वाले मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। लिहाजा शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया। कानूनी कार्रवाई करते हुए अवैध वाहन स्टैंड चलाने के आरोप में कंचन पाल को गिरफ्तार किया। सीओ सिटी परमानंद कुशवाहा ने कहा कि अवैध स्टैंड चलाने की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है। इस समय सड़क सुरक्षा माह चलाया जा रहा है। अतिक्रमण करने और विंध्य क्षेत्र में अवैध वाहन स्टैंड चलाने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई किया जायेगा। गैर कानूनी कार्रवाई करने वालों की सूचना आम नागरिकों के द्वारा दिए जाने की अपील की।

### खाद्य विपणन अधिकारी ने धान क्रय केंद्र का किया निरीक्षण

**लालगंज।** स्थानीय विकासखंड क्षेत्र में स्थित पगार साधन सहकारी समिति लहंगपुर पर बनाये गये धान क्रय केंद्र का बुधवार को जिला खाद्य विपणन अधिकारी धनंजय सिंह के साथ आरएम पीसीएफ वैभव कुमार ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान धान क्रय केंद्र पर धान तौल कराने आये किसानों का आधार कार्ड न मिलने पर क्रय केंद्र प्रभारी सिद्धनाथ दुबे को फटकार लगाई। उन्होंने क्रय केंद्र प्रभारी से पूछा कि दोनों कांटे पर आज की तारीख में कितने किसानों को टोकन दिया गया है इस पर क्रय केंद्र प्रभारी ने बताया कि कुल 8 किसानों को टोकन दिया गया है जिसमें 3 किसान धान क्रय केंद्र पर आ गए हैं। वहीं पर क्रय केंद्र प्रभारी ने बताया कि अब तक 312 किसानों से 12.728 कुंटल धान की खरीदी की गई है। निरीक्षण के दौरान जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि धान क्रय केंद्र पर सब ठीक ही मिला है लेकिन धान तौल कराने आए किसानों का आधार कार्ड मौके पर नहीं मिला। इस पर केंद्र प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि जो किसान धान तौल कराने आये वो लोग अपना आधार कार्ड मौके पर रखें।

### जन सुनवाई हेतु ग्राम पंचायतों में किया गया चौपाल का आयोजन

**मीरजापुर।** आयुक्त ग्राम्य विकास ने ग्राम चौपाल का आयोजन किये जाने का निर्देश दिया गया। उक्त के तहत 13 जनवरी 2023 को विधानसभा मझवां के विकास खण्ड पहाड़ी में ग्राम पंचायत बेदौली कला, इमिरिती, विकास खण्ड मझवां में महामलपुर, करसड़ा, विधानसभा मझवां नगर विकास खण्ड सिटी के ग्राम पंचायत पड़रा हनुमान, कंतित ग्रामीण, विधानसभा नगर के विकास खण्ड कोन में भोगांव, चन्देलडढ़िया, विधानसभा छानबे विकास खण्ड छानबे के ग्राम पंचायत गौरा, जांसा बघौरा, विकास खण्ड लालगंज में पतुलकी, बसही कला, विकास खण्ड हलिया में हलिया, बरी, विधानसभा मड़िहान विकास खण्ड पटेहरा कला में मरचा, ककरद, विकास खण्ड राजगढ़ में ददरा, पतेरी, विधानसभा चुनार विकास नरायनपुर में परशुरामपुर, बैंकुंठपुर, विकास सीखड़ में शिल्पी, पचराव, विकास खण्ड जमालपुर भुईली खास, हिनौती माफी में चौपाल का आयोजन किया गया हैं। ग्राम चौपाल हेतु चयनित ग्राम पंचायत को सांसद व विधायकगण के सुझाव के अनुसार परिवर्तन सम्भव हैं।

### रामकथा का अमृत पान कर श्रोता भावविभोर

**हलिया।** क्षेत्र के मड़वां धनावल गांव में विश्व कल्याण और गौ रक्षा के लिए आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम महायज्ञ व रामकथा के आठवें दिन बुधवार को प्रयागराज से पधारे अम्बरीष दास जी महाराज के नेतृत्व में विद्वान आचार्यों ने विधिविधान से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ पूजन किया। इसके बाद राम नारायण दास जी महाराज ने भक्तों को रामकथा का अमृतपान कराया। कथावाचक ने कहा कि राम नाम का स्मरण करने वाले प्राणी प्रभु राम की कृपा से भवसागर को आसानी से पार कर जाते हैं। कहा कि जिस व्यक्ति के अंदर त्याग और समर्पण के गुण पाए जाते हैं ऐसे भक्त भगवान को परम प्रिय होते हैं। कहा कि प्रभु श्रीराम ने माता कैकेई की इच्छाओं का सम्मान करते हुए राजगद्दी को त्याग दिया और चौदह वर्ष के वनवास को सहजता पूर्वक स्वीकार कर लिया। प्रभु श्रीराम का यह त्याग और समर्पण आज के समाज के लिए अनुकरणीय है। कहा कि देश और समाज की उन्नति के लिए आज त्यागी राष्ट्र प्रेमियों की जरूरत है। कथा श्रवण करने के बाद श्रोताओं ने यज्ञ स्थल की परिक्रमा कर सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान ग्राम प्रधान रमेश सिंह, सुरेन्द्र बहादुर सिंह, दामोदर सिंह, शिव दत्त दुबे, प्रतीक सिंह, घनश्याम श्रीवास्तव, सत्येन्द्र दुबे, शारदा दुबे, अयोध्या भट्ट, श्यामधर दुबे आदि मौजूद रहे।

### सवित्त माध्यमिक प्रबंधक संगठन के जिलाध्यक्ष बने अजय ओझा

**मीरजापुर।** सवित्त माध्यमिक प्रबंधक संगठन मीरजापुर का जिलाध्यक्ष श्री ज्ञानानंद इंटर कॉलेज पड़री के प्रबंधक अजय ओझा को मनोनीत किया गया है। प्रदेश महामंत्री प्रमोद सिंह ने संगठन का विस्तार करते हुए उमेश सिंह मंडल उपाध्यक्ष व अजय ओझा को मीरजापुर जनपद का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया हैं। अजय ओझा को जिलाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर जनपद के प्रबंधको में खुशी व्याप्त हैं। अजय ओझा छात्र जीवन से ही जुझारु रहें हैं जनपद के बड़े महाविद्यालय विनानी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र संघ महामंत्री व अध्यक्ष रह चुके हैं तथा राष्ट्रीय स्तर छात्र नेताओं का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वर्तमान में जनपद में अपनी अलग पहचान रखने वाले श्री ज्ञानानंद इंटर कॉलेज पड़री के लगातार दुसरी बार प्रबंधक हैं। अजय ओझा के जिला अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर जनपद के प्रबंधकों ने बधाई दी है।



### 11 फरवरी को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**मीरजापुर।** प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय के दिवाकर प्रसाद चतुवेर्दी, की अध्यक्षता में पारिवारिक मामलों के निस्तारण हेतु चिन्हित पारिवारिक मामलों के निस्तारण हेतु पक्षकारों के मध्य सुलह समझौता वार्ता हेतु प्री-बैठक आहूत किया। बैठक में उपस्थित ( पति - पत्नी ) पक्षकारगण को साथ-साथ रहने के लिए मध्यस्थतगण के द्वारा काफी समझाया गया। उनमें से एक दाम्पत्य पति पत्नी साथ-साथ रहने को तैयार हो गये और उनके पत्रावली के निस्तारण के लिए 11 फरवरी 2023 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में बुलाया गया है। साथ उन्होने यह भी बताया कि दाम्पत्य मामलें जिन्होने अभी तक न्यायालय में अपना मुकदमा दायर नहीं किया है, ऐसे प्री-लिटिगेशन दाम्पत्य मुकदमों में सुलहवार्ता न्यायिक अधिकारियों की गठित समिति द्वारा सुलह-समझौता के माध्यम से निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में किया जायेगा और निणर्य में डिकी भी पारित होगी। प्री-लिटिगेशन सुलहवार्ता बैठक में अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लाल बाबू यादव ने उपस्थित दाम्पत्य पति पत्नीयों को बताया कि अपने जीवन को सुखमय बनाये के लिए पति पत्नी आपस में सामन्जश बना कर रहे तो कभी भी आपस में विवाद नहीं होगा।

### तंबाकू सेवन न करने की दिलाई गई शपथ

**हलिया।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में बुधवार को तंबाकू रोग नियंत्रण अभियान के तहत चिकित्सक डा॰ अभिषेक जायसवाल की अध्यक्षता में संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में तंबाकू के सेवन से होने वाली विभिन्न बीमारियों के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस दौरान तंबाकू उत्पादों के सेवन नही करने के लिए उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई गई है। जिला सलाहकार तंबाकू नियंत्रण डा॰ राजेश कुमार ने बताया कि विश्व भर में कैंसर से होने वाली मौतों का एक सबसे बड़ा कारण तंबाकू सेवन है। तंबाकू उत्पादों के सेवन करने से कैंसर होता है। साइकोलॉजिस्ट काउंसलर डा॰ शालिनी सिंह ने तंबाकू उत्पादों बीड़ी सिगरेट, गुटखा आदि के सेवन नही करने की सलाह देते हुए कहा कि धूम्रपान छोड़ने से रक्त चाप और ह्रदय गति सामान्य हो जाती है। डा॰अभिषेक जायसवाल ने मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि हम सभी आज से प्रतिज्ञा करें और शपथ लें कि तंबाकू उत्पादों का सेवन नही करेंगे। इस दौरान महिला चिकित्सक निर्मल, रीना पटेल, डा॰हर्षवर्धन, डा॰सुरेश कनौजिया, फार्मासिस्ट शिवशंकर पटेल, सुभाष सिंह, अजय कुशवाहा एलटी आलोक कुमार, अखिलेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# स्पोर्ट्स

## बाबर आजम को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है : मिसबाह उल हक

**कराची।** पूर्व कप्तान और कोच मिसबाह उल हक का मानना है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) में कुछ लोग मौजूदा कप्तान बाबर आजम की स्थिति को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि इससे टीम के ड्रेसिंग रूम पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। मिसबाह ने मंगलवार को लाहौर में संवाददाताओं से कहा, क्रिकेट मेरे खून में है और मैं हर समय क्रिकेट मैच देखता हूं और क्रिकेट के बारे में पढ़ता हूं....और मैं देख रहा हूं कि टीम में बाबर आजम की स्थिति कमजोर हो रही है। बोर्ड के साथ तीन साल का अनुबंध होने के बावजूद मिसबाह को सितंबर 2021 में पूर्व अध्यक्ष रमीज राजा ने मुख्य कोच के रूप में इस्तीफा देने के लिए कहा था। मिसबाह ने कहा कि बाबर की प्रेस कॉन्फ्रेंस देखकर कोई भी इसे आसानी से देख सकता है।



# वनडे रैंकिंग...छठे स्थान पर आए कोहली: सूर्या टी-20 में 908 रेटिंग पॉइंट हासिल करने वाले पहले भारतीय बने

**भारतीय कप्तान रोहित को भी एक रैंक का फायदा हुआ वह 715 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 8वें नंबर पर पहुंच गए, पाक के बाबर आजम 891 पॉइंट्स के साथ टॉप वनडे बैटर**

**नई दिल्ली।** भारत-श्रीलंका पहले वनडे में शतक जमाने वाले विराट कोहली को वनडे रैंकिंग में फायदा हुआ है। जबकि सूर्या कुमार यादव टी-20 में नंबर-1 पर बरकरार हैं। वे बैटर रैंकिंग में सबसे ज्यादा रेटिंग पॉइंट हासिल करने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उनके 908 रेटिंग पॉइंट हो गए हैं।



इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बुधवार को ताजा रैंकिंग जारी की। इसके अनुसार, विराट कोहली 2 स्थान के उछाल के साथ छठे नंबर पर आ गए हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को भी एक रैंक का फायदा हुआ वह 715 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 8वें नंबर पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम 891 पॉइंट्स के साथ टॉप वनडे बैटर हैं।

***विराट श्रीलंका के खिलाफ बनाए थे 113 रन***

विराट कोहली ने एक दिन पहले मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ 113 रनों की शतकीय पारी खेली थी। वनडे की बॉलर रैंकिंग में कोई भी भारतीय टॉप-10 में शामिल नहीं है। श्रीलंका के खिलाफ 2 विकेट लेने वाले मोहम्मद सिराज 18वें नंबर पर पहुंचे। उनके बाद जसप्रीत बुमराह 19वें नंबर पर हैं। ऑलराउंडर्स रैंकिंग में किसी भी भारतीय प्लेयर का नाम टॉप-20 तक में नहीं है।

***सूर्या से 72 पॉइंट्स पीछे रिजवान***

पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान टी-20 बैटर्स रैंकिंग में दूसरे नंबर हैं। लेकिन, उनके और सूर्यकुमार के बीच 72 पॉइंट्स का अंतर है। तीसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के डेवोन कॉन्वे, चौथे पर पाकिस्तान के बाबर आजम और पांचवें नंबर पर साउथ अफ्रीका के एडेन मार्करम हैं। टॉप-10 में सूर्या के अलावा कोई भी भारतीय नहीं है। उनके बाद विराट कोहली 13वें ओर केएल राहुल 22वें नंबर पर हैं।

***विराट का रिकॉर्ड तोड़ा***

सूर्यकुमार से पहले कोई भी भारतीय टी-20 में 900 से ज्यादा रेटिंग पॉइंट हासिल नहीं कर सका था। उनसे पहले पूर्व कप्तान विराट कोहली ने टी-20 में 897 रेटिंग पॉइंट्स हासिल किए थे। ओवरऑल लीडरबोर्ड में इंग्लैंड के डेविड मलान ने 915 रेटिंग पॉइंट्स हासिल कर रखे हैं। सूर्यकुमार दूसरे नंबर पर हैं।

***हार्दिक तीसरे नंबर पर आए***

हार्दिक पंड्या क्कउ के टॉप ऑलराउंडर्स की लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं। उनके 219 पॉइंट्स हैं। बांग्लादेश के शाकिब अल हसन 252 पॉइंट्स के साथ पहले और अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी 233 पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर हैं।

***टॉप-10 में कोई भारतीय नहीं***

बॉलर्स में कोई भी भारतीय प्लेयर टॉप-10 में शामिल नहीं है। भुवनेश्वर कुमार 628 पॉइंट्स के साथ 18वें नंबर पर हैं। उनके बाद अर्शदीप सिंह 21वें नंबर पर हैं। बॉलर्स रैंकिंग में अफगानिस्तान के राशिद खान 698 पॉइंट्स के साथ पहले नंबर पर हैं। श्रीलंका के वनिंदु हसरंगा के एक स्थान के नुकसान के बाद 695 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं।

## आईपीएल 2023 में नहीं खेलेंगे पंत मिलेगी पूरी सैलरी : सौरव गांगुली

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज ऋषभ पंत 30 जनवरी 2022 को सड़क हादसे में घायल हो गए थे। इस दुर्घटना में पंत को कुछ गंभीर चोटे लगी थीं, जिसकी रिकवरी के चलते वो कई महीनों तक क्रिकेट से दूर रहेंगे। इसी कारण ऋषभ पंत आईपीएल में भी पंत हिस्सा नहीं ले पाएंगे। विकेटकीपर बल्लेबाज के आईपीएल में शामिल न होने की जानकारी खुद दिल्ली कैपिटल्स डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट सौरव गांगुली ने दी। गांगुली ने इस बारे में एक रिपोर्टर से बात करते हुए बताया, पंत आईपीएल के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। मैं दिल्ली कैपिटल्स के साथ कनेक्शन में हूं। यह शानदार आईपीएल होगा। पंत की इंजरी दिल्ली कैपिटल्स को प्रभावित करेगी, उनके आईपीएल न खेलने के बाद भी उन्हें पूरी सैलरी दी जाएगी। आपको बता दें बीसीसीआई पंत को दिल्ली कैपिटल्स से उनके 16 करोड़ रुपये के आईपीएल वेतन के लिए पूरी तरह से मुआवजा देगा। आईपीएल सैलरी के अलावा बोर्ड पंत को उनके 5 करोड़ रुपये के सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट का पूरा भुगतान करेगा।



## पृथ्वी शॉ ने रणजी में जड़ा पहला तिहरा शतक, तोड़ा संजय मांजरेकर का रिकॉर्ड

**मुंबई के सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने रणजी ट्रॉफी करियर में अपना तिहरा शतक जड़ा**

**गुवाहाटी।** मुंबई के सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने रणजी ट्रॉफी करियर में अपना तिहरा शतक जड़कर नए साल का धमाकेदार आगाज कर दिया है। पृथ्वी शॉने 383 बॉल पर 379 रन की पारी खेली। पृथ्वी शॉ रणजी ट्रॉफी के इतिहास में मुंबई की ओर से सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

***संजय मांजरेकर का रिकॉर्ड तोड़ा***

इसी के साथ पृथ्वी शॉ भारतीय फर्स्ट क्लास और रणजी के इतिहास में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने संजय मांजरेकर का रिकॉर्ड तोड़ा है, जिन्होंने 1991 में मुंबई (तब बंबई) के लिए हैदराबाद के खिलाफ 377 रन बनाए थे। बता दें कि फर्स्ट क्लास और रणजी के इतिहास में 400 रन बनाने का रिकॉर्ड एक बार ही बना है। यह रिकॉर्ड महाराष्ट्र के ही बीबी निम्बालकर ने बनाया था। उन्होंने 1948 के सीजन में महाराष्ट्र के लिए खेलते हुए काठियावाड़ के खिलाफ नाबाद 443 रनों की पारी खेली थी। वहीं पृथ्वी शॉ त्रिपुरा के समित गोहेल का भी रिकॉर्ड तोड़ा। गोहेल ने 2016 में 359 रन की नाबाद पारी खेली थी।



***अजिंक्य रहाणे ने भी जड़ा शतक***

वहीं, दूसरी तरफ टीम इंडिया से बाहर चल रहे अजिंक्य रहाणे ने भी शतक पूरा कर लिया है। रहाणे ने 195 गेंदों में 8 चौकों और 51.27 के स्ट्राइक रेट के साथ शतक पूरा किया। पृथ्वी शॉ और अंजिक्य रहाणे की शानदार पारियों के दम पर मुंबई ने 500 रन का स्कोर पार कर लिया है। रणजी ट्रॉफी के इस सीजन में रहाणे इससे पहले हैदराबाद के खिलाफ दोहरा शतक जड़ने का कारनामा कर चुके हैं।

## 'हर मैच को आखिरी मानकर खेलता हूं', विराट कोहली ने ऐसा क्यो कहा?


**गुवाहाटी।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने श्रीलंका के खिलाफ मैच जिताऊ शतक जड़ने के बाद कहा है कि वह हर मैच को आखिरी मानकर खेलते हैं। फिलहाल वह अपने खेल का आनंद ले रहे हैं, और वह जब तक खेल रहे हैं तब तक इसका आनंद लेना चाहते हैं। नवंबर 2019 से लेकर सितंबर 2022 तक रन मशीन कोहली के बल्ले से कोई शतक नहीं निकला। उन्होंने एशिया कप 2022 में अफगानिस्तान के खिलाफ शतक जड़कर तीन साल के अपने सूखे को समाप्त किया, जबकि उसके बाद से वह एकदिवसीय क्रिकेट में दो शतक और जमा चुके हैं। विराट कोहली ने प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार मिलने के बाद कहा, मैंने (अपने खराब समय में) एक चीज सीखी है कि मायूसी आपको कहीं नहीं ले जाती। खेल हमेशा आसान रहता है। मुश्किलें तब होती हैं जब हम अपने विचारों, आकांक्षाओं और लोगों के मन में अपनी तस्वीर के साथ खुद को जोड़कर देखने लगते हैं और चीजों को उलझा देते हैं। हम भूल जाते हैं कि जब हमने बल्ला या गेंद उठाई थी तब हम कौन थे। जब आप यह भूल जाते हैं तो आप खुद को ऐसी स्थिति में डाल देते हैं जहां से सब नीचे जाता रहता है। उन्होंने कहा, मैंने सीखा कि इन चीजों से आजाद होकर खेलने से ही मदद मिलती है, जब आप बिना किसी डर के, हर मैच को ऐसे खेलते हैं जैसे वह आपका आखिरी मैच हो।



## ओडिशा के कलाकार ने बोतल के भीतर उकेरी हॉकी स्टिक और गेंद, जानें टूर्नामेंट के कुछ रोचक तथ्य

**भुवनेश्वर/राउरकेला।** ओडिशा के कलाकार एल ईश्वर राव ने विश्व कप में भाग ले रही सभी टीमों को शुभकामना देने के लिए 750 मिलीलीटर की एक बोतल के भीतर हॉकी स्टिक और गेंद की लघु कलाकृति बनाई है। विश्व कप भुवनेश्वर और राउरकेला में 13 से 29 जनवरी के बीच खेला जायेगा।

राव ने कहा कि पेंसिल की नोंक से उन्हें यह कलाकृति उकेरने में 10 दिन का समय लगा। इससे पहले उन्होंने विश्व कप हॉकी की प्रतिकृति भी बनाई थी। उन्होंने इस मॉडल को तैयार करने के लिये चाक, कांच और चमकीले कागज का इस्तेमाल किया । उन्होंने कहा ,ह्यह्य विश्व कप हॉकी हमारे प्रदेश में दूसरी बार हो रही है । यह हमारे लिये गर्व की बात है। मैं सभी 16 टीमों को अपनी कला के जरिये शुभकामना देना चाहता हूं। राव पिछले 25 साल से इस कला पर काम कर रहे हैं।




वहीं शुक्रवार से शुरू हो रहेएफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप से पहले पिछले टूर्नामेंटों के कुछ रोचक आंकड़े तैयार किये हैं, जो इस प्रकार हैं।

अब तक 1971 के बाद से विश्व कप के 14 सत्रों में 605 मैच खेले गए हैं। इन मैचों में कुल 2433 गोल हुए हैं।

विश्व कप में अब तक कुल 26 देश भाग ले चुके हैं। चिली और वेल्स इस विश्व कप में पदार्पण करेंगे तो यह संख्या 28 हो जायेगी।


भारत, नीदरलैंड और स्पेन सभी 14 विश्व कप खेल चुके हैं और इस बार भी खेल रहे हैं। अर्जेंटीना, आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और पाकिस्तान 13 बार खेले हैं।

अर्जेंटीना, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड इस बार भी खेल रहे हैं जबकि चार बार का चैम्पियन पाकिस्तान क्वालीफाई नहीं कर सका। भारत लगातार दूसरी बार मेजबानी करने वाला पहला देश बना। पिछला विश्व कप 2018 में भुवनेश्वर में खेला गया था। इस बार भुवनेश्वर और राउरकेला में खेला जा रहा है।

ओडिशा सरकार के अनुसार 21000 की क्षमता वाला राउरकेला का बिरसा मुंडा स्टेडियम दुनिया का सबसे बड़ा हॉकी मैदान है। 16 टीमें 44 मैच खेलेगी, जिनमें से 24 भुवनेश्वर में होंगे जबकि राउरकेला में 20 मैच खेले जायेंगे। पिछली बार बेल्जियम ने फाइनल में नीदरलैंड को शूटआउट में हराया था। पाकिस्तान चार बार और आस्ट्रेलिया तीन बार विश्व कप जीत चुका है। भारत ने एकमात्र खिताब 1975 में कुआलालम्पुर में जीता था। ऑस्ट्रेलिया ने 92 मैचों में से 69 मैच जीते हैं यानी उसकी जीत का प्रतिशत 75 रहा है । उसने सर्वाधिक 305 गोल भी किये हैं।

## सऊदी अरब से सीखो कतर! रोनाल्डो और उनकी गर्लफ्रेंड का सबसे बड़ा 'गुनाह' भी किया माफ

फीफा वर्ल्ड कप 2022 का आयोजन कतर में हुआ था और पूरे टूनामेंट में उसके क्रूर नियम छाए रहे। कपड़े पहनने से सेक्स तक पर नियम बनाए गए थे, जिसका पालन करना विदेशियों के लिए मुश्किल टास्क था। कुछ वैसे ही हालात सऊदी में भी हैं। यहां भी काफी कड़े नियम-कानून हैं, लेकिन क्रिस्टियानो रोनाल्डो और उनकी गर्लफ्रेंड जॉर्जिना रोड्रिगेज के सबसे बड़े गुनाह का भी स्वागत कर रहा है। यह बिना कपल बिना शादी किए सऊदी में साथ रहा और रहेगा, जो कि उसके नियमों के खिलाफ है। दरअसल, रोनाल्डो सऊदी के अल नासर क्लब से भारी भरकम राशि पर जुड़े हैं। क्लब के लिए उन्होंने डेब्यू भी कर लिया है। उन्होंने अल ताई एफसी के खिलाफ डेब्यू किया। हालांकि, वह कोई गोल नहीं दाग सके। वह इस इस्लामिक देश में अपनी गर्लफ्रेंड जॉर्जिना के साथ पहुंचे थे। उनके साथ उनके बच्चे भी थे। जॉर्जिना बिना शादी के उनके दो बच्चों की मां हैं और यह इस्लामिक देश सऊदी में अपराध है। यही नहीं, बिना शादी के एक छत के नीचे रहना, रूम शेयर करना, भी अपराध है, लेकिन सऊदी ने अपने मेहमान के लिए इस नियम से समझौत किया है। यह कपल पति-पत्नी की तरह एक साथ रहेगा।



## मोहम्मद अजहरुद्दीन ने कहा- केएल राहुल को प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी, कोच के साथ कमियों पर काम करना होगा

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन का मानना है कि केएल राहुल को अपने प्रदर्शन में और अधिक निरंतरता लानी होगी और राष्ट्रीय टीम के कोच के साथ अपनी तकनीकी खामियों पर काम करने की जरूरत है। अपने कलात्मक खेल के लिए मशहूर रहे 57 साल के अजहर इस बात से थोड़ा निराश हैं कि राहुल जैसी प्रतिभा का खिलाड़ी अपनी पूरी क्षमता के अनुसार नहीं खेल पा रहा है। मोहम्मद अजहरुद्दीन ने विशेष बातचीत में कहा, मुझे लगता है कि राहुल के मामले में प्रदर्शन में निरंतरता समस्या है लेकिन मुझे लगता है कि कोच मौजूद हैं जिन्हें उसकी खामियों को सुधारना चाहिए। मेरे नजरिए से वह अच्छा खिलाड़ी है लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी के बाद से राहुल अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं। वह मंगलवार को गुवाहाटी में श्रीलंका के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच में भी 39 रन पर बोल्ड हो गए थे। अजहर ने कहा, मुझे लगता है कि राहुल कई तरीकों से आउट हो रहा है। मुख्य रूप से अच्छी गेंदें उन्हें आउट नहीं कर रही हैं। खराब शॉट चयन समस्या पैदा कर रहा है। मोहम्मद अजहरुद्दीन का मानना है कि सभी सीनियर खिलाड़ी समय निकालें और घरेलू क्रिकेट खेलें। पहले वनडे में सीमित ओवरों के कप्तान रोहित शर्मा और सुपरस्टार विराट कोहली ने अच्छी पारियां खेली और मोहम्मद अजहरुद्दीन को लगता है कि साल के अंत में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप में ये दोनों भारत के लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी होंगे। उन्होंने कहा, दोनों बहुत अच्छे और स्तरीय खिलाड़ी हैं और उन्होंने अतीत में भी अच्छा प्रदर्शन किया है जैसा कि रिकॉर्ड भी कहता है। मुझे विश्वास है कि कोहली और रोहित विश्व कप में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। एकदिवसीय प्रारूप में हमेशा उनके प्रदर्शन में निरंतरता रही है। वर्ष 1990 से 1999 के बीच करीब एक दशक तक दो चरणों में भारतीय टीम की कप्तानी करने वाले अजहरूद्दीन का मानना है कि नए टी20 कप्तान हार्दिक पंड्या में अच्छी नेतृत्व क्षमता है। उन्होंने कहा, हार्दिक एक कप्तान के रूप में अच्छे दिख रहा है और ऐसा लगता है कि वह टीम को साथ लेकर आगे बढ़ सकता है लेकिन उन्हें अपनी पीठ के बारे में सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि वह इसके कारण लंबे समय तक बाहर रहा है। मोहम्मद अजहरुद्दीन ने कहा, भारत को हरफनमौला हार्दिक की जरूरत होगी और हम चोटों का जोखिम नहीं उठा सकते। हार्दिक के पास एक युवा टीम है और यही आगे बढ़ने का रास्ता है। विजयी संयोजन बनाने के लिए आगामी टी20 श्रृंखला में मजबूत समन्वय की आवश्यकता होगी। भारतीय चयनकताओं ने पिछले कुछ समय में काफी आलोचनाओं का सामना किया है और अजहर चाहेंगे कि उनके पूर्व साथी और चयन समिति के अध्यक्ष चेतन शर्मा कुछ खिलाड़ियों को लेकर स्थिति स्पष्ट करें ताकि कोई संदेह नहीं हो। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से, चेतन को कम से कम एक या दो प्रेस कॉन्फ्रेंस करनी चाहिए और बताना चाहिए कि मौजूदा भारतीय टीम के लिए आगे का रास्ता क्या है। मोहम्मद अजहरुद्दीन एक साल से अधिक समय से हैदराबाद क्रिकेट संघ के अध्यक्ष हैं लेकिन प्रशासन को लेकर अरशद अयुब और शिवलाल यादव जैसे पूर्व भारतीय खिलाड़ियों के साथ उनके मतभेद रहे। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, यह अब तक अच्छा रहा है। हम हैदराबाद क्रिकेट संघ की खोई हुई प्रतिष्ठा बहाल करने के लिए लड़ रहे हैं। हमने स्टेडियम के साथ-साथ ड्रेसिंग रूम में भी (नवीकरण के मामले में) बहुत काम किया है। उन्होंने कहा, जब मैंने कार्यभार संभाला तो यह सब दयनीय स्थिति में था। हम तीन महीने में अपने दूसरे अंतरराष्ट्रीय मैच (भारत बनाम न्यूजीलैंड) की मेजबानी करेंगे। हम बहुत खुश हैं कि बीसीसीआई ने हमारी कड़ी मेहनत को पहचाना है और हमें मैच आवंटित किए जा रहे हैं।



## मलेशिया ओपन में एच एस प्रणय ने लक्ष्य सेन को हराया

**कुआलालम्पुर।** फॉर्म में चल रहे एच एस प्रणय ने अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूनार्मेंट के रोमांचक मुकाबले में बुधवार को हमवतन लक्ष्य सेन को हरा दिया। पिछले साल विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंचे प्रणय ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 10वीं रैंकिंग वाले सेन को 22 . 24, 21 . 12, 21 . 18 से हराया। केरल के 30 वर्ष के प्रणय का सामना अब इंडोनेशिया के चिको ओरा द्वि वोडोयो या डेनमार्क के हैंस क्रिस्टियन सोलबर्ग विटिंगुस से होगा। प्रणय और सेन की टक्कर पिछले साल पांच बार हुई जिसमें सेन 3 . 2 से आगे थे। इस मैच में दोनों ने तेज शुरूआत की और प्रणय ने दो अंक की बढत के साथ आगाज किया। सेन ने हालांकि जल्दी ही वापसी कर-के स्कोर 13 . 13 कर लिया। कुछ विवादित लाइन कॉल के बाद स्कोर 19 . 19 था। सेन ने एक अंक बनाया लेकिन तुरंत गंवा भी दिया। प्रणय भी बढत कायम नहीं रख सके और पहला गेम गंवा दिया। दूसरे गेम में प्रणय 4 . 1 से आगे थे जब सेन ने कई सहज गलतियां की। उसने आक्रामकता दिखाई लेकिन प्रणय उससे काफी आगे थे। प्रणय ने नौ अंकों की बढत के साथ यह गेम जीत लिया। निर्णायक गेम में सेन ने 8 . 4 की बढत बनाई लेकिन प्रणय ने जल्दी ही 9 .9 से वापसी की। इसके बाद से उन्होंने सेन को लौटने का मौका नहीं दिया।



# भारत जोड़ो यात्रा : पंजाब में राहुल गांधी ने फतेहगढ़ साहिब गुरुद्वारे में टेका मत्था, कहा- बहुत कुछ सीखने को मिला

## इस दौरान भी राहुल गांधी पगड़ी पहने और आधी बाजू की टी-शर्ट पहने नजर आए, बीजेपी पर आरोप लगाते हुए बोले कि भारत भाईचारे, एकता तथा सम्मान के भाव में यकीन रखता है, और यही कारण है कि भारत जोड़ो यात्रा सफल हो रही

**फतेहगढ़ साहिब (पंजाब)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पंजाब में भारत जोड़ो यात्रा शुरू करने से पहले बुधवार सुबह गुरुद्वारा फतेहगढ़ साहिब में मत्था टेका। इस दौरान राहुल गांधी पगड़ी पहने और आधी बाजू की टी-शर्ट पहने नजर आए। गांधी के साथ कांग्रेस की पंजाब इकाई के प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वडिंग और पार्टी के अन्य नेता भी मौजूद रहे।

राहुल गांधी ने अंबाला जिले में यात्रा के हरियाणा चरण के समापन के बाद मंगलवार को अमृतसर में स्वर्ण मंदिर में भी मत्था टेका था। वह मंगलवार शाम फतेहगढ़ साहिब के सरहिंद पहुंचे और रात को वहीं रुके। कड़ाके की सर्दी के बीच बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता यात्रा के लिए यहां एकत्र हुए थे।



यात्रा के पंजाब-चरण के कार्यक्रम के अनुसार, यह फतेहगढ़ साहिब में सरहिंद से शुरू होगी और मंडी गोबिंदगढ़, खन्ना, साहनेवाल, लुधियाना, गोराया, फगवाड़ा, जालंधर, दसुआ और मुकेरियां से होकर गुजरेगी। यात्रा के जम्मू-कश्मीर में प्रवेश से पहले 19 जनवरी को पठानकोट में पार्टी की एक रैली होगी। गांधी सुबह और शाम तीन-तीन घंटे पैदल चलकर 25 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे।

तमिलनाडु के कन्याकुमारी से सात सितंबर को शुरू हुई यात्रा 30 जनवरी तक श्रीनगर में पहुंचने पर समाप्त होगी, जहां गांधी जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। यह पदयात्रा अब तक तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा से होकर गुजर चुकी है। राहुल गांधी ने यात्रा का पंजाब चरण शुरू करने से पहले कहा कि भारत जोड़ो यात्रा से बहुत कुछ सीखने को मिला। किसानों, दुकानदारों, मजदूरों, बेरोजगार युवाओं से बात की।

राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर देश में भय और नफरत फैलाने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कहा कि भारत भाईचारे, एकता तथा सम्मान के भाव में यकीन रखता है, और यही कारण है कि भारत जोड़ो यात्रा सफल हो रही है। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के पंजाब चरण की शुरूआत से पहले यहां सरहिंद में लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। राहुल ने कहा, देश में नफरत का माहौल बना दिया गया है।

भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के लोग देश को बांट रहे हैं। ये लोग एक धर्म को दूसरे धर्म के खिलाफ, एक जाति को दूसरी जाति के खिलाफ, एक भाषा को दूसरी भाषा के खिलाफ खड़ा करने का काम कर रहे हैं। ....और इन्होंने देश का माहौल खराब कर दिया है। इसलिए हमने सोचा कि देश को एक और रास्ता दिखाने की जरूरत है, जो प्रेम, एकता और भाईचारे का हो, इसलिए हमने यह यात्रा शुरू की है।

### दिल्ली दंगा: कोर्ट ने किया आप के पूर्व नेता ताहिर हुसैन के खिलाफ आरोप तय

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व नेता ताहिर हुसैन के खिलाफ आरोप तय करके सुनवाई शुरू करने का मार्ग प्रशस्त किया। तीन नवंबर को अदालत ने फरवरी, 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज धनशोधन मामले में हुसैन के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश पारित किया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत ने कहा, तदनुसार, धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की धारा-3 के तहत अपराध के लिए आरोपी ताहिर हुसैन के खिलाफ आरोप तय किया जाता है, इसे पढ़ा गया और उसे (हुसैन) समझाया गया, जिस पर उसने दोष स्वीकार नहीं किया और सुनवाई शुरू करने की बात की। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 10 फरवरी को करना तय किया। अदालत ने पहले कहा था कि आरोप तय करने के लिए प्रथम दृष्टया पर्याप्त सामग्री है, जो हुसैन के खिलाफ गंभीर संदेह पैदा करती है।

## पलक तिवारी ने इंडियन लुक में भी मचा दिया बवाल



**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी और पलक तिवारी आज इंडस्ट्री में अपनी एक खास पहचान बना चुकी हैं। पलक को फेमस पंजाबी सिंगर हार्डी संधु के म्यूजिक वीडियो 'बिजली बिजली' एक खास पहचान मिली है। एक्टिंग के साथ पलक अपने बोल्ड फोटोशूट को लेकर भी हमेशा छाई रहती हैं। वह अक्सर अपनी हॉट तस्वीरों के जरिए फैंस को क्रेजी बनाती रहती हैं। इसी बीच एक बार फिर से पलक की लेटेस्ट तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में उनके लुक की चर्चा हर तरफ हो रही है। पलक तिवारी ने हाल ही में अपना लेटेस्ट फोटोशूट कराया है, जिसकी तस्वीरें उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में आपको पलक के कई सारे स्टाइल देखने को मिलेगा। पहली तस्वीर में पलक ने येलो कलर की साड़ी पहनी है, जिसका ब्लाउज पीछे से काफी बोल्ड और डिजाइन है। वहीं, दूसरी तस्वीर में पलक रेड गाउन में अपना क्लीवेज दिखाती नजर आ रही हैं। तीसरी फोटो की बात करें तो इसमें पलक ने मल्टी कलर का बोल्ड ब्रालेट ब्लाउज और स्कर्ट कैरी किया है। चौथी और आखिरी फोटो में पलक ने व्हाइट एंड पिंक कलर का शरारा ड्रेस पहना है, जिसमें वो बेहद ही खूबसूरत नजर आ रही हैं।

## खास खबर

### कैलाश खेर के गाने पर थिरकेंगे बीएसपी कार्यकर्ता, 15 जनवरी को है मायावती का

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती का जन्मदिन आगामी 15 जनवरी को है। इस दिन को हमेशा ही मायावती के कार्यकर्ता खास मानाने का प्रयास करते हैं। इस बार भी कार्यकर्ता जनकल्याणकारी दिवस के रूप में बसपा सुप्रीमो का जन्मदिन मनाएंगे। सूत्रों के अनुसार इस खास मौके के लिए मशहूर गायक कैलाश खेर की आवाज में एक गाना भी तैयार किया गया है। जो जन्मदिवस पर बीएसपी के सभी कार्यालयों में बजेगा। सूत्रों के अनुसार दिल्ली में पार्टी की सेंट्रल यूनिट की तरफ से सभी इकाइयों को इसी गाने को बजाकर मायावती का जन्मदिन मनाने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि मायावती के जन्मदिन पर पार्टी के नेता और कार्यकर्ता उन्हें अलग ही रूप में दिखाने की कोशिश करते हैं। इस दिन लगने वाले पोस्टरों में कभी उन्हें आयरन लेडी के रूप में दशार्या जाता है तो कभी दलितों की मसीहा के रूप में दिखाया जाता है।

### विमान में पेशाब करने का मामला: दिल्ली की अदालत ने आरोपी की जमानत अर्जी पर फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने एअर इंडिया की उड़ान में एक बुजुर्ग महिला सह-यात्री पर पेशाब करने के आरोपी शंकर मिश्रा की जमानत अर्जी पर बुधवार को फैसला सुरक्षित रख लिया। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट कोमल गर्ग ने उस याचिका पर आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें कहा गया था कि उक्त कृत्य यौन इच्छा से प्रेरित नहीं था और इसका उद्देश्य शिकायतकर्ता का शील भंग करना नहीं था। एक अन्य मजिस्ट्रेट अदालत ने मिश्रा को पुलिस की हिरासत में भेजने से इनकार करते हुए शनिवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। यह घटना पिछले साल 26 नवंबर को न्यूयॉर्क से दिल्ली आने वाली एअर इंडिया की एक उड़ान के बिजनेस क्लास में हुई थी।

## बक्सर के चौसा में उग्र हुआ किसानों का प्रदर्शन गुस्साए लोगों ने पुलिस की गाड़ियों में लगाई आग

### जिले में चौसा थर्मल बिजली संयंत्र के द्वारा अधिग्रहित भूमि के उचित मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन जारी



**बक्सर।** बिहार के बक्सर जिले में चौसा थर्मल बिजली संयंत्र के द्वारा अधिग्रहित भूमि के उचित मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने बुधवार को पुलिस की गाड़ियों को तोड़फोड़ कर आग लगा दी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि चौसा थर्मल पावर प्लांट के द्वारा अधिग्रहित भूमि के उचित मुआवजे की मांग को लेकर चल रहे किसानों का प्रदर्शन उग्र हो गया। उग्र लोगों ने पुलिस की गाड़ियों में तोड़फोड़ की और उसमें आग लगा दी। उग्र लोगों ने प्लांट के गेट पर आग लगा दी। बता दें पुलिस ने आधी रात को किसानों के घरों में घुसकर जमकर लाठियां बरसाईं। किसानों को बुरी तरह पीटा गया, जिसके बाद आज किसानों का गुस्सा फूटा।

बता दें पुलिस ने आधी रात को किसानों के घरों में घुसकर जमकर लाठियां बरसाईं। किसानों को बुरी तरह पीटा गया, जिसके बाद आज किसानों का गुस्सा फूटा। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने हवाई फायरिंग कर उग्र लोगों को शांत करने की कोशिश की। इसके पूर्व मंगलवार को किसानों ने प्लांट के मुख्य गेट पर प्रदर्शन किया था। इस बीच मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने कहा कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। इस मामले में अब तक कोई गिरफ्तारी भी नहीं हुई है। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने हवाई फायरिंग कर उग्र लोगों को शांत करने की कोशिश की। इसके पूर्व मंगलवार को किसानों ने प्लांट के मुख्य गेट पर प्रदर्शन किया था। इस बीच मौके पर पहुचे पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने कहा कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। इस मामले में अब तक कोई गिरफ्तारी भी नहीं हुई है।

### पांगी घाटी में अगले आदेश तक एचआरटीसी बसों का परिचालन बंद

**चंबा (पांगी)।** हिमाचल प्रदेश के जनजातीय उपमंडल पांगी के इलाके में तापमान में काफी गिरावट होने के चलते अत्यधिक ठंड और पानी के जम जाने से हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) बसों के परिचालन में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। घाटी में निगम द्वारा बसों के सामान्य परिचालन में उक्त समस्याओं के कारण लोगों को हो रही परेशानियों के चलते पांच दिन से बस सेवा बंद कर दी गई है। यह जानकारी अड्डा प्रभारी कमल सिंह ने मंगलवार को यहां दी। उन्होंने बताया कि पांगी उपमंडल और मुख्यालय किलाड़ में शीत ऋतु के चलते तापमान में भारी गिरावट आई है। इसके चलते अत्यधिक ठंड और पानी जम जाने की घटनाएं सामान्य होती हैं। ऐसे में तकनीकी दृष्टि से बसों को स्टार्ट करना सही नहीं है। कम तापमान के कारण गाड़ी के रेडिएटर में मौजूद कूलन्ट भी जम जाता है। ऐसी स्थिति में यदि बसों को स्टार्ट किया जाता है तो इंजन व अन्य उपकरण खराब हो जाते हैं। इसके साथ घाटी में बर्फबारी के कारण सड़क मार्ग भी अवरुद्ध रहते हैं। दुर्घटनाओं की संभावनाओं को मद्देनजर रखते हुए लोगों की सुरक्षा के लिए इस तरह के कदम उठाए जाना आवश्यक हैं।

## 'नाटू नाटू' ने रचा इतिहास, बधाइयों की जारी है बौछार, पीएम मोदी बोले- बहुत खास उपलब्धि

### आरआरआर के नाटू नाटू को बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग का अवॉर्ड मिला

**नई दिल्ली।** स्टीवन स्पीलबर्ग द्वारा निर्देशित द फेबलमैन्स को गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स 2023 में बेस्ट पिक्चर (ड्रामा) का अवॉर्ड मिला है। स्टीवन स्पीलबर्ग ने बेस्ट डायरेक्टर, केट ब्लैंचेट ने बेस्ट ऐक्ट्रेस (ड्रामा) और ऑस्टिन बटलर ने बेस्ट ऐक्टर (ड्रामा) का अवॉर्ड जीता। हाउस ऑफ द ड्रैगन को बेस्ट ड्रामा सीरीज जबकि आरआरआर के नाटू नाटू को बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग का अवॉर्ड मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिल्म आरआरआर के नाटू नाटू गाने द्वारा प्रतिष्ठित गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड जीतकर इतिहास रचने का वीडियो रीट्वीट कर फिल्म की टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा, बहुत खास उपलब्धि! इस प्रतिष्ठित सम्मान ने प्रत्येक भारतीय को गौरवान्वित किया है। आरआरआर, गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में कोई अवॉर्ड जीतने वाली पहली भारतीय फिल्म बन गई है। अभिनेता शाहरुख खान ने आरआरआर के गाने नाटू नाटू के गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड जीतने पर फिल्म के निर्देशक एस.एस.



राजामौली को बधाई दी है। शाहरुख ने कहा, सर, मैं अभी-अभी जगा और गोल्डन ग्लोब्स में आपकी जीत का जश्न मनाने के लिए नाटू नाटू पर डांस करना शुरू कर दिया...अभी और अवॉर्ड्स मिलेंगे। आप भारत को गौरवान्वित कर रहे हैं। 80वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में फिल्म आरआरआर' के नाटू नाटू गाने के 'बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग का अवॉर्ड जीतने पर फिल्म के अभिनेता जूनियर एनटीआर ने गाने का म्यूज़िक देने वाले एम.एम. कीरवानी को शुभकामनाएं दी हैं। जूनियर एनटीआर ने ट्वीट किया, मैंने अपने करियर में कई गानों पर डांस किया लेकिन 'नाटू नाटू' हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा। पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, तेलुगु फिल्मों के दिग्गज अभिनेताओं ने बुधवार को संगीतकार एम. एम. कीरावनी और ब्लॉकबस्टर फिल्म आरआरआर की टीम को सर्वश्रेष्ठ मूल (ओरिज़िनल) गीत की श्रेणी में गोल्डन ग्लोब पुरस्कार जीतने पर बधाई दी। फिल्म आरआरआर ने 2023 गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में अपने लोकप्रिय गीत नाटू नाटू के लिए सर्वश्रेष्ठ ओरिज़िनल सॉन्ग-मोशन पिक्चर का पुरस्कार अपने नाम किया है। पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने ट्वीट किया, हर एक भारतीय फिल्म आरआरआर के गीत नाटू नाटू को वैश्विक मंच पर मिली सराहना से काफी गौरवान्वित है। संगीतकार कीरावनी और आरआरआर की टीम को सर्वश्रेष्ठ मूल (ओरिजनल) गीत की श्रेणी में गोल्डन ग्लोब पुरस्कार जीतने पर बधाई। अभिनेता चिरंजीवी ने इसे एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने ट्वीट किया, क्या अभूतपूर्व, ऐतिहासिक उपलब्धि है! कीरावनी को सर्वश्रेष्ठ ओरिजिनल सॉन्ग-मोशन पिक्चर का पुरस्कार! नमन! उन्होंने कहा, आरआरआर फिल्म की टीम और राजामौली को बधाई। भारत को आप पर गर्व है। फिल्म में चिरंजीवी के बेटे राम चरण और अभिनेता जूनियर एनटीआर मुख्य भूमिका में हैं। दक्षिण भारतीय फिल्मों के अभिनेता नागार्जुन ने ट्वीट किया, कीरावानी और उनकी टीम को गोल्डन ग्लोब पुरस्कार के लिए बधाई। अब ऑस्कर का इंतजार है।

## सीएम मान ने पीसीएस अधिकारियों को ड्यटी पर आने का दिया आदेश

### हड़ताल की आड़ में ड्यूटी पर नहीं आ रहे थे अधिकारी

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हड़ताल पर चल रहे राज्य के सभी पीसीएस अधिकारियों को बुधवार अपराह्न दो बजे तक ड्यूटी पर आने का आदेश दिया है। मान ने एक ट्वीट कर कहा, मेरे संज्ञान में आया है कि कुछ अधिकारी हड़ताल की आड़ में ड्यूटी पर नहीं आ रहे हैं। वे भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ सरकार द्वारा की गई कड़ी कार्रवाई का विरोध कर रहे हैं। सभी को यह स्पष्ट कर देना चाहिए कि इस सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति है। इस तरह की हड़ताल ब्लैकमेलिंग और हाथ मरोड़ने के समान है। इसे कोई भी जिम्मेदार सरकार बर्दाश्त नहीं कर सकती। अतः आपको निर्देशित किया जाता है, हड़ताल को अवैध घोषित करें, आज यानि 11.01.2023 अपराह्न 2.00 बजे तक ज्वाइन नहीं करने वाले ऐसे सभी अधिकारियों को निलंबित करें। जो लोग अपराह्न 2.00 बजे तक ज्वाइन नहीं करते हैं, उन्हें अनुपस्थिति की अवधि में ड्यूटी से



गैरहाजिर माना जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा, भ्रष्टाचार के मामले में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। चाहे मंत्री, संतरी हो या मेरा कोई सगा संबंधी। जनता के एक-एक पैसे का हिसाब लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पंजाब सतर्कता विभाग द्वारा विगत दिनों भ्रष्टाचार के एक मामले लुधियाना के आर टी ए नरिंदर सिंह धालीवाल को गिरफ्तार किए जाने के विरोध में राज्य भर के पीसीएस अधिकारी साम,मूहिक अवकाश पर चले गए हैं, जिसके कारण सरकारी विभागों का कामकाज ठप हो गया है। पंजाब रेवेन्यु ऑफिसर एसोसिएशन ने मंगलवार को कहा था कि उनकी मांगे नहीं माने जाने तक कोई भी पीसीएस अधिकारी कार्य नहीं करेगा।

## रेप के दोषी 'जलेबी बाबा' को कोर्ट ने सुनाई 14 साल की सजा, काली करतूतें जानकर हर कोई दंग

### 3 महिला अनुयायियों का रेप करने के दोषी को मिली सजा, फोन से मिले 120 सेक्स वीडियो

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद (हरियाणा) के फास्ट ट्रैक कोर्ट ने एक नाबालिग समेत 3 महिला अनुयायियों का रेप करने के दोषी तांत्रिक अमरपुरी उर्फ 'जलेबी बाबा' को 14 साल जेल की सजा सुनाई है। 2018 में गिरफ्तारी के बाद अमरपुरी के फोन से 120 सेक्स वीडियो बरामद किए गए थे। अमरपुरी के खिलाफ 2017 में पहला रेप केस दर्ज हुआ था। हरियाणा के फतेहाबाद स्थित टोहना के एक 63 साल के बाबा की काली करतूतें जानकर हर कोई दंग है। फास्ट-ट्रैक स्पेशल कोर्ट ने इस बाबा को 100 से ज्यादा महिलाओं के साथ रेप और उनका वीडियो क्लिप बनाने का दोषी ठहराया है। ये बाबा इलाके में जलेबी बाबा और अमरपुरी 'बिल्लू' के नाम से जाना जाता था और इसका पूरा नाम अमरवीर है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जलेबी बाबा वीडियो क्लिप का इस्तेमाल महिलाओं का शोषण करने के लिए और उन्हें ब्लैकमेल करने के लिए करता था। टोहाना सिटी पुलिस ने 19 जुलाई, 2019 को उसके खिलाफ तब मामला दर्ज किया था, जब शहर में एक वीडियो वायरल हो गया था। बाद में जांच में पुलिस को कम से कम 120 वीडियो क्लिप मिलीं, जो अलग पीड़ित की थीं, और इन्हें अमरवीर के मोबाइल फोन से शूट किया गया था।



***कौन है जलेबी बाबा?***

अमरवीर लगभग 23 साल पहले पंजाब के मनसा शहर से टोहाना आया था। उसकी पत्नी मर चुकी थी और वह चार लड़कियों और दो लड़कों का पिता है। पहले 13 सालों तक वह एक जलेबी स्टॉल चलाता रहा, जहां उसकी मुलाकात एक तांत्रिक से हुई, और उसी से अमरवीर ने तंत्र-मंत्र की शिक्षा ली। इसके बाद अमरवीर कुछ सालों के लिए टोहाना से गायब हो गया और फिर एक मंदिर के साथ एक घर बनाने के लिए लौट आया। यहां उसके कई महिला फॉलोअर बन गए। 2018 में भी उसके एक परिचित की पत्नी ने मंदिर के अंदर रेप का आरोप लगाया था। हालांकि उस मामले में उसे जमानत मिल गई थी।

## आरएसएस की विचारधारा देश के लिए खतरा : असदुद्दीन ओवैसी

### भागवत ने कहा था कि मुसलमानों को भारत में डरने की कोई जरूरत नहीं है, लेकिन उन्हें अपने वर्चस्व के दावे का त्याग करना चाहिए।

**हैदराबाद।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की विचारधारा देश के भविष्य के लिए खतरा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत द्वारा आरएसएस से जुड़ी पत्रिकाओं 'ऑर्गनाइजर' और 'पांचजन्य' को दिए गए साक्षात्कार पर प्रतिक्रिया देते हुए, ओवैसी ने कहा कि जितनी जल्दी देश के लोग वास्तविक आंतरिक दुश्मनों की पहचान कर लेंगे, उतना ही अच्छा रहेगा। भागवत ने साक्षात्कार में कहा था कि मुसलमानों को भारत में डरने की कोई जरूरत नहीं है, लेकिन उन्हें अपने वर्चस्व के दावे का त्याग करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में रहने वाले मुसलमानों को कोई खतरा नहीं है। अगर वे अपने



विश्वास पर कायम रहना चाहते हैं, तो वे रह सकते हैं और अगर वे अपने पूर्वजों के विश्वास में वापस लौटना चाहते हैं, तो वे लौट सकते हैं। यह पूरी तरह से उनकी इच्छा पर निर्भर है। हिंदुओं में इस प्रकार की कोई जिद नहीं है। इस्लाम को डरने की कोई आवश्यकता नहीं है। लेकिन साथ ही, मुसलमानों को वर्चस्व की अपनी तीखी बयानबाजी का त्याग करना चाहिए। ओवैसी ने कहा कि मोहन भागवत कौन होते हैं जो मुसलमानों को भारत में रहने या धर्म का पालन करने की 'अनुमति' देते हैं? हम भारतीय हैं क्योंकि अल्लाह ऐसा चाहते है।

## खरगे ने किया 21 दलों को 'भारत जोड़ो यात्रा' के समापन समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित

### लिखा, उनकी उपस्थिति से यात्रा के सत्य, करुणा और अहिंसा रूपी संदेश को मजबूती मिलेगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने समान विचारधारा वाले 21 राजनीतिक दलों को श्रीनगर में 30 जनवरी को होने वाले भारत जोड़ो यात्रा के समापन समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

उन्होंने इन दलों के प्रमुखों को लिखे पत्र में यह भी कहा कि उनकी उपस्थिति से यात्रा के सत्य, करुणा और अहिंसा रूपी संदेश को मजबूती मिलेगी। खरगे ने कहा, मैं आप लोगों को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित करता हूं कि श्रीनगर में 30 जनवरी को भारत जोड़ो यात्रा के समापन समारोह में शामिल हों। यह कार्यक्रम महात्मा गांधी की स्मृति को समर्पित है जिन्होंने घृणा और हिंसा की



विचारधारा के खिलाफ अपने अथक संघर्ष में इसी दिन अपना जीवन खोया था। खरगे ने कहा, इस समारोह में हम घृणा और हिंसा से लड़ने, सत्य, करुणा और अहिंसा का संदेश प्रसारित करने तथा स्वतंत्रता, समता, बंधुता और सबके लिए न्याय रूपी संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करने का संकल्प लेंगे। उन्होंने कहा, जब हमारा देश संकट का सामना कर रहा है, लोगों के मुद्दों से व्यवस्थित ढंग से ध्यान भटकाया जा रहा है तो यह यात्रा एक ताकतवर आवाज के रूप में सामने आई है।

मैं आशा करता हूं कि आप लोग उपस्थित होंगे और इस संदेश को मजबूती देंगे। खरगे ने दावा किया कि जब देश आर्थिक, सामाजिक, और राजनीतिक संकट का सामना कर रहा है तथा विपक्ष की आवाज को संसद और मीडिया में दबाया जा रहा है तो उस समय यात्रा लोगों को जोड़ रही है।

भारत जोड़ो यात्रा सात सितंबर को कन्याकुमारी से आरंभ हुई थी और अब पंजाब पहुंची है। पंजाब के बाद यात्रा हिमाचल प्रदेश और फिर जम्मू-कश्मीर जाएगी। श्रीनगर में 30 जनवरी को इस यात्रा का समापन होगा।

### बदमाश के चाकू से हमले में जान गंवाने वाले दिल्ली के एआइएस के परिजन को मिलेंगे 1 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बुधवार को बताया कि 4 जनवरी को बदमाश द्वारा चाकू से एएसआई शंभू दयाल पर हमला करना सांप्रदायिक मामला नहीं है। पुलिस के अनुसार, आरोपी अनीश राज एक अपराधी है व मोबाइल चोरी के आरोप में पकड़ने के दौरान उसने एएसआई पर हमला किया था। बकौल पुलिस, सोशल मीडिया पर कुछ हैंडल्स गलत जानकारी दे रहे हैं।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 4 जनवरी को बदमाश द्वारा चाकू से हमला करने से जान गंवाने वाले एएसआई शंभू दयाल के परिजन को 1 करोड़ रुपए सम्मान राशि देने की घोषणा की है।


उन्होंने कहा, जनता की रक्षा करते हुए एएसआई ने अपनी जान की परवाह नहीं की। हमें उनपर गर्व है। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया था।



दरारें पड़ने से दरक रहे उत्तराखंड के चमोली जिले के जोशीमठ में बुधवार को मौसम का मिजाज बिगड़ने से कड़ाके की ठंड ने पीड़ितों की चिंता और बढ़ा दी। सुबह से ही जोशीमठ में बादल छाए हुए हैं और सामने की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फ गिरने का सिलसिला शुरू हो चुका है, जिससे इलाके में सर्द हवाएं चल रही हैं और पिछले कुछ दिनों के मुकाबले अधिक ठंडक महसूस की जा रही है।



**सेंसेक्स**
9.98 अंक की कमजोरी के साथ 60,105.50 के लेवल पर बंद



**सोना**
89 रुपये बढ़कर 56,126 रुपये प्रति 10 ग्राम



# उतार-चढ़ाव के बाद शेयर बाजार फिर लाल निशान पर बंद हुआ, निवेशकों के 52 हजार करोड़ डूबे

## सेंसेक्स 9.98 अंक (0.017%) की कमजोरी के साथ 60,105.50 के लेवल पर बंद

**नई दिल्ली।** भारी उतार-चढ़ाव के बीच भारतीय शेयर बाजार बुधवार (11 जनवरी) को भी गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 9.98 अंक (0.017%) की कमजोरी के साथ 60,105.50 के लेवल पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 18.45 अंक यानी 0.10% टूटकर 17,895.70 के लेवल पर बंद हुआ। बुधवार के ट्रेडिंग सेशन के दौरान मेटल सेक्टर के शेयरों में मजबूती दिखी। वहीं एफएमसीजी, फार्मा और ऑटो सेक्टर के इंडेक्स मजबूती के साथ बंद हुए। बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.27 फीसदी की कमजोरी के साथ बंद हुआ।



बुधवार के कारोबारी सेशन में उतार चढ़ाव के बीच शेयर बाजार के निवेशकों को करीब 52 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप बुधवार (11 जनवरी) को कम होकर 280.30 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इससे पिछले ट्रेडिंग सेशन में यह 280.82 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह बाजार में निवेशकों को करीब 52 हजार करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा।

सेंसेक्स के 30 में से 14 शेयर बुधवार के दिन तेजी के साथ बंद हुए। इस दौरान सन फार्मा के शेयरों में सबसे अधिक 1.70 फीसदी की तेजी दिखी। अल्ट्राटेक सीमेंट, लर्सन एंड टुब्रो, टीसीएस और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में भी मजबूती दिखी। बुधवार के दिन एयरटेल के शेयरों में 3.37% की गिरावट देखने को मिली। इसके अलावा हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाइटन , रिलायंस इंडस्ट्रीज और नेस्ले के शेयर भी लाल निशान पर बंद हुए।

### सस्ता होने के बाद फिर आसमानी हुआ सोना, चांदी में रिकॉर्ड बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर कीमती धातु की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी सरार्फा बाजार में बुधवार को सोना 89 रुपये बढ़कर 56,126 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबार में सोना 56,037 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी भी 677 रुपये बढ़कर 69,218 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के एक विश्लेषक ने कहा कि दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत 56,126 रुपये प्रति 10 ग्राम, 89 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही थी। घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में मजबूती रुपये में आई थी। विदेशी बाजार में सोना तेजी के साथ 1,882.2 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जबकि चांदी की कीमत 23.88 डॉलर प्रति औंस थी।



# अगले वित्त वर्ष में 6.6% की धीमी रफ्तार से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था, विश्व बैंक का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारत की आर्थिक वृद्धि दर अगले वित्त वर्ष (2023-24) में घटकर 6.6 प्रतिशत रह जाएगी। विश्व बैंक ने यह अनुमान लगाया है। चालू वित्त वर्ष 2022-23 में वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। विश्व बैंक ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर अपने ताजा अनुमान में कहा, हालांकि, भारत सात सबसे बड़े उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं (ईएमडीई) में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा।





वित्त वर्ष 2021-22 में आर्थिक वृद्धि दर 8.7 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2024-25 में वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। बयान में कहा गया है, वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी और बढ़ती अनिश्चितता का निर्यात और निवेश वृद्धि पर असर पड़ेगा। सरकार ने बुनियादी ढांचे पर खर्च और कारोबार के लिए सुविधाओं पर खर्च बढ़ाया है। हालांकि, यह इससे निजी निवेश जुटाने में मदद मिलेगी और विनिर्माण क्षमता के विस्तार को समर्थन मिलेगा। विश्व बैंक ने कहा, वित्त वर्ष 2023-24 में वृद्धि दर धीमी होकर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसके बाद यह घटकर छह प्रतिशत से कुछ ऊपर रह सकती है। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में सालाना आाार पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 9.7 प्रतिशत रही है। इससे निजी खपत और निवेश में वृद्धि का संकेत मिलता है। पिछले साल ज्यादातर समय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर से ऊपर रही। इसके चलते केंद्रीय बैंक ने मई से दिसंबर के बीच प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 2.25 प्रतिशत की वृद्धि की है।

### महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री के ठिकानों पर ईडी की दबिश, चीनी मिल में भ्रष्टाचार मामले में छापेमारी

**नई दिल्ली।** चीनी मिल में भ्रष्टाचार से जुड़े एक मामले में केंद्रीय एजेंसी ईडी ने कार्रवाई की है। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और एनसीपी विधायक हसन मुश्रीफ से जुड़े कई ठिकानों पर ईडी की छापेमारी चल रही है। बुधवार को जांच एजेंसी की ओर से इसकी जानकारी दी गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में ईडी यह छापेमारी कर रही है। यह जांच मुश्रीफ से जुड़ीं कुछ चीनी मिलों के संचालन में कथित अनियमितताओं से संबंधित है। अधिकारियों ने कहा कि सुबह करीब साढ़े छह बजे से मुंबई, पुणे और कोल्हापुर में स्थित परिसरों में ईडी की टीमें छापेमारी कर रही हैं। 68 वर्षीय मुश्रीफ कोल्हापुर के कागल निर्वाचन क्षेत्र से एनसीपी के विधायक हैं। वह एनसीपी के उपाध्यक्ष भी हैं। उधर, एनसीपी नेता हसन मुश्रीफ ने कहा है कि आज सुबह ईडी ने मेरे घर, मेरी बेटी के घर और मेरे रिश्तेदारों के घर पर छापा मारा। मैं अपने कार्यकताओं से अनुरोध करता हूं कि वे शांति बनाए रखें और सरकारी कर्मचारियों को अपना काम करने दें।

# बंबई हाईकोर्ट से जॉनसन &जॉनसन कंपनी को राहत, बेबी पाउडर बनाने और बेचने को मिली अनुमति

## लाइसेंस रद्द करने के महाराष्ट्र सरकार के आदेश को सख्त बताया तथा उसे खारिज कर दिया

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने जॉनसन एंड जॉनसन कंपनी को अपना बेबी पाउडर बनाने, उसका वितरण करने और बेचने की अनुमति देते हुए बुधवार को, कंपनी का लाइसेंस रद्द करने के महाराष्ट्र सरकार के आदेश को सख्त बताया तथा उसे खारिज कर दिया।

न्यायमूर्ति गौतम पटेल और न्यायमूर्ति एस जी दिगे की पीठ ने कंपनी को बेबी पाउडर का उत्पादन करने, उसका वितरण करने तथा उसे बेचने की अनुमति दे दी। पीठ ने कंपनी की राज्य सरकार के दो आदेशों को चुनौती देने वाली एक याचिका पर यह आदेश पारित किया।

राज्य सरकार के दो आदेशों में से एक, एक 15 सितंबर, 2022 को कंपनी का लाइसेंस रद्द करना और दूसरा 20 सितंबर, 2022 को बेबी पाउडर के निर्माण और बिक्री को तुरंत रोकने का आदेश था। व्यवस्था देते हुए पीठ ने कहा कि कॉस्मेटिक उत्पादों के लिए गुणवत्ता और सुरक्षा संबंधी मानकों को बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन किसी एक उत्पाद में इनका मामूली विचलन होने पर पूरी उत्पादन प्रक्रिया को बंद करना उचित नहीं लगता। अदालत ने आदेश में कहा कार्यकारी एक चींटी को मारने के लिए हथौड़े का इस्तेमाल नहीं कर सकता। क्या यह हमेशा अपरिहार्य है कि जब किसी उत्पाद का, (निर्धारित मानदंडों से) विचलन या गैर-अनुपालन का एक मामला हो, तो नियामक प्राधिकरण के पास एकमात्र विकल्प, उत्पादन करने वाली कंपनी का लाइसेंस रद्द कर देना होता है? पीठ ने कहा यह हमें सख्त प्रतीत होता है। ऐसा लगता है कि कार्यकारी कार्रवाई में खामी अथवा अतार्किकता है। ऐसा कुछ भी नहीं है जिससे पता चले कि एफडीए (राज्य खाद्य एवं औषधि प्रशासन) ने याचिकाकर्ता कंपनी के किसी अन्य उत्पाद के लिए या किसी अन्य कंपनी के लिए इस तरह का कड़ा रुख अपनाया है। उच्च न्यायालय ने अपनी व्यवस्था में सरकारी आदेशों को रद्द कर दिया और कंपनी को बेबी पाउडर उत्पादों के निर्माण, वितरण और बिक्री की अनुमति दे दी।



### एक्सिस बैंक में सीनियर सिटीजंस को FD पर मिलेगा 8 फीसदी ब्याज जानें कितनी होगी कमाई

प्राइवेट सेक्टर के बड़े लेंडर्स में से एक एक्सिस बैंक ने 2 करोड़ रुपये से कम की एफडी पर ब्याज दरों में इजाफा किया है। बैंक की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, संशोधित दरें 10 जनवरी, 2023 को प्रभावी हो चुकी है। बदलाव के बाद एक्सिस बैंक अब 7 दिनों से 10 सालों की एफडी पर आम जनता को 3.5 फीसदी से 7 फीसदी तक ब्याज दर दे रहा है। वहीं सीनीयर सिटीजन को समान टेन्योर में 3.5 फीसदी से 7.75 फीसदी तक ब्याज दर देगा.। आम जनता को अब 2 साल से 30 महीने की एफडी नी मैक्सीमम 7.26 फीसदी और सीनियर सिटीजंस को अधिकतम 8.01 फीसदी ब्याज मिलेगा। सीनियर सिटिजंस को अब 7 दिनों से 10 वर्षों में जमा राशि पर 3.50 फीसदी से 7.75% तक की ब्याज दर मिलेगी. बुजुर्ग को उच्चतम ब्याज दर 8.01% है जो 2 साल से 30 महीने की एफडी पर मिलेगी।

# गूगल को 936 करोड़ रुपए के जुमार्ने के मामले में एनसीएलएटी का अंतरिम राहत देने से इनकार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने गूगल को उसपर भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा लगाए गए 936.44 करोड़ रुपये के जुमार्ने के मामले में अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया है। सीसीआई ने गूगल पर यह जुमार्ना प्ले स्टोर नीतियों के संबंध में अपनी दबदबे वाली स्थिति का दुरुपयोग करने के लिए लगाया था। एनसीएलएटी ने गूगल को अगले चार हफ्ते के भीतर उसकी रजिस्ट्री में इस जुमार्ने की दस फीसदी राशि जमा करवाने का निर्देश दिया। अपीलीय न्यायाधिकरण की दो सदस्यीय पीठ ने बुधवार को सीसीआई और अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया। अब मामले पर आगे की सुनवाई 17 अप्रैल 2023 को होगी। पिछले हफ्ते भी अपीलीय न्यायाधिकरण ने गूगल को उसपर भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा लगाए गए 1,337.76 करोड़ रुपये के जुमार्ने का 10 प्रतिशत अदा करने का निर्देश दिया था।





एनसीएलएटी की पीठ ने सीसीआई के जुमार्ने के आदेश के खिलाफ गूगल की याचिका को स्वीकार तो कर लिया था लेकिन जुमार्ने के क्रियान्वयन पर तत्काल रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा था कि वह अन्य पक्षों को सुनने के बाद ही कोई आदेश देगी। सीसीआई ने अक्टूबर में एक सप्ताह से भी कम समय में पारित दो आदेशों के माध्यम से ने गूगल पर 2,200 करोड़ रुपये से अधिक का जुमार्ना लगाया था।

### पिछले साल की तुलना में हीटिंग एप्लायंसेज की मांग में 33%बढ़त दर्ज

**नयी दिल्ली।** भारत के कुछ भागों में इस बार सर्दी ने समय से पहले ही दस्तक दे दी थी जिसके चलते तापमान में गिरावट आनी शुरू हो गई। सर्दियों के साथ ही, देश के कुछ हिस्सों में हीटिंग एप्लायंसेज की मांग भी बढ़ी है और उपभोक्ता ऐसे प्रोडक्ट्स पसंद कर हैं जो स्मार्ट और सेफ्टी फीचर्स से सुसज्जित हों। ऐसा देखने में आया है कि इस साल सर्दियों में हीटिंग एप्लायंसेज की बिक्री में रिकॉर्ड तोड़ बढ़ोतरी दर्ज की गई है। फ्लिपकार्ट द्वारा जारी नवीनतम इन्साइट्स के मुताबिक, पिछले साल की तुलना में, अक्टूबर-दिसंबर की अवधि में, हीटिंग एप्लायंसेज की मांग में 33 फीसदी वृद्धि हुई। उत्तर भारत के कई इलाकों में तापमान भारी गिरावट और फ्लिपकार्ट द्वारा नैक्स्ट-डे डिलीवरी पर जोर देने की नीति के चलते, देशभर में टियर 2 एवं 3 शहरों समेत, जिनमें आरा, दरभंगा, दिल्ली, गया, गाजियाबाद, लखनऊ, मोतीहारी, मुजफ्फरपुर और पटना शामिल हैं, अनेक स्थानों पर हीटिंग एप्लायंसेज की मांग बढ़ गई है।

# मेडबिक्री ने प्री-सीड फंडिंग में 650,000 अमेरिकी डॉलर जुटाए

**नई दिल्ली।** मेडब्रिकी, एक यूनिक इन्वेंट्री मैनेजमेंट एप, के निमार्ता ने घोषणा की है कि उन्होंने प्री-सीड फंडिंग राउंड में 650,000 अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं। प्री-सीड राउंड का नेतृत्व 3 वन4 कैपिटल ने किया था। इसमें अन्य निवेशकों में सिद्धार्थ आहलूवालिया (संस्थापक, 100 एक्स एंटरप्रेन्योर), तेज कपूर (मैनेजिंग पार्टनर, आइवीकैप), संजीव बरनवाल और विदित अत्रे (संस्थापक, मीशो), सौरभ अग्रवाल और मनीष जेठानी (संस्थापक, हेवो टेक्नोलॉजीज), राहुल शर्मा (सह-संस्थापक, जेटवर्क), अमित दमानी (संस्थापक, स्टेविस्टा), और वीरेन प्रसाद शेट्टी (कार्यकारी उपाध्यक्ष, नारायण हेल्थ) शामिल हैं। मेडबिक्री के संस्थापक और सीईओ चुशुल सूरी ने कहा कि भारत में मरीज की स्वास्थ्य से जुड़ी हर जरूरत को पूरा करने के लिए फामेर्सी पहला सेंटर प्वाइंट रहा है। आमतौर से मरीजों को लोकल फार्मासिस्ट पर भरोसा होता है, क्योंकि फार्मासिस्ट उन मरीजों की मेडिकल हिस्ट्री को जानते है।



इस के साथ ही ये फार्मासिस्ट उनके घरों से केवल 5 से 10 मिनट की दूरी के अंदर उपलब्ध होते हैं।

मेडबिक्री ऐप देश भर में फार्मेसियों के लिए मुफ्त में उपलब्ध है। यह एप केमिस्ट/फार्मासिस्ट को खरीदी के बिलों की तस्वीरें अपलोड करके, बिक्री के रिकॉर्ड ,ग्राहकों को ई-चालान और रिमाइंडर भेजकर आसानी से आपकी इन्वेंट्री को अपडेट करने का विकल्प देता है। कम्पनी इस फंड के जरिए टीम बनाएगी, प्रोडक्ट को डेवलप करेगी और पूरे भारत के फार्मेसियों तक मेडबिक्री को पहुँचाएगी। मेडब्रिकी का लक्ष्य पहले छह महीनों में यूपी, एमपी, बिहार, झारखंड, दिल्ली और कर्नाटक में 50,000 केमिस्ट/फार्मासिस्ट को शामिल करना है।

# टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल 1.25 लाख युवाओं को नौकरी दिलाएगी और पूरे देश में 50 नए लैब स्थापित करेगी

**नयी दिल्ली।** दूरसंचार के लिए भारत के प्रमुख कौशल विकास संस्थान टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल (टीएसएससी) ने आज घोषणा की कि उसने सरकार और उद्योग के साझीदारों के सहयोग से दूरसंचार उद्योग के लिए कार्यबल को कौशल प्रदान करने में एक दशक पूरा कर लिया है। भारत में इस वर्ष 5जी को शुरू करने में तेजी आने के साथ तैयार कुशल कार्यबल इस वक्त की सबसे बड़ी जरूरत है। इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए टीएसएससी ने एक लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित करने और टेलको जॉब्स जैसी अपनी प्लेसमेंट पहल के जरिये पूरे देश में 1.25 लाख से अधिक उम्मीदवारों को नौकरी दिलाने की योजना बनाई है। साथ ही इसकी योजना विभिन्न उद्योग संबंधी पुरानी और भावी दूरसंचार नौकरियों के लिए आगामी वर्षों में पूरे भारत में कम से कम 50 नए प्रशिक्षण लैब और सेंटर ऑफ एक्सिलेंस स्थापित करने की है। ये लैब एक हब एंड स्पोक मॉडल के तहत



आईटीआई और प्रमुख विश्वविद्यालयों में स्थापित किए जाएंगे। दूरसंचार विभाग के सचिव श्री के राजारमण ने कहा, पिछले कुछ महीनों में हम विभिन्न कार्यक्रम कराने में सफल रहे और इनमें से एक कार्यक्रम 5जी की शुरूआत में आगामी अवसरों के बारे में सभी राज्य सरकारों को संवेदनशील बनाना है। यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम अन्य देशों की रोजगार की जरूरत और वहां जरूरी मानकों का खाका तैयार करें। यह केवल 5 जी की बात नहीं है, बल्कि आगामी सेमी कंडक्टर प्रौद्योगिकियों, इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण की वृद्धि, उस देश को और वहां आवश्यक विभिन्न कौशल को समझने की बात है जिनसे हमारे विद्यार्थियों का परिचय कराने की जरूरत है। टीएसएससी भी इस उद्योग के साथ गठबंधन करने में काफी पैसा खर्च कर रही है और राज्य सरकारों जैसे अन्य भागीदारों के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि वे धन खर्च करने के मामले में आगे आएं और 5जी एवं इससे जुड़े कौशल पर ध्यान केंद्रित करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हम देशभर में एक डिजिटल अर्थव्यवस्था की नीव डालें। टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल के सीईओ अरविंद बाली ने कहा, आज हमारे के लिए एक बहुत शुभदिन है। हमने कई मार्ग दर्शकों, साझीदारों और गौरवान्वित उम्मीदवारों के साथ 2013 में स्थापना के बाद एक लंबा सफर तय किया है। हम एमएसडीई, मेइटी, दूरसंचार विभाग और एनसीवीईटी का उनके सतत मार्ग दर्शन और सहयोग के लिए विशेष रूप से आभारी हैं। हमने उच्च मूल्य की परियोजनाओं का निर्माण करने के लिए निरंतर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना विस्तार किया।

# एमजी मोटर इंडिया ने ऑटो एक्सपो 2023 में अपने विजन ड्राइव एहेड को पेश किया, यह विजन अभिनव और स्थायित्व के नेतृत्व वाले भविष्य से प्रेरित है

**नई दिल्ली।** एमजी मोटर इंडिया ने ऑटो एक्सपो 2023 में भविष्य की गतिशीलता के लिए अपने विजन ड्राइव एहेड को पेश किया। कंपनी ने भारत में एमजी के विजन के तहत इस प्रदर्शनी में अपने पोर्टफोलियो से प्रॉडक्शन के लिए तैयार 14 वाहनों का प्रदर्शन किया, जो स्थायी, सजग और नई टेक्नोलॉजी पर ब्रैंड के फोकस का प्रसार करती है।



इस कार्यक्रम में एमजी मोटर इंडिया के प्रेसिडेंट और प्रबंध निदेशक राजीव चाबा ने कहा, हम एक ऐसी दुनिया का निर्माण करने की दिशा में काम कर रहे हैं, जो स्थायी, मानवीय और सहज तकनीक से लैस हो। हमारा मकसद एक ऐसा इकोसिस्टम बनाना है, जहां दिमागी सतर्कता और जागरूकता जिंदगी जीने के तरीके बन जाए। हमारे यहां डिस्प्ले किए गए ईवी और एनईवी रेंज के प्रॉडक्ट्स एमजी की प्रतिबद्धता और भारत में पर्यावरण के अनुकूल आवागमन के स्थायी तरीकों को अपनाने के हमारे प्रयासों को दशार्ते हैं। कंपनी ने शो के दौरान ऑटो टेक ब्रैंड के अपने नजरिये का समर्थन करते हुए तकनीकी रूप से बेहद उन्नत, भरपूर सुरक्षा और शून्य कार्बन उत्सर्जन वाले दो इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को पेश किया। इन दोनों इलेक्ट्रिक वाहनों में एक एमजी4, एक प्योर-इलेक्ट्रिक हैचबैक ईवी है, जबकि दूसरा वाहन एमजी ईएचएस एक प्लग-इन हाइब्रिड एसयूवी है। ये दोनों वाहन देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने की आदत को तेजी से बढ़ाने और उसे मजबूत बनाने की एमजी की प्रतिबद्धता की झलक देते हैं। ये दोनों वाहन दूसरे वाहनों की तरह एमजी पैवेलियन में मौजूद लाइन-अप का हिस्सा हैं। दोनों वाहनों का निर्माण भविष्य को ध्यान में रखकर किया गया है और दोनों वाहन नए-नए फीचर्स, नवीनतम तकनीक और स्वच्छ पर्यावरण के प्रति अनुकूलता का बेजोड़ संगम है। इस साल ऑटो एक्सपो के लिए एमजी की थीम ड्राइव एहेड के साथ प्रदर्शनी में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के फोकस पर बिल्कुल खरे उतरते हैं। दोनों वाहन आधुनिक सुरक्षा फीचर्स के साथ मिलते हैं और ड्राइवर को ड्राइविंग का बेहतर सुविधा प्रदान करते हैं। एमजी4 ईवी हैचबैक के केबिन में बैठने के लिए पर्याप्त और खुली जगह है। यह पांच अलग-अलग चार्जिंग के ऑप्शंस से ड्राइविंग में भरपूर सुविधा सुनिश्चित करते हैं। 2022 में लॉन्चिंग के बाद से एमजी4 ईवी हैचबैक की 20 से ज्यादा यूरोपियन मार्केट में बिक्री की गई है, जिसमें जर्मनी, फ्रांस, यूनाइटेड किंगडम (ब्रिटेन), इटली, स्पेन, नॉर्वे और स्वीडन शामिल हैं। *एजेंसी*

## संक्षेप

### बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस और पंजाब एंड सिंध बैंक ने महत्वपूर्ण साझेदारी की

**कानपुर।** सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक जिसका मुख्यालय दिल्ली में है, और बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने अपनी कॉर्पोरेट एजेंसी साझेदारी की घोषणा की है। पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री स्वरूप कुमार साहा और बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री तरुण चुघ ने आज नई दिल्ली में साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए।पंजाब एंड सिंध बैंक ने ऐसा 25वां शेड्यूल कमर्शियल बैंक है जो बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के जीवन लक्ष्य-आधारित उत्पाद सूट को वितरित करने के लिए इसके साथ साझेदारी कर रहा है। इस साझेदारी के बारे में बताते हुए, बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, तरुण चुघ ने कहा, बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस में हम सभी के लिए यह प्रतिष्ठित क्षण है। बैंक के ग्राहकों को विभिन्न खंडों में उनके जीवन लक्ष्यों को हासिल करने हेतु आनंदायक अनुभव प्रदान करने के लिए, हमारे पास व्यापक रूप से उत्पाद एवं सेवाएं उपलब्ध हैं जो प्रौद्योगिकी समर्थित हैं। पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्वरूप कुमार साहा ने कहा, पंजाब एंड सिंध बैंक को हमारे ग्राहकों को उनकी जीवन बीमा जरूरतों के लिए महत्वपूर्ण समाधान प्रदान करने हेतु एक प्रमुख निजी जीवन बीमाकर्ता के साथ साझेदारी करने की खुशी है।

### भारत का पहला स्नैपड्रैगन 8 जेन 2 स्मार्टफोन: आईकू 11

**नई दिल्ली।** असाधारण परफॉर्मेंस और जबरदस्त पावर को साथ लाते हुए आईकू ने आज स्नैपड्रैगन 8 जेन 2 के साथ भारत का पहला स्मार्टफोन - आईकू 11 लॉन्च किया। शक्तिशाली परफॉर्मेंस और इनोवेशन के साथ इसमें स्नैपड्रैगन 8 जेन 2 मोबाइल प्लेटफॉर्म, वी2 चिप और 2के 144 हट्र्ज ई6 एमोलेड डिस्प्ले, आदि शामिल है। नया आईकू 11 भारत में टेक्नोलॉजी लवर कस्टमर को एक संपूर्ण इमर्सिव अनुभव प्रदान करेगा। इसके साथ आईकू ने लीक से हटकर और इंडस्ट्री की लीडिंग सुविधाओं के साथ सर्वश्रेष्ठ टेक्नोलॉजी प्रदान करना जारी रखा हैं। 8जीबी+256जीबी के लिए 59,999 रुपए (प्रभावी मूल्य: 51,999 रुपए) और 16जीबी+256जीबी वैरिएंट के लिए 64,999 रुपए (प्रभावी मूल्य: 56,999 रुपए) की कीमत है। प्राइम अर्ली एक्सेस सेल 12 जनवरी 2023 से शुरू हो रही है, जिसमें उपभोक्ताओं को 1000 रुपए का अतिरिक्त प्राइम डिस्काउंट मिल रहा है और 8जीबी+256जीबी के लिए 50,999 रुपये और 16जीबी+256जीबी वेरिएंट के लिए 55,999 रुपए में सभी नए आईकू 11 का लाभ उठाते हैं। आईकू 11, 13 जनवरी 2023 से आईकू ई-स्टोर और अमेजन.इन पर दोपहर 12 बजे से दो प्रीमियम रंग विकल्पों - लेजेंड और अल्फा में खरीदने के लिए उपलब्ध होगा।

### मोटोरोला एज 30 फ्यूजन को 2023 के शानदार पैनटोन कलर, वीवा मैजेंटा में लॉन्च करने की घोषणा की

**नई दिल्ली।** मोटोरोला ने अपने स्पेशल एडिशन - मोटोरोला एज 30 फ्यूजन को वर्ष 2023 के शानदार पैनटोन कलर, वीवा मैजेंटा में लॉन्च करने की घोषणा की - जो कि ऐसा करने वाला दुनिया का पहला स्मार्टफोन है! 20 वर्षों से अधिक, पैनटोन कलर इंस्टीट्यूट में कलर कंसिस्टेंसी एवं एक्यूरेसी में ग्लोबल एक्सपर्ट्स ने कलर की प्रतीकात्मक प्रकृति को उजागर करने के लिए पैनटोन कलर ऑफ द ईयर की घोषणा की है, जो कि यह दशार्ता है कि किस तरह हमारी कलर चॉइस यह दशार्ती है कि हमारी संस्कृति मं निश्चित समय में क्या हो रहा है। पैनटोन कलर ऑफ द ईयर का चयन सम्पूर्ण वर्ष ग्लोबल ट्रेंड्स और थीम्स का विश्लेषण करके किया जाता है जिसमे समाज के सभी पहलुओं फैशन से लेकर मार्केटिंग, सोशल मीडिया यहां तक कि राजनीति को लेकर विचार किया जाता है। यह शानदार मोटोरोला एज 30 फ्यूजन वर्ष 2023 के लिमिटेड-एडिशन पैनटोन कलर - विवा मैजेंटा में कॉस्मिक ग्रे तथा सोलर गोल्ड के मौजूदा कलर वेरिएंट के साथ उपलब्ध होगा। वीवा मैजेंटा में मोटोरोला एज 30 फ्यूजन की बिक्री 12 जनवरी, दोपहर 3 बजे से विशेष रूप से फ्लिपकार्ट एवं मोटोरोला.इन पर शुरू होगी। इसके अलावा यह स्मार्टफोन रिटेल में भी उपलब्ध होगा, खासकर रिलायंस डिजिटल स्टोर्स में।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल: तीन नई सहकारी समितियों के गठन को हरी झंडी

**नई दिल्ली।** सरकार ने जैविक उत्पाद, बीज और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए तीन नई सहकारी समितियों के गठन का फैसला किया है। बहुराज्य सहकारी समिति अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत राष्ट्रीय स्तर की सहकारी जैविक समिति, सहकारी बीज समिति एवं सहकारी निर्यात समिति का पंजीकरण किया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में इस संबंध में फैसला लिया गया। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, सहकारिता क्षेत्र एक मजबूत अर्थव्यवस्था बनाने और ग्रामीण विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस संदर्भ में, मंत्रिमंडल ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, जो 'सहकार से समृद्धि' के हमारे दृष्टिकोण को आगे बढ़ाएगा। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद केंद्रीय श्रम एवं रोजगार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि सहकारिता- ग्रामीण भारत का अहम हिस्सा है और मंत्रिमंडल ने 35 साल बाद तीन नई बहु सहकारी समितियां गठित करने का अहम फैसला लिया है। बहु-राज्यीय सहकारिता समिति कानून 1984 में लागू किया गया था। वर्ष 1987 में इस कानून के तहत ट्राइफेड (ट्राइबल को-ऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड) को एक राष्ट्रीय स्तर की सहकारी संस्था के रूप में स्थापित किया गया था। उन्होंने कहा कि 35 साल बाद तीन नई बहुराज्य सहकारी समितियां स्थापित की जायेंगी। उन्होंने कहा कि ये समितियां ग्रामीण विकास और किसानों की आय को बढ़ाकर सहकार से समृद्धि (सहकारिता के माध्यम से समृद्धि) के लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मंत्री ने कहा कि प्राथमिक समितियां, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर के महासंघ, बहु-राज्य सहकारी समितियां और किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) सहित सहकारिता सोसायटी इन नई सहकारी समितियों के सदस्य बन सकते हैं।

### सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह में 24.58% की वृद्धि, 14.71 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** देश का सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में 10 जनवरी तक 24.58 प्रतिशत बढ़कर 14.71 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। रिफंड को समायोजित करने के बाद शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 12.31 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 19.55 प्रतिशत अधिक है। यह चालू वित्त वर्ष के लिए शुद्ध संग्रह प्रत्यक्ष करों के कुल बजट अनुमान का 86.68 प्रतिशत है। बजट में चालू वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर संग्रह 14.20 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान लगाया गया था। सकल आधार पर कॉरपोरेट आयकर (सीआईटी) से संग्रह 19.72 प्रतिशत बढ़ा, जबकि व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) से संग्रह 30.46 प्रतिशत बढ़ा। सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है, ''10 जनवरी, 2023 तक प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़ों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है।₹ केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक बयान में कहा है कि 10 जनवरी 2023 तक प्रत्यक्ष कर संग्रह से पता चलता है कि सकल संग्रह 14.71 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले साल की समान अवधि के सकल संग्रह से 24.58 प्रतिशत अधिक है। रिफंड समायोजित करने के बाद सीआईटी संग्रह में शुद्ध वृद्धि 18.33 प्रतिशत और पीआईटी (प्रतिभूति लेनदेन कर सहित) में 20.97 प्रतिशत रही। एक अप्रैल 2022 से 10 जनवरी 2023 के बीच 2.40 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया है जो पिछले साल की समान अवधि के दौरान जारी रिफंड की तुलना में 58.74 प्रतिशत अधिक है।

# बिजली विभाग की चेकिंग में चौदह लोगों पर मुकदमा

**कार्रवाई**

**71 की बत्ती गुल, 8.91 लाख रुपए शमन शुल्क वसूला**



अवर अभियंता ज्योति प्रकाश के नेतृत्व में रजपुरा फेज थ्री में जांच करती विद्युत विभाग की टीम

**भदोही।** शहरी क्षेत्र के लगभग सभी मोहल्लों में बिजली विभाग की टीम द्वारा विद्युत बकायेदारों व कटियामारो के विरुद्ध अभियान चलाकर चेकिंग की गयी। चेकिंग अभियान में बिजली विभाग ने इकहत्तर लोगो का कनेक्शन काटा, आठ लाख 91 हजार रुपए सम्मन शुल्क वसूला व चौदह लोगो पर एफआईआर दर्ज कराया।

चेकिंग अभियान में अवर अभियंता ज्योति प्रकाश के नेतृत्व में बिजली विभाग की टीम ने बत्तीस लोगो का कनेक्शन काटा, 3.50 लाख रुपए की वसूली की, सात लोगो पर एफआईआर दर्ज कराया। अवर अभियंता प्रमोद चौहान ने 19 लोगो का कनेक्शन काटकर 1.75 लाख की वसूली की और तीन उपभोक्ताओं पर एफ आई आर दर्ज कराया। अवर अभियंता सुजीत पटेल ने एक दर्जन लोगो का कनेक्शन काटा 2.56 लाख रुपए वसूली की और दो लोगो पर एफ आई आर दर्ज कराया। अवर अभियंता मनोज कुमार ने आठ लोगो का कनेक्शन काटा, वसूली 1.10 लाख रुपए किया व दो उपभोक्ताओं पर एफ आई आर दर्ज कराया। विद्युत चेकिंग के दौरान अवैध कनेक्शन धारको में हड़कम्प मचा रहा।

बिजली विभाग की चेकिंग के दौरान शहर के विभिन्न मोहल्लों में अफरा तफरी का आलम रहा। उधर चेकिंग के दौरान अवर अभियंता ज्योति प्रकाश ने लोगों से अपील किया कि लोग समय से बकाए बिल का भुकतान करें। अवैध कनेक्शन से बचें जिससे किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े।

### रास्ते से अवैध अतिक्रमण हटवाये गये

**पवांरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जयपालपुर गांव में स्थित गाटा संख्या 834 जो राजस्व अभिलेख में रास्ते के खाते में दर्ज थी उस पर गांव के ही इन्द्रपाल पुत्र प्यारेलाल, अजय पुत्र विजय द्वारा गौशाला बनाकर पुआल आदि रखकर कई वर्षों से अवैध कब्जा किया गया था जिसको बुधवार को राजस्व टीम द्वारा अवैध कब्जा हटवाकर रास्ता अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

### कंटेनर के धक्के से बाइक सवार किशोरी की मौत

**नौपेड़वा।** बक्शा थाना क्षेत्र के सवंसा गांव स्थित ढाबे के समीप कंटेनर के धक्के से बाइक सवार 15 वर्षीय किशोरी की मौत हो गयी। पुलिस ने मौके पर पहुँच शव को कब्जे में ले लिया। थाना क्षेत्र के मई गांव निवासी प्रेमचन्द की पुत्री राधिका बुधवार की शाम अपने मामा अमित व विवेक के साथ बाइक से ननिहाल अजोसी सिकरारा जा रही थी। घटना स्थल के समीप पहुँचे ही थे तभी पीछे से जा रही कंटेनर चालक धक्का मारकर भाग निकला। दुर्घटना में राधिका की मौके पर मौत हो गई जबकि अमित व विवेक को मामूली चोटें आई।

## नगर पालिका अध्यक्ष पद पर सौदागरों की निगाह

**मुंगराबादशाहपुर।** प्रतिष्ठा परक जनपद की मुंगराबादशाहपुर नगर पालिका के अध्यक्ष पद पर अनेक सौदागरों की निगाह लगी हुई है। वह इस पद की आड़ में करोड़ों का हेरफेर करने की जुगत लगाए बैठे हैं। नगर में लगी होर्डिंग और पोस्टरों को देखा जाए तो 1 दर्जन से अधिक उम्मीदवार विभिन्न दलों से अपनी उम्मीदवारी पेश कर रहे हैं। जमीन से लेकर आसमान तक का सौदा करने वाले सौदागर विभिन्न दलों की परिक्रमा कर रहे हैं।

इलेक्ट्रॉनिक से लेकर शिक्षा तथा गरीबों के स्वास्थ्य से लेकर अमीरों की अट्टालिका ऊपर नजर रखने वाले चुनावी समर में कूद पड़े हैं। सूत्रों की मानें तो एक विशेष राजनीतिक दल के आधा दर्जन उम्मीदवार अपने आकाओं के यहां 6 माह से चरण वंदना कर रहे हैं और कुछ तो भगवान की शरण में भी गए हुए हैं। नगर पालिका चेयरमैन पद के उम्मीदवारों की मिठाई पार्टियों के जनपदीय कार्यालयों से लेकर प्रदेश कार्यालय तक मशहूर हो गई हैं। विभिन्न दलों के 1 दर्जन से अधिक उम्मीदवार अभी तक यह नहीं बता सके कि कटरा रोड पर कमासिन ड्रेन का जर्जर पुल कब बनेगा। कर्मचारियों को उनकी देनदारी कब मिलेगी। नगर पालिका पर एक विशेष राजनीतिक दल का हमेशा कब्जा जा रहा है लेकिन यहां के लोग अतिक्रमण की समस्या से जूझ रहे हैं जिससे जाम की स्थिति हमेशा बनी रहती है। सड़क तक दुकानें लगी हुई हैं। रोडवेज बस अड्डे के सामने अवैध अतिक्रमण विराजमान है। न तो किसी उम्मीदवार और न ही नगर पालिका प्रशासन कभी इसे छूने की हिम्मत जुटा पाया। नए परिसीमन में आए गांव नगर पालिका के लिए समस्या से कम नहीं हैं। विभिन्न चुनौतियों के होते हुए विद्वता से परिपूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त अनेक उम्मीदवार धन बल बाहुबल और दल बल के सहारे चुनावी वैतरणी पार करना चाहते हैं। इन उम्मीदवारों में एक विशिष्ट उम्मीदवार ऐसे हैं जिनके यहां हर महीने छापा पड़ता रहता है और उन्हें क्लीन चिट मिल जाती है और जनता देखती रहती है। वैसे अभी आरक्षण की गणित उलझी हुई है। उम्मीदवार अपने आकाओं की गणेश परिक्रमा बहुत कम तापमान में करके चुनाव का ताप बढ़ाए हुए हैं।

## संक्षेप

### जरूरतमंदों में कम्बल वितरण करना पुनीत कार्य : इन्दू सिंह



**मड़ियाहूं।** इस भीषण शीतलहरी में नगर के व्यापारियों द्वारा जरूरत मंदों को कम्बल वितरण करना बहुत ही पुनीत कार्य है। जनपद के हर व्यापारी को इस दिशा में आगे आकर समाज के लिए सहभागिता करना चाहिए। उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष इन्द्रभान सिंह इन्दू ने शाही कटरे में व्यापारियों द्वारा आयोजित कम्बल वितरण समारोह को सम्बोधित करते हुए कही। बतौर विशिष्ट अतिथि प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह ने कहा कि अपने तथा अपने लोगों के लिए तो सभी जीते हैं। समाज के लोगों के लिए जो सोचता है उसकी सोच और जीवन दोनों सार्थक है। इस मौके पर व्यापार मण्डल तहसील अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह उर्फ राजू, नगर अध्यक्ष राशिद हाशमी, युवा अध्यक्ष धर्मेन्द्र सेठ, प्रदीप जायसवाल, प्रबन्धक स्वर्ण सिंह उर्फ टीटू, सुरेन्द्र कुमार जायसवाल, राजेश पाण्डेय, नसीम अहमद, सेराज अंसारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन इफ्तखार अहमद अंसारी ने किया। धन्यवाद ज्ञापित राशिद हाशमी ने किया।

### वाराह कोटि तीर्थ धाम में रह रहे साधुओं को है कंबल और अलाव की दरकार



**थानागद्दी।** प्रदेश में एक साधू की सरकार होने के बावजूद क्षेत्र के साधुओं की दुर्गति हो रही है। शिकायत है कि चन्दवक थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव में स्थित वाराह कोटि तीर्थ धाम में रह रहे पांच साधुओं को भीषण ठंडी में दिन रात गुजारना पड़ रहा है। प्रदेश सरकार ने वाराह कोटि तीर्थ धाम को पर्यटन स्थल तो घोषित कर दिया है लेकिन यहां रह रहे साधुओं का न तो तहसील प्रशासन सुध ले रहा है और न ही कोई स्वयं सेवी समूह या समाजसेवी। सर्दी का मौसम अपने चरम पर है ऐसे में उन्हें आज तक न तो तहसील प्रशासन की ओर से सरकारी कंबल मिला, न ही किसी प्रकार के अलाव की ही व्यवस्था की गई। क्षेत्र के बरामनपुर गांव में स्थित सीमेंट शीट बनाने वाली कम्पनी कोणार्क कम्पनी ने पिछले महीने क्षेत्रीय सांसद वीपी सरोज के हाथों साढ़े आठ सौ असहाय और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए कंबल बंटवाया। इस दौरान कम्पनी ने साधुओं को भी कंबल प्रदान करने की बात कही लेकिन बाद में भूल गई। साधुओं राम बहाल, भानू, पंकज आदि का हाल यह है कि हाड़ कंपा देने वाले इस जाड़े में वे सर्दी का सितम झेलने को विवश है। अपना दर्द साझा करते हुए साधुओं ने बताया कि दिन तो जैसे तैसे बीत जाता है लेकिन रात गुजारना मुश्किल होता है।

### रूस की मकारिया यूनिवर्सिटी ने अरविंद सिंह को दी मानद उपाधि

**गौराबादशाहपुर।** कौन कहता है आसमां में सुराख नहीं हो सकता एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारों इस कहावत को चरितार्थ करते हुए अरविन्द सिंह निदेशक माउंट लिटेरा जी स्कूल, प्रबंधक सुधाकर सिंह फाउंडेशन महाविद्यालय, निदेशक जेकेयसयस इंस्टीट्यूट ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी को उनको शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर दिल्ली के लोधी रोड स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में 8 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम में रूस की मकारिया यूनिवर्सिटी से डॉक्टरेट की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया। अरविन्द सिंह ग्राम पिलखिनी, गौराबादशाहपुर के मूल निवासी हैं। प्रारम्भिक शिक्षा गृह जनपद जौनपुर में किया एवं मुम्बई यूनिवर्सिटी से बीटेक करने के उपरान्त अमेरिका में प्राप्त नौकरी करने के सुअवसर को ठुकराकर नौकरी न करने का निर्णय लिया और अपने जनपदवासियों के लिए कुछ करने का सपना लिए गृह जनपद लौट आये। अपने जनपद के लिए कुछ करने के सपने को साकार करने के लिए प्रबल इच्छाशक्ति, कड़ी मेहनत, निरंतर प्रयास और लगन से शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करते हुए जन कल्याण सेवा समिति इंस्टीट्यूट ऑफ इनफार्मेशन टेक्नॉलजी की स्थापना की एवं हजारों बेरोजगार युवक/युवतियों को प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार देने और स्वावलम्बी बनाने का कार्य किया और जनपद में सुधाकर सिंह महाविद्यालय की स्थापन की जहां से तमाम युवक/युवतियां ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, बीएड, बीटीसी कर लाभान्वित हो रहे हैं।

### थानाध्यक्षों के कार्यक्षेत्र में फेर बदल

**ज्ञानपुर।** जनहित में शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत डॉ. अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा निरीक्षक के कार्य क्षेत्र में फेर बदल किया गया। निरीक्षक छोटक यादव निरीक्षक अपराध औराई से प्रभारी निरीक्षक ऊँज, उ.नि. बृजेश कुमार मौर्या. थानाध्यक्ष ऊँज से थानाध्यक्ष कोईरौना, उ.नि. जयप्रकाश थाना कोईरौना से पुलिस लाईन ज्ञानपुर किया गया।

### बिरहा 14 को

**सुरियांवा।** क्षेत्र के न्याय पंचायत महजुदा में ब्रम्ह बाबा के पास जूनियर हाईस्कूल खरगपुर में मकर संक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी को सुबह 9 बजे से विराट बिरहा मुकबला का आयोजन किया गया है। जिसमें गायक कलाकार सुरेन्द्र यादव मिजार्पुर व गायिका प्रीति पाल प्रयागराज होगी। यह जानकारी दिनेश दादा न दी है।

### सुरियांवा पुलिस का चला चेकिंग अभियान

**सुरियांवा।** अपराध पर अंकुश लगाने हेतु सुरियांवा पुलिस द्वारा वृहद चेकिंग अभियान व पैदल गश्त किया गया। थानाध्यक्ष सुरियांवा राकेश सिंह के नेतृत्व में भारी मात्रा में पुलिस बल ने अपराध पर अंकुश लगाने के लिए वाहनो का संघन चेकिंग किया गया। चेकिंग के दौरान वाहने इधर उधर भागती नजर आयी। साथ ही जिन वाहन स्वामियो के पास लाईसेस के साथ कागजात नही मिले उन कार्रवाई भी की गयी। तत्पश्चात थानाध्यक्ष मय पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर नगरवासियो को सुरक्षा का एहसास कराया।

### गर्भवती महिला से मारपीट करने वाला गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना पड़री, मीरजापुर पर मंगलवार को वादी सुरेश पुत्र स्व0 रामदुलार निवासी देवाही थाना पड़री मीरजापुर द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध एक लिखित तहरीर दी गयी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना पड़री पर धारा 323,504,316 भा0द0वि0 पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। बुधवार को उ0नि0 विजय कुमार सरोज मय टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त की विवेचना के क्रम में थाना पड़री क्षेत्र से घटना से सम्बन्धित 01 अभियुक्त विकास पुत्र सोहन निवासी देवाही थाना पड़री मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

## अपने गांव के परिषदीय विद्यालयों के विकास के लिए करें योगदान

**बैठक**

**विद्यांजली कायाकल्प योजना के तहत सहयोग करने की डीएम ने की अपील**

**बेसिक विद्यालयों में पढ़-लिखकर देश-विदेश में अच्छे मुकाम पर काम कर रहे लोगों से डीएम ने माँगा सहयोग**

**ज्ञानपुर।** जिलाधिकारी गौरांग राठी ने विद्याजलि कायाकल्प योजना के अंतर्गत बेसिक विद्यालयों में पढ़-लिखकर आज देश-विदेश में अच्छे मुकाम पर काम कर रहे लोगों से प्राथमिक विद्यालय के विकास हेतु आर्थिक सहयोग करने का अपील की हैं। प्रेस नोट के माध्यम से डीएम ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में, बच्चों को बेहतर शैक्षणिक परिवेश एवं गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु सरकार द्वारा अत्यन्त महत्वाकांक्षी योजना ऑपरेशन विद्यालय कायाकल्प₹ का संचालन किया जा रहा है, किन्तु सहयोग एवं देख-रेख के बिना इन बच्चों के सर्वांगीण विकास का कार्य शत-प्रतिशत किया जाना सम्भव नहीं।

विद्यांजलि कायाकल्प पोर्टल₹ के माध्यम से ऑनलाइन ही अपने गाँव एवं क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में अपना योगदान देकर जनपद के विकास में साझेदार बन सकते हैं, जैसे, स्कूलों को गोद लेकर, विद्यालय के लिए आर्थिक योगदान कर, विद्यार्थी और विद्यालय के लिए पठन-पाठन सामग्री का योगदान कर, पथ-प्रदर्शक बनकर, बच्चों को छात्रवृत्ति देकर, खेल-कूद एवं अन्य कार्यक्रमों में योगदान करके परिषदीय विद्यालयों के विकास में योगदान कर सकते हैं। इस सम्बन्ध में योगदान के लिए बैंक एकाउंट नम्बर जारी किया है। इच्छुक लोग बीएसए भूपेंद्र नारायण सिंह के मोबाइल नंबर 9453004199 से सारी जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं।

### स्वच्छ भारत मिशन फेज टू को लेकर व्यापार मंडल के साथ बीडीओ ने की बैठक

**सुरियावां।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर स्वच्छ भारत मिशन फेज टू के अंतर्गत अभिया मार्केट को स्वच्छ बनाए जाने हेतु खंड विकास अधिकारी सुरियावां कमलजीत सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को व्यापार मंडल के व्यापारियों के साथ बैठक किया गया। बैठक में स्वच्छता के लिए विभिन्न पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में स्वच्छता अभियान के जिला समन्वयक सरोज पांडेय ने पीपीपी मॉडल पर मार्केट की स्वच्छता एवं साफ-सफाई मजदूर लगाकर नियमित रूप से सफाई कराये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ग्रामीण अंचलों में स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूकता को नई दिशा की तरफ ले जाएगा। इस दौरान तीन ग्राम सभाओं में सम्मिलित अभिया बाजार के तीनों ग्राम सभाओं के प्रधानों द्वारा बराबर की देखरेख किया जाएगा। इस मौके पर एडीओ पंचायत राजनाथ, व्यापार मंडल के पदाधिकारी, ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौके पर उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए बैठक आयोजित



बैठक को सम्बोधित करते न्यायिक अधिकारी

**जौनपुर।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाणी रंजन अग्रवाल के कुशल निर्देशन में 11 फरवरी को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा प्रतिकर के अधिकतम वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में अधिवक्तागण से विचार विमर्श हेतु प्री-ट्रायल बैठक भुदेव गौतम, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण की अध्यक्षता एवं प्रशांत कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयोजन में बुधवार को न्यायालय में समय दोपहर 2:30 बजे आयोजित की गयी।

बैठक में विचार-विमर्श करते हुए पीठासीन अधिकारी भुदेव गौतम द्वारा मोटर दुर्घटना दावा के अधिवक्ताओं को लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित वादों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह-समझौते के आधार पर वादों का निस्तारण कराये जाने का आह्वान किया गया तथा कहा गया कि समझौता पत्र मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में प्रस्तुत कर वादों का निस्तारण कराया जा सकता है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर आप अधिकरण से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं। उनके द्वारा नियमानुसार पूर्ण सहयोग किये जाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर प्रशांत कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी द्वारा उपस्थित समस्त अधिवक्तागण से अपील की गयी कि अधिकाधिक वादों का निस्तारण कराकर लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। उपस्थित अधिवक्तागण द्वारा अधिकतम वादों के निस्तारण कराये जाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर लोक अदालत हेतु गठित एमएसीटी पीठ के सदस्य अधिवक्ता हिमांशु श्रीवास्तव व अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## कंप्यूटरों से सुसज्जित कक्ष का प्रबंधक हाजी अब्दुल रब ने फीता काट कर किया शुभारंभ

**आयोजन**

**फलाहे उम्मत गर्ल्स पी. जी. कालेज में छात्राओं को अब कंप्यूटर की शिक्षा भी मिलेगी**



कंप्यूटरों से सुसज्जित कक्ष का फीता काट कर उद्घाटन करते प्रबंधक हाजी अब्दुल रब अंसारी

**भदोही।** आज टेक्नोलॉजी के दौर में शिक्षा के साथ कंप्यूटर की जानकारी बेहद अहम है। कंप्यूटर की आधुनिक दुनिया की आवश्यकता ने दुनिया भर में कई कंप्यूटर-आधारित पाठ्यक्रमों को जन्म दिया है, जिससे रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं। आज प्रत्येक उद्योग का डिजिटलीकरण किया गया है, इसलिए आईटी कंपनियों और अन्य उद्योगों में कंप्यूटर और उनके अनुप्रयोगों को समझने वाले पेशेवरों के लिए उच्च मांग और गुंजाइश है।

यह बातें फलाहे उम्मत गर्ल्स पीजी कालेज में बुधवार को प्रबंधक व कालीन निर्यातक हाजी अब्दुल रब अंसारी ने कही। कालीन निर्यातक हाजी अब्दुल रब अंसारी ने दस कम्प्यूटरों से सुसज्जित कक्ष का फीता काट कर उद्घाटन किया। प्राचार्या डा. हिना रशीद ने बताया कि दस कंप्यूटर प्रबंधक द्वारा उपलब्ध कराया गया है।जिसके लिए कालेज शिक्षक व सभी छात्राएं आभारी है। उन्होंने कहा कि छात्राओं का उच्च शिक्षा समाज व देश की मजबूती में बेहद अहम है। एक शिक्षित महिला अपने बच्चो को सही मार्गदर्शन देती है।


जो आगे चल कर वही बच्चा समाज को नई दिशा देने का काम करता है। प्रबंधक का कालेज के शिक्षिकाओं डॉ.अजीजा बानो, अर्शी अंसारी, साहिना खातून, जीया किसवर, सिदरा अशरफ, परवीन बानो आदि ने बुके भेट कर स्वागत व आभार जताया।

### वीर नारियों को सम्मानित करने के लिए जुटेंगे पूर्व सैनिक

**मीरजापुर।** चीन, पाकिस्तान और आतंकवाद से लड़ते हुए अपनी जान न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों की वीर नारियों को 14 जनवरी को सम्मानित किया जायेगा। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिले के करीब 2200 पूर्व सैनिक जुटेंगे। नेवी के पूर्व कैप्टन आर.आर. सिन्हा ने बताया कि सैन्य सम्मेलन में भूतपूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों एवं वीर नारियां शामिल होंगी। सम्मेलन में 1962 भारत चीन युद्ध में शहीद सूरज नाथ सिंह यादव, भारत पाक युद्ध 1971 में वीर गति को प्राप्त केशरी सिंह एवं आतंकवादी मुठभेड़ में शहीद रवि सिंह की वीर पत्नियों के साथ ही सभी वीर नारियों एवं 80 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जायेगा। पूर्व कैप्टन श्री सिन्हा ने बताया कि 14 जनवरी, 2023 को जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के परिसर में स्टेशन हेडक्वार्टर, 39 जी.टी.सी. वाराणसी के तत्वावधान में सैन्य सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमे भारत के विभिन्न अभिलेख कार्यालयों तथा सीडीए के प्रतिनिधि के आने की संभावना है।

## मारपीट व अवैध तमंचा के साथ डराने धमकाने के दो आरोपी गिरफ्तार

**जनसंदेश न्यूज**



**भदोही।** बुधवार की सायं थाना औराई क्षेत्र अंतर्गत ठेंगीपुर में आसपास स्थित दो दुकानदारों के बीच ग्राहकों व पुराने विवाद को लेकर कहासुनी के दौरान मारपीट हो गयी।

इस दौरान एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष के दुकानदार के साथ मारपीट व अवैध तमंचा के साथ डराया धमकाया गया, जिससे मौके पर भय व आतंक का माहौल बन गया। घटना के संबंध में आवेदक घनश्याम उपाध्याय पुत्र कमलाशंकर उपाध्याय नि. डिहबड़ागांव थाना औराई जनपद भदोही से प्राप्त तहरीर के आधार पर मु.अ.सं.-7/23 धारा- 323, 504, 506 सहित गंभीर धाराओं में पंजीकृत किया गया। पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त अभियोग से सम्बंधित नामजद दो आरोपियों विष्णु दूबे पुत्र संतोष कुमार दूबे ग्राम डिहबड़गांव थाना औराई जनपद भदोही, चिन्टू उर्फ शशिकान्त तिवारी पुत्र दिनेश कुमार निवासीगण ग्राम कुरौली थाना औराई जनपद भदोही को गिरफ्तार कर कब्जे से एक अदद देशी तमंचा (315 बोर डबल नाल) मय एक अदद जिंदा कारतूस,( 315 बोर) बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही किया गया। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तारशुदा आरोपियों के अन्य आपराधिक कृत्यों में संलिप्तता की जांच कर, सम्बंधित के विरूद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चितकी जाएगी।

## महर्षि आजाद राज्य स्तरीय क्रिकेट महाकुंभ 15 जनवरी से

**सुरियावां।** तेजधर ब्रह्म बाबा खेल समिति व महर्षि आजाद क्रिकेट एसोसिएशन के सौजन्य से सुरियावां क्षेत्र के मेढ़ी मैदान में महर्षि आजाद राज्य स्तरीय क्रिकेट महाकुंभ पन्द्रह जनवरी से प्रारम्भ हो रहा हैं।

खेल समिति द्वारा जोरो शोरो से राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतियोगिता 15 जनवरी रविवार से 29 जनवरी तक महर्षि आजाद स्टेडियम मेढ़ी सुरियांवा मैदान में खेली जाएगी। मुख्य अतिथि के रूप में राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन जिलाधिकारी गौरांग राठी करेंगे व उद्घाटन समारोह के विशिष्टअतिथि पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार होंगे।

आयोजन समिति के अनुसार उक्त टूर्नामेंट में रांची, जमशेदपुर, चंडीगढ़, मुंबई के अलावा उत्तर प्रदेश के लगभग दर्जनभर नामी-गिरामी क्रिकेट टीमें प्रतिभागी कर रही हैं। खेल मैदान में क्रिकेट पिच की तैयारियां शुरू हो गई है, जिसे लेकर मंगलवार को आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव उपाध्यक्ष दिनेश कुमार यादव दादा ने क्रिकेट मैदान का भरपूर जायजा लिया पिछली मौजूदा हालत को देखा और संतोष व्यक्त किया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

## पत्रकार के घर संवेदना जताने पहुंची सियासी हस्तियां

**भदोही।** जंगीगंज निवासी वरिष्ठ पत्रकार बलराम दुबे की पत्नी हीरावती देवी के निधन पर बुधवार को शोक संवेदना जताने तमाम सियासी हस्तियां पहुंची।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, एकमा अध्यक्ष ओंकारनाथ मिश्र, कांग्रेस के प्रदेश महासचिव रहे डॉ.धीरेन्द्र पांडेय, पूर्व ब्लाक प्रमुख दिनेश सिंह, प्रमुख राजनीतिक चिंतक बाबू सूबेदार सिंह, डॉ.अजय शुक्ला, कुंवर प्रमोद चंद्र मौर्य, डॉ.रामजी राव, जयशंकर दुबे, जिला पंचायत सदस्य अंजनी शुक्ला पत्रकार डॉ लक्ष्मीधर चतुर्वेदी,राजमणि पांडेय, दिनेश यादव अरविंद सिंह, राज पांडेय, मुकुंद मिश्रा, अधिवक्ता अनिल पांडेय, आशीष पांडेय, सेवालाल यदुवंशी, श्रीकांत दुबे नरौरी गुरू, विनय पांडेय आदि लोगों ने पहुंच कर शोक जताया है।

## एसडीएम ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठाया सवाल

**यह है हाल**

**ट्रक ने हाइट गेज में टक्कर मार किया क्षतिग्रस्त**

**जनसंदेश न्यूज**



कर्मनाशा पुल के पास ट्रक द्वारा टक्कर मारकर हाइट गेज को किया गया क्षतिग्रस्त।

**बारा।** यूपी-बिहार को जोड़ने वाली कर्मनाशा पुल पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने के लिए सोमवार को लगाए गए नए हाइट गेज को भी ट्रक ने टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे पहले 22 नवंबर 2022 को लगा हाइट गेज को भी एक दिन बाद ही यूपी-बिहार के बालू माफियाओं द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया था।

हालांकि, कर्मनाशा पुल पर ही बारा पुलिस चेक पोस्ट है, जहां 24 घंटे सिपाहियों की तैनाती रहती है। ऐसे में ट्रकों का पुल पार कर जिले की सीमा में प्रवेश करके हाइट गेज को टक्कर मारना बड़े सवाल खड़ा कर रहा है। वहीं, एनएचआई के जेई घनश्याम पांडेय ने कहा कि मौके पर पहुंच कर जायजा लेने के बाद कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम राजेश प्रसाद ने कहा कि कर्मनाशा पुल के साथ आवागमन करने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए हाइट गेज लगाया गया था। जिसे क्षति पहुंचना बहुत बड़ा अपराध है। साथ ही आश्चर्य किए कि पुल पर 24 घंटे पुलिस का पहरा रहने के बावजूद ट्रक जिले की सीमा में प्रवेश कर हाइट गेज को क्षतिग्रस्त कर दे रहे हैं और तैनात पुलिस कर्मी मूक दर्शक बने रह रहे हैं। एसडीएम ने कहा कि रिपोर्ट बनाकर डीएम को भेज दिया गया है। वहीं, एनएचआई के जेई घनश्याम पांडेय ने कहा कि मौके पर पहुंच कर जायजा लेने के बाद पता किया जाएगा कि हाइट गेज कैसे क्षतिग्रस्त हुआ है।

उन्होंने कहा कि इसके पहले भी पुल के दोनों तरफ हाइट गेज लगाए गए थे लेकिन लगने के दूसरे दिन बाद ही यूपी की ओर उसे तोड़ दिया गया तो वहीं बिहार की तरफ लगे हाइट गेज को ऊपर की तरफ मोड़कर धनुषाकार कर दिया गया। जबकि दोनों पुल के दोनों तरफ 24 घंटे पुलिस का पहरा है।

### धड़ल्ले से लाल बालू का काला कारोबार

**बारा।** यूपी-बिहार को जोड़ने वाली कर्मनाशा पुल से बिहार के लाल बालू का काला कारोबार धड़ल्ले से होता है। बिहार के बालू को कर्मनाशा पुल के रास्ते जिले में प्रवेश के साथ ही जहां दलालों की अच्छी कमाई हो जाती है, वहीं ट्रक मालिक भी बिहार के 20 हजार रुपये के बालू का यूपी में प्रवेश करते ही एक लाख रुपये ले लेते हैं। यही कारण है कि पुल पर हाइट गेज लगना दलालों और बालू माफियाओं को रास नहीं आ रही है।

## 20 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार

**मीरजापुर।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। बुधवार को को0कटरा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र से 01 अभियुक्त आशिफ चुडिहारा पुत्र स्व0 मो0 हलिम उर्फ कल्लू निवासी हथिया फाटक थाना को0कटरा मीरजापुर को 20 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना को0कटरा पर धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

# अब कर्णप्रयाग व लैंडोर में भी जमीन धंसनी शुरू



उत्तराखंड के जोशीमठ शहर में जमीन धंसने की वजह से क्षतिग्रस्त घरों की संख्या बढ़ते हुए 723 हो गयी है। इसके साथ ही असुरक्षित करार दिए गए क्षेत्र में पड़ने वाले घरों की संख्या भी 86 हो गयी है। केंद्र से लेकर राज्य सरकार की संस्थाएं जोशीमठ संकट से उबरने की कोशिशों में लगी हुई हैं। लेकिन इसी बीच उत्तराखंड के दूसरे इलाकों में जमीन धंसने की खबरें हैं। जोशीमठ से 80 किलोमीटर दूर चमोली ज़िले के दक्षिण पश्चिम में स्थित कर्णप्रयाग में भी घरों के दरकने की बात सामने आई है। अंग्रेजी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया में प्रकाशित खबर के मुताबिक, अलकनंदा और पिंडर नदी के संगम पर बसे इस शहर के कुछ घरों में दरारें इतनी गहरी हो गयी हैं कि यहां रह रहे दर्जनों परिवारों को नगरपालिका परिषद की ओर से बनाए गए राहत शिविर में रात गुजारनी पड़ रही है।

**आई डरावनी तस्वीर : दर्जनों परिवार राहत शिविरों में रात गुजार रहे हैं**

अखबार की टीम ने इस इलाके का दौरा करते हुए पाया है कि बद्रीनाथ हाइवे के करीब स्थित कर्णप्रयाग के बहुगुणा नगर में दो दर्जन घरों में गहरी दरारें आ गयी हैं और छतें हवा में लटक रही हैं। यहां पिछले 47 साल से रह रहे पूर्व सैनिक गब्बर सिंह रावत कहते हैं, मेरा घर ढहने की कगार पर है। ये घर जिन खंभों पर टिका है, वे झुकने लगे हैं और पिछले साल हुई बारिश के बाद ये समस्या तेजी से बढ़ी है। 85 वर्षीय रावत कहते हैं कि उन्हें 14 लाख रुपये का मुआवजा देने का वादा किया गया था, लेकिन उन्हें अब तक एक रुपया भी नहीं मिला है।



उनका कहना था कि मेरा पूरा परिवार रात होने पर शिविर में जाकर सोता है और सुबह लौट आता है। मैं रात भर यहां अंधेरे में अकेला रहता हूं, लेकिन मैं अपना घर मरने पर ही छोड़ूंगा।

बद्रीनाथ हाइवे की लगभग 150 मीटर सड़क लगातार धंसती जा रही है। स्थानीय निवासियों का मानना है कि अंधाधुंध निर्माण कार्यों के साथ-साथ चारधाम सड़क परियोजना के लिए पर्वतों को काटे जाने और जनसंख्या दबाव बढ़ने की वजह से स्थिति बद से बद्तर हो गयी है।

नगरपालिका परिषद के सदस्य हरेंद्र बिष्ट कहते हैं, मेरे घर के सभी कमरों में दरारें पड़ चुकी हैं। पूरा ढांचा ही जमीन में समाने जा रहा है। ये समस्या जुलाई 2022 के बाद काफी ज्यादा बढ़ गयी। सेवानिवृत्त आपूर्ति निरीक्षक 73 वर्षीय भगवती प्रसाद सती कहते हैं कि बड़ी मशीनों से पहाड़ काटने की वजह से बहुगुणा नगर के आसपास का क्षेत्र अस्थिर हो गया है।

भगवती प्रसाद के मुताबिक, उनका घर देखकर लगेगा कि इसका ये हाल किसी भूकंप में हुआ हो। मुझे लगता है कि इस बार मानसून आते-आते कई घर गिर जाएंगे।

नगरपालिका परिषद के एक सदस्य ने बताया है कि 'जिन परिवारों की आर्थिक क्षमता ठीक है, वे अपने घर छोड़कर किराए पर रहने चले गए हैं। जो परिवार किराया नहीं दे सकते हैं, वे भगवान भरोसे जी रहे हैं। कर्णप्रयाग और जोशीमठ ही नहीं 'क्वीन ऑफ हिल स्टेशन्स' कही जाने वाली मसूरी में इसी तरह के हालात पैदा होते दिख रहे हैं। राज्य सरकार ने मंसूरी के लैंडोर का जियोलॉजिकल सर्वे कराने का निर्देश दिया है। यहां रहने वाले स्थानीय नागरिकों का कहना है कि 'सड़क किनारे बनी इमारतें धंसना शुरू हो गयी हैं। ये जगह पिछले कुछ सालों से धंस रही है, लेकिन पिछले कुछ महीनों में सड़क से लगे घरों और दुकानों में भी गहरी दरारें आ गयी हैं। व्यापारी संघ के अध्यक्ष रजत अग्रवाल कहते हैं, ये दरारें होटल निशिमा के पास लैंडोर बाजार में आ रही हैं, इसके साथ ही एक मंदिर और कोहिनूर बिल्डिंग भी इससे प्रभावित हुई है। उत्तराखंड के मंत्री गणेश जोशी ने लैंडोर का दौरा करके इस क्षेत्र में जियोलॉजिकल सर्वे कराने के निर्देश दिए हैं।

# 32 सौ किलोमीटर, 51 दिन, 50 से ज्यादा पर्यटनस्थल से गुजरेगा गंगा विलास

**अश्विनी कुमार श्रीवास्तव**

**वाराणसी।** भारत में नदियों पर पर्यटन को बढ़ावा देने के उदेश्य से बनाए गये गंगा विलास क्रूज की पसंद पर्यटकों में इस कदर है कि प्रधानमंत्री की ओर से क्रूज को लांच करने के पूर्व ही इसकी बुकिंग अगले दो साल तक के लिए फुल हो गयी है। काशी से डिब्रूगढ़ तक की यात्रा को 52 दिनों में पूरा करने वाले इस क्रूज के माध्यम से पर्यटक कुल 50 से अधिक पर्यटन स्थल को देखते हुए डिब्रूगढ़ के लिए आगे बढ़ेगें, इन स्थानों की सस्कृति, खानपान, लोकगीत, नदियों के रास्तों की रोचकता को विदेशी पर्यटक महसूस करेंगे और उसके बारे में जानेंगे। गंगा की धारा पर तैरते इस क्रूज में ऐसी अत्याधुनिक सुविधाएं दी गयी हैं जिससे 52 दिनों तक पर्यटकों को जमीन पर पैर रखने की जरुरत ही नहीं।

**तैयारी : प्रधानमंत्री 13 को सबसे लंबी यात्रा वाले क्रूज को दिखायेंगे हरी झंडी**

**32 स्विस नागरिकों को लेकर काशी से रवाना होने वाला क्रूज मार्च 2023 में पहुंचेगा डिब्रूगढ़**

**गंगा पर तैरते क्रूज में फाइव स्टार जैसी ऐसी अत्याधुनिक सुविधाएं हैं कि पर्यटकों के जमीन पर नहीं पड़ेंगे पैर**

### 13 को पीएम दिखायेंगे हरी झंडी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 जनवरी को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से दुनिया के सबसे लंबे रिवर क्रूज, एमवी गंगा विलास' को हरी झंडी दिखाएंगे, 51 दिनों में लगभग 3,200 किलोमीटर की दूरी तय करेगा और बांग्लादेश होते हुए असम के डिब्रूगढ़ पहुंचेगा, इस दौरान यह क्रूज भारत एवं बांग्लादेश से गुजरने वाली 27 नदी प्रणालियों के रास्ते अपनी मंजिल तक पहुंचेगा। काशी से शुरू होने वाली इस पहली यात्रा में स्विट्जरलैंड के 32 पर्यटक शामिल होंगे,जो यात्रा की पूरी अवधि के दौरान इसमें रहेंगे।



### 18 सुइट्स, सैलून जिम दुकान, स्वीमिंग पूल

गंगा की धारा पर तैरने वाले इस अत्याधुनिक क्रूज में कुल 18 सुइट्स हैं इसके साथ ही जिम, दुकानें, स्वीमिंग पुल सहित शानदार डाइनिंग रूम है। क्रूज की लंबाई 62.5 मीटर, चौड़ाई 12.8 मीटर और ड्राफ्ट 1.3 मीटर है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त दो फ्लोर वाले इस क्रूज में ओपन स्पेस बालकनी, किचन- शानदार डाइनिंग रूम और स्टडी रूम भी इसमें हैं। गीत-संगीत, लाइब्रेरी, और सांस्कृतिक कार्यक्रम की व्यवस्था भी शिप में है। इसके अलावा एसी इंटरटेनमेंट रूम, स्पा सुविधा युक्त सैलून और दुकानें भी हैं।





### स्थानीय उत्पादों से रूबरू होंगे मेहमान

गंगा विलास क्रूज के राज सिंह ने बताया कि वाराणसी से डिब्रूगढ़ की यात्रा में मेहमानों को उत्तर प्रदेश के ओडीओपी व जीआई उत्पादों से परिचित कराया जाएगा। क्रूज के 18 सुइट्स समेत अन्य स्थानों पर लकड़ी के खिलौने, गुलाबी मीनाकारी, गाजीपुर का वॉल हैंगिंग समेत अन्य उतपादों को डेकोरेशन के तौर पर लगाया जाएगा। साथ ही जिस जनपद में क्रूज रुकेगा वहां के ओडीओपी व जीआई उत्पादों को दिखाया जाएगा। इससे देश के हस्तशिल्पियों के हुनर को नया बजार मिलेगा।







### 51 दिनों की यात्रा का ये है किराया

काशी से शुरू हो रही डिब्रूगढ़ तक की क्रूज की 51 दिनों की इस यात्रा में उन्हें उनके दिनचर्या के लिए हर विधाओं को शामिल किया गया है। जिम के साथ ही स्वीमिंग और सन बॉथ विशेष है। 51 दिनों के इस यात्रा के लिए प्रति यात्री 25 हजार रुपये एक सुइट्स के लिए देना होगा, राज सिंह ने बताया कि एक सुइट्स में दो सैलानी रुक सकेंगे इसके लिए 50 हजार रुपये एक दिन का देय होगा, लेकिन अगर सुइट्स में एक ही व्यक्ति रुकना चाहेगा तो इसके लिए 50 हजार रुपये का 75 प्रतिशत देना होगा।

### लोकप्रियता ऐसी कि दो साल की बुकिंग फुल

गंगा की लहरों पर शुरू हुए इस जलयात्रा के प्रति लोगों की रोचकता इस बात से देखी जा सकती है कि अगले दो साल के लिए इसकी बुकिंग पुरी तरह से फुल है। क्रूज के निदेशक राज सिंह के मुताबिक इसके प्रति लोगों रोचकता बढ़ती जा रही है। कोलकाता से चलने के बाद से ही इसके लिए रोजाना इसके बारे में पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि कोलकाता से वाराणसी तक आने में जिन-जिन रास्तों से क्रूज गुजरा वहां के लिए यह किसी रोचकता से कम नहीं था।

### भारत व बांग्लादेश की नदियों की जानकारी

क्रूज में बैठे सैलानियों को भारत व बांग्लादेश की कुल 27 नदियों के प्रति भी विदेशी मेहमान जान सकेंगे, इसके साथ नदियों की रोचकताओं का भी विदेशी सैलानी लुत्फ ले सकेंगे, गंगा विलास में सैलानियों को उनकी पसंद का ब्रेक फ्रास्ट, लंच और डिनर दिया जाएगा। इसके जरिए विदेशी मेहमान 3200 किलोमीटर का सफर 52 दिन में पूरा करेंगे। भारत और बांग्लादेश के 27 रिवर सिस्टम से यह क्रूज गुजरेगा।

### अपस्ट्रीम में 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार

गंगा विलास क्रूज की अपस्ट्रीम में रफ्तार 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटा है। डाउनस्ट्रीम में इसकी रफ्तार दोगुनी हो जाती है। क्रूज के संचालन में एक दिन में एक हजार लीटर डीजल खर्च होता है। इसकी ईंधन क्षमता 40 हजार लीटर की है। इस लिहाज से 40 दिन तक यह लगातार पानी पर तैर सकता है।

# पोंगल से तमिल नववर्ष का आगाज

**राधेश्याम कमल**

**महिलाएं विवाहित बेटियों को भेंट करती हैं चावल, फल व सब्जियां**

**हनुमान घाट व केदार घाट समेत दक्षिण भारतीय घरों में मनाते हैं पोंगल**

**खिचड़ी का पर्याय है पोंगल...**

चावल के पक जाने पर उठने वाले उबाल को तमिल भाषा में पोंगल कहा जाता है, जिसका सम्बन्धसामान्यतः समृद्धि से है। पोंगल शब्द खिचड़ी का ही पर्याय है जो सम्पूर्ण दक्षिण भारत में मनाया जाने वाला एक प्रमुख, व्यापक और धर्मनिरपेक्ष लौकिक उत्सव है। पारम्परिक रूप से यह सम्पन्नता को समर्पित त्यौहार है, जिसे खरीफ की फसल की सफल परिसमाप्ति पर मकर संक्रांति (14 जनवरी) के दिन मनाया जाता है। इसी दिन सूर्य का दक्षिणायन से उत्तरायण में मकर राशि में प्रवेश होता है। पोंगल का महत्व इसलिए भी है क्योंकि यह तमिल महीने की पहली तारीख को आरम्भ होता है। इस पर्व का इतिहास कम से कम 1000 वर्ष पुराना है। इसे तमिलनाडु के अलावा देश के अन्य कई स्थानों पर रहने वाले तमिल उत्साह से मनाते हैं। काशी में हनुमान घाट एवं केदार घाट पर भी पोंगल का उत्सव घर-घर में देखा जा सकता है। इस दिन हर दक्षिण भारतीय घरों व आंगन में पोंगल से सम्बंधित कोलम की छटा देखने लायक रहती है, जिनमें विशेष रूप से समृद्धि के द्योतक गन्ने एवं चावल की हांडी को उबाल के साथ दिखाया जाता है। दक्षिण भारत की ग्रामीण लौकिक प्रथा के अनुसार पोंगल के दिन हर माता अपनी विवाहित पुत्रियों को मिट्टी के बरतन, चावल, फल, सब्जियां, केशर, गन्ना आदि की भेंट भेजती हैं। इन भेटों का आदान-प्रदान पूर्ण आस्था से और समारोहपूर्वक होता है। यदि कोई माता इस कर्तव्य से चूक जाय, तो लड़की की सास इस अपराध को मरते दम तक नहीं भूलती और जीवन पर्यन्त कोसती रहती हैं।







इस त्यौहार पर गहन शोध कर रहे डॉ. गणेशन बतातें है कि यह वर्ष का वह समय होता है, जब किसानों-जमींदारों के भण्डार अनाज से भरे होते हैं और जेब में रुपया भी खनकता रहता है। अतः हर आदमी दिल खोल कर इस आनन्द का उपभोग करता है और उदारतापूर्वक दूसरों को भी उसमें सहभागी बनाता है। यह एक मात्र उत्सव है जो हमेशा एक निश्चित दिन, तईमासम की प्रतिपदा (अंग्रेजी तारीख के अनुसार 14 जनवरी) को मनाया जाता है। पूर्णतया प्रकृति को समर्पित यह त्योहार फसलों की कटाई के बाद आदिकाल से ही मनाया जा रहा है। तिरुवल्लुर के मंदिर में प्राप्त शिलालेख में मिलता है कि किलूदूंगा राजा पोंगल के अवसर पर जमीन और मंदिर गरीबों को दान में दिया करते थे। इस अवसर पर नृत्य समारोह एवं सांड के साथ साहसी जंग लड़ने की प्रथा थी। उस समय जो सबसे शक्तिशाली होता था, उसे आज के दिन कन्याएं वरमाला डालकर अपना पति चुनती थी।

## कैसे की जाती है पोंगल पर्व मनाने की तैयारी

पोंगल उत्सव के दौरान घरों व मकानों को चूना सफेदी से साफ करके रंग-रोगन करके सजाया जाता है। सजावट की हर वस्तु को कील-कांटे से लैस करके लकदक रखा जाता है। हर ओर उत्साह का वातावरण रहता है। महिलाएं पूरे घर-आंगन में कोलम की सजावट करतीं है। पोंगल पर्व को चार दिवस तक मनाने का रिवाज है। इसमें पहले दिन को भोगी पोंगल कहते हैं। इसमें पहले दिन इंद्रदेव की पूजा की जाती है। इसे भोगी पोंगल इसलिए कहते हैं क्योंकि देवराज इन्द्र भोग विलास में लिप्त रहने वाले देवता माने जाते हैं। वर्षा एवं अच्छी फसल के लिए लोग इंद्रदेव की पूजा एवं आराधना पोंगल के पहले दिन करते हैं। इस दिन संध्या समय में लोग अपने-अपने घर से पुराने वस्त्र कूड़े आदि लाकर एक जगह एकत्र करके उसे जलाते हैं। यह ईश्वर के प्रति सम्मान एवं बुराईयों के अंत की भावना को दर्शाता है। इस अग्नि के इर्द-गिर्द युवा रात भर भोगी कोट्टम बजाते हैं जो भैंस की सींग का बना एक प्रकार का ढ़ोल होता है।

सूर्यन पोंगल- पोंगल की दूसरी पूजा सूर्य पूजा के रूप में होती है, इसे सूर्यन पोंगल कहते हैं। सूर्य का उत्तरायण काल में प्रवेश ही पोंगल पर्व मनाने का प्रमुख संदर्भ है। इसी दिन वनस्पति-सृष्टि के अधिष्ठाता भगवान सूर्य को पोंगल (नयी फसल में कटे हुए चावल का भात) का भोग लगाया जाता है। सूर्य को चढ़ाए जाने वाले इस प्रसाद को सूर्य के प्रकाश में ही बनाया जाता है। खेतों और बागों की अन्य पैदावार- गन्ना, लौकी, काशीफल, वल्लीकंद आदि प्राकृतिक सम्पदा को समारोहपूर्वक सजाकर प्रदर्शन किया जाता है। मिट्टी के नये घड़े को केशर-कुंकुम से चर्चित करके और दूध और पानी के मिश्रण से भरकर आग के चूल्हे पर चढ़ा दिया जाता है। चूल्हा मकान के आंगन या बरामदे में, और वहां जगह न हो तो प्रवेश द्वार के सामने सड़क पर बनाया जाता है। चहुँओर कोलम (रंगोली) बनाई जाती है। परिवार के सभी सदस्य वहां एकत्र होते हैं। दूध में उबाल आते ही परिवार का सबसे बड़ा या सबसे छोटा सदस्य (जो भी उस रोज उपलब्ध हो), भक्तिभावपूर्वक उस मिटटी की हांडी में नयी फसल के चावल डालता है। कुछ देर तक चावल को पकने दिया जाता है। पक जाने पर उसमें विभिन्न प्रकार के मेवा मसाले डाले जाते हैं ताकि स्वाद और महक में कोई कमी न रहे। हांडी में उबाल आते ही लोग पोगलों-पोंगल (पोंगल की जय हो) के उद्घोष व जयकार करते हैं। फिर तीन पत्तलों पर पके हुए पोंगल को परोस कर भगवान सूर्य को भोग लगाया जाता है। इष्टदेवता और कुल देवता सहित सारे देवी-देवताओं का आवाहन करके अगले पोंगल तक परिवार के लिए सुख-समृद्धि-सौभाग्य का आशीर्वाद मांगा जाता है। कपूर जलाकर समस्त देवगण की आरती उतारी जाती है। फिर सभी पोंगल का प्रसाद ग्रहण करते है। इस दिन सभी सगे संबंधी और इष्ट मित्र एक-दूसरे का अभिवादन भी पारंपरिक प्रश्नोत्तरों से करते हैं- उबाल आ गया? तदनुरूप उत्तर भी दिया जाता है।

माट्ट पोंगल- तीसरे दिन को माट्टू पोंगल के नाम से मनाया जाता है। तमिल मान्यताओं के अनुसार माट्ट भगवान शंकर का बैल है जिसे एक भूल के कारण भगवान शंकर ने पृथ्वी पर रहकर मानव के लिए अन्न पैदा करने के लिए कहा और तब से पृथ्वी पर रहकर कृषि कार्य में मानव की सहायता कर रहा है। इस दिन किसान अपने बैलों को स्नान कराते हैं। उनके सींग में तेल लगाते हैं एवं अन्य प्रकार से बैलों को सजाते हैं। बैलों को सजाने के बाद उनकी पूजा की जाती है। बैल के साथ ही इस दिन गाय और बछड़ों की भी पूजा की जाती है।

कन्नु पोंगल- चार दिनों के इस त्यौहार के अंतिम दिन कन्नु पोंगल मनाया जाता है, जिसे तिरूवल्लूर के नाम से भी लोग पुकारते हैं। इस दिन घर को सजाया जाता है। आम के पल्लव और नारियल के पत्ते सेदरवाजे पर तोरण बनाया जाता है। महिलाएं इस दिन घर के मुख्य द्वार पर कोलम यानी रंगोली बनाती हैं। इस दिन पोंगल बहुत ही धूम-धाम के साथ मनाया जाता है। लोग नये वस्त्र पहनते हैं और दूसरे के यहां पोंगल और मिठाई भेंट के तौर पर भेजते हैं। इस पोंगल के दिन ही बैलों की लड़ाई होती है जो जल्लीकट्टु के नाम से काफी प्रसिद्ध है। रात्रि के समय लोग सामुदायिक भोजन का आयोजन करते हैं और एक दूसरे को मंगलमय वर्ष की शुभकामना देते हैं।